वर्ष- 12 अंक - 245
लखनऊ, रविवार 27 अप्रैल 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



एक देश-एक चुनाव, देश की जरूरत : केशव प्रसाद मौर्य 03

तेज रफ्तार एंबुलेंस पर पलटा ट्रक, चार की मौत, दो घायल 12

## संक्षिप्त समाचार

### कैलाश मानसरोवर यात्रा : वेबसाइट से शुरु हुए आवेदन

**नई दिल्ली।** कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 का आयोजन जून से अगस्त के बीच किया जाएगा। यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया वेबसाइट पर शुरू कर दी गई है। विदेश मंत्रालय की ओर से आयोजित इस पवित्र तीर्थ यात्रा में इस वर्ष कुल 15 बैच भेजे जाएंगे। इनमें से 5 बैच उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से और 10 बैच सिक्किम के नाथू ला दर्रे से यात्रा करेंगे। हर बैच में 50 यात्री शामिल होंगे । यानी इस वर्ष 750 यात्री कैलाश मानसरोवर की यात्रा कर सकेंगे। विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में वक्तव्य जारी कर कहा कि यात्रियों का चयन एक निष्पक्ष, कम्प्यूटर जनित और महिला-पुरुष संतुलन प्रक्रिया से किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और डिजिटल है। 2015 से ही यह प्रणाली पूरी तरह से कम्प्यूटराइज्ड हो गई है।

### प्रसिद्ध इतिहासकार नारायणन का 93 की उम्र में निधन

**कोझिकोड।** भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) के पूर्व अध्यक्ष एमजीएस नारायणन का शनिवार को निधन हो गया। वह उम्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित थे और कुछ समय से बीमार चल रहे थे। नारायणन ने 93 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली, उनका अंतिम संस्कार आज ही किया जाएगा। केरल के रहने वाले नारायणन ने प्रदेश के एतिहासिक अध्ययनों को आकार देने में अपनी अहम भूमिका निभाई। साल 1976 से 1990 तक वह कालीकट विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष रहे और 2001 से 03 तक आईसीएचआर के प्रमुख रहे। नारायणन ने पुस्तकालय और केरल इतिहास और संस्कृति का संग्रहालय स्थापित करने में मदद की। उनके प्रयासों से छात्रों के बीच इतिहास को लेकर दिलचस्पी बढ़ी।

### भारतीय फिल्म ए डॉल मेड अप को कान्स में मिली जगह

**नई दिल्ली।** सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान की एक छात्र फिल्म ए डॉल मेड अप ऑफ क्ले को 78वें फेस्टिवल डे कान्स 2025 में प्रतिष्ठित ला सिनेफ सेक्शन में जगह मिली है। इस श्रेणी में एकमात्र भारतीय प्रविष्टि के रूप में यह फिल्म भारत की सिनेमाई शिक्षा यात्रा में एक महत्वपूर्ण है। पुस में 13 से 22 मई 2025 तक कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होगा। शनिवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की तरफ से जारी की गई जानकारी में बताया गया है कि एसआरएफटीआई के फिल्म और टेलीविजन विभाग के तहत निर्मित यह 23 मिनट की प्रयोगात्मक फिल्म सीमा पार सहयोग को दर्शाती है। छात्र साहिल मनोज इंगले द्वारा निर्मित और आईसीसीआऱ अफ्रीकी छात्रवृत्ति के तहत इथियोपियाई छात्र कोकोब गेब्रेहावेरिया टेस्फ़े द्वारा निर्देशित यह फिल्म वैश्विक सिनेमाई नवाचार का उदाहरण है।

### 26/11 हमले से मेरा कोई लेना-देना नहीं : तहव्वुर राणा

**नयी दिल्ली।** 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाने वाले तहव्वुर हुसैन राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाला दावा किया। राणा ने 26/11 आतंकी हमले से अपना पल्ला पूरी तरह से झाड़ लिया है। अधिकारियों ने बताया कि खुद को इस हमले से पूरी तरह बेगुनाह बताते हुए राणा ने कहा कि उसे 26/11 हमले से कोई लेना-देना नहीं है। इस हमले के लिए उसने अपने दोस्त डेविड कोलमैन हेडली को जिम्मेदार ठहराया है।

# नया भारत किसी को छेड़ता नहीं छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं : योगी

- 400 गांव, ढाई लाख आबादी, 10 हजार हेक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाव में मिलेगी मदद

समृद्धि न्यूज

**लखीमपुर खीरी।** सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लखीमपुर खीरी के पलिया तहसील पहुंचे, जहां उन्होंने शारदा नदी की सफाई एवं चैनेलाइजेशन परियोजना का निरीक्षण किया। सीएम का उड़न खटोला (हेलीकॉप्टर) पलिया पहुंचते ही प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की निंदा करते हुए यूपीवासियों की ओर से संवेदना व श्रद्धांजलि व्यक्त की। सीएम ने कहा कि नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को पीएम मोदी के नेतृत्व में छोड़ेगा भी नहीं। जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत ही यूपी को माफिया, अराजकता, दंगा मुक्त किया और यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में लाकर खड़ा किया। सीएम योगी ने कहा कि पिछले वर्ष पलिया व निघासन क्षेत्र के लोगों को बाढ़ से जूझते हुए देखा था, तब मैंने कहा था कि चिंता न कीजिए, इसके स्थायी समाधान का रास्ता निकालेंगे। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जलशक्ति विभाग बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए शारदा नदी को चैनलाइज करने जा रहा है। इससे किसान का खेत भी बचेगा और बाढ़ से बस्ती भी बचेगी। सात किमी. लंबा चैनल बनाने का कार्य हो रहा है। सीएम ने बताया कि अप्रैल के पहले सप्ताह में आना था, लेकिन मैंने कहा कि पहले काम शुरू करो। अब यह कार्य तेजी से बढ़ रहा है। पहले प्रस्ताव आया था कि 180 करोड़ से तटबंध बनाया जाए। 10 जून तक पूरा करें कार्य मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि 180 करोड़ का काम मात्र 22 करोड में हो सकता है तो इस कार्य को 10 जून तक पूरा कर दीजिए। मानसून आएगा तो पानी पलिया, निघासन या लखीमपुर खीरी की तरफ नहीं जाएगा, बल्कि सरयू जी में मिलकर आगे बढ़ जाएगा। यदि इसे चैनलाइज कर देंगे तो पानी बिखरेगा नहीं, अपने रास्ते तय करते हुए आगे बढ़ जाएगा, जिससे किसान भी सुरक्षित रहेगा और उसकी खेती, घर, फसल, पशुधन भी सुरक्षित रहेगा। बाढ़ से जन-धन की हानि नहीं होगी।



### सीएम आज करेंगे गंगा एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण, परखेंगे तैयारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक है। पहले यह निरीक्षण 28 अप्रैल को प्रस्तावित था, लेकिन अब यह रविवार को निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री तीन जिलों (हरदोई, शाहजहांपुर और हापुड़) में एक्सप्रेस निर्माण की जमीनी स्थिति का जायजा लेंगे। योगी सरकार उत्तर प्रदेश को इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना पर सीएम योगी का विशेष फोकस है और उनका प्रयास है कि जल्द से जल्द यह परियोजना पूर्ण हो, ताकि व्यापक पैमाने पर प्रदेशवासियों को इसका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री योगी रविवार को निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे का भ्रमण करेंगे।

### सबकी सुरक्षा के लिए कार्य कर रहा शासन

मुख्यमंत्री योगी ने सपा को घेरते हुए कहा कि विकास, महिला, युवा, किसान विरोधी लोगों को जब शासन का अवसर मिला था तो वे लोग किसानों को आत्महत्या, युवाओं को पलायन पर मजबूर करते थे। पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देकर बेटी, बहन व व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाते थे। आज शासन सबकी सुरक्षा के लिए मजबूती से कार्य कर रहा है। कांग्रेस व सपा जाति के नाम पर समाज को बांट रही है। यह छत्रपति शिवाजी, राणा सांगा का अपमान क्रूर औरंगजेब-बाबर का महिमामंडन करते हैं। अखिलेश यादव जिन्ना का महिमा मण्डन किया था।

### सीएम के हाथों मिला सम्मान

सीएम योगी ने भोलेराम, बालचंद्र, पृथ्वी लाल को ट्रैक्टर व मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी सनेव, मीना देवी, नीतू, कुसुमा, रीमा को आवासों की चाबी दी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 358 समूहों को रिवाल्विंग फंड तथा 882 समूहों को सीआईएफ का डेमो चेक (14 करोड़, 30 लाख, 40 हजार) दिया गया। यह चेक सुनीता देवी, रेनु, अर्चना, शबाना, रंजू देवी ने प्राप्त किया। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थी अहिल्या राणा, वैशाली दिवाकर, हिमांशु जायसवाल, विनीत कुमार पटेल और रचित अग्रवाल को सीएम ने चेक प्रदान किया।

## आतंकी घटना कायरतापूर्ण सरकार उठाए ठोस कदम : सपा प्रदेश अध्यक्ष



पत्रकारों से रुबरु होते प्रदेश अध्यक्ष व मौजूद सपा जिलाध्यक्ष आदि

- अग्निवीर से सेना की भर्ती व सेवा क्षमता हुई कमजोर
- शहीदों के परिजनों के साथ खड़ी है सपा

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद।** पहलगाम में आतंकियों द्वारा की गयी जघन्य घटना निंदनीय है। ऐसी स्थिति में सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। जिससे आतंकी दोबारा इस प्रकार की घटना करने की हिमाकत न कर सकें। यह बात समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। वह फर्रुखाबाद जनपद में एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने आये थे।

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव के पुत्र के विवाह उपरान्त आशीर्वाद समारोह में शामिल होकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पत्रकारों से रुबरू होते हुए उन्होंने पहलगाम में हुई आतंकी घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी इस कायरतापूर्ण घटना की कड़ी निंदा करती है और केंद्र सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ ठोस कदम उठाने की मांग करती है। उन्होंने शहीदों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ है।

### अग्निवीर योजना व वन नेशन-वन इलेक्शन पर बोले

अग्निवीर योजना का विरोध करते हुए कहा कि इससे सेना की भर्ती और सेवा क्षमता कमजोर हुई है, जिससे देश की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। सेना में पर्याप्त भर्तियां ना होना भी एक प्रमुख कारण है। वन नेशन-वन इलेक्शन के सवाल पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा सरकार शिक्षा व्यवस्था को पूंजीपतियों के हाथों सौंप रही है। जिससे गरीब बच्चे उच्च कोटि की शिक्षा से दूर होते जा रहे हैं।

### आरक्षण पर हमला और भाजपा सरकार पर आरोप

उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि एससी-ओबीसी आरक्षण को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर किया जा रहा है और सरकारी भर्तियों में इनके अधिकारों का हनन हो रहा है। सपा प्रदेश अध्यक्ष बोले कि हमारी पार्टी इसका पुरजोर विरोध करेगी।

### नेताजी मुलायम सिंह यादव के योगदान का स्मरण

उन्होंने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने ही लोक सेवा आयोग में अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त करवाई थी, जिससे समान अवसर सुनिश्चित हुआ।

## देवबंद की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से तीन लोगों की मौत, मचा हड़कंप

- फैक्ट्री के संचालक तीन लोग हिरासत में

समृद्धि न्यूज

**देवबंद (सहारनपुर)।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के देवबंद कोतवाली क्षेत्र के जड़ौदा जट्ट गांव में चल रही लाइसेंसी पटाखे की फैक्ट्री में शनिवार सुबह विस्फोट हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में फतेहपुर निवासी राहुल कुमार (25), गुनारसा निवासी विशाल (22) और जड़ोदाजट निवासी विकाश (20) शामिल हैं। तीनों मृतक दलित वर्ग के हैं।

धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनी गयी और इसके कारण वहां हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। सहारनपुर के आला पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी मनीष बंसल ने पत्रकारों को बताया कि फैक्ट्री के संचालक तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। विस्फोट में करीब तीन लोगों की मौत हो गई हैं। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना से आक्रोशित आसपास के गांव के लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया।

## सुरक्षाबलों के ऑपरेशन का प्रसारण न करे मीडिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देश के सभी न्यूज चौनलों, मीडिया प्लेटफार्मों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए एक सख्त एडवाइजरी जारी की।

एडवाइजरी में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा संबंधी अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज, रियल-टाइम रिपोर्टिंग या स्रोतों पर आधारित जानकारी का प्रसारण पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। एडवाइजरी में कहा गया, रक्षा ऑपरेशन या मूवमेंट




से संबंधित कोई भी वास्तविक समय कवरेज, दृश्यों का प्रसार या स्रोत-आधारित जानकारी के आधार पर रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा अनजाने में शत्रुतापूर्ण तत्वों की सहायता कर सकता है और परिचालन प्रभावशीलता और कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकी हमले (26/11) और कंधार अपहरण जैसी घटनाओं के दौरान, अप्रतिबंधित कवरेज ने राष्ट्रीय हितों पर अनपेक्षित प्रतिकूल परिणाम दिए। मीडिया, डिजिटल प्लेटफार्म और व्यक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानूनी दायित्वों के अलावा, यह सुनिश्चित करना एक साझा नैतिक जिम्मेदारी है कि हमारे सामूहिक कार्यों से चल रहे ऑपरेशन या हमारे बलों की सुरक्षा से समझौता न हो। एडवाइजरी के अनुसार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने पहले ही सभी टीवी चैनलों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 के नियम 6(1)(पी) का पालन करने के लिए सलाह जारी की है।

### यूपी बोर्ड : सन्निरिक्षा के लिए आवेदन 19 मई तक

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा से सम्बंधित उत्तर पुस्तिकाओं की सन्निरिक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 19 मई निर्धारित है। यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने बताया है कि सन्निरिक्षा शुल्क 500 रू. प्रति प्रश्नपत्र की दर से निर्धारित है। इसके लिए आवश्यक निर्देश परिषद् की वेबसाइट ''यूपीएमएसपी ईडीयू इन'' पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा करेंगे।

### पिकअप ने 11 सफाई कर्मचारियों को कुचला सात की मौत, चार गंभीर

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले में गुरुग्राम के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गंभीर सड़क हादसा हो गया। इस घटना में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों को भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर नूंह थाने की फिरोजपुर झिरका सीमा पर इब्राहिमवास गांव के पास एक बेकाबू पिकअप गाड़ी ने 6 महिलाओं समेत 11 सफाई कर्मचारियों को कुचल दिया।

## आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद

एजेंसी

**श्रीनगर।** कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। सुरक्षाबलों ने मौके से पांच एके-47 राइफल, आठ एके-47 मैगजीन, एक पिस्तौल और एक पिस्तौल मैगजीन बरामद की है।

शुक्रवार को एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशेष खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के मुश्ताकाबाद माछिल (समशा बेहक वन क्षेत्र) के सेदोरी नाला के जंगली इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एक आतंकवादी ठिकाने का सफलतापूर्वक पता लगाया गया।

अधिकारी ने बताया कि आतंकवादी ठिकाने की तलाशी लेने के दौरान मौके से पांच एके-47 राइफल, आठ एके-47 मैगजीन, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, गोला-बारूद के 660 राउंड, एक पिस्तौल राउंड और एम4 गोला-बारूद के 50 राउंड समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि गोला बारूद जब्त करने के बाद ठिकाने को नष्ट कर दिया गया है।

### सुल्तानपुर लखनऊ हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में तीन की दर्दनाक मौत

**हैदरगढ़-बाराबंकी।** जनपद अमेठी के थाना कमरौली के पूरे हरदयाल गांव निवासी बृजेश पुत्र गुरु प्रसाद 25 वर्ष,इसी थाना के राम सिंह का पुरवा गांव निवासी अंकित वर्मा पुत्र छोटेलाल 18 वर्ष, मोहनगंज थाना क्षेत्र के धूत का पुरवा गांव निवासी ललित रावत पुत्र शिवकुमार 22 वर्ष शुक्रवार की रात हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बेलवा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। चौबीसी गांव के समीप एक अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराकर खड़ा हो गया था। पीछे से आए बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में घुस गए। जहां पर तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। -विस्तृत खबर पेज 8 पर

## हिज्ब-उत-तहरीर के झारखंड मॉड्यूल का खुलासा

- एटीएस ने महिला समेत चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया

एजेंसी

**रांची।** आंतकवाद निरोधी दस्ता ने शनिवार को एक बड़े आतंकी संगठन के झारखंड विंग का खुलासा करते हुए एक महिला समेत चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है।

सभी गिरफ्तार संदिग्ध प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर से जुड़े हुए हैं, सभी की गिरफ्तारी धनबाद के वासेपुर से की गई है। झारखंड में प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर के झारखंड मॉड्यूल का खुलासा किया गया है। झारखंड एटीएस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद जिले में छापेमारी कर इस मॉड्यूल का खुलासा किया है। हिज्ब उत तहरीर को विधि-विरूद्ध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम-1967 के तहत 10 अक्टूबर 2024 को भारत सरकार की ओर से प्रतिबंधित किया गया है। झारखंड एटीएस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि हिज्ब उत तहरीर, अलकायदा अकीस, आईएसआईएस अन्य युवकों को अपने नेटवर्क से जोड़कर सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों के जरिये गुमराह कर रहे हैं।

### बीएसएफ ने पकड़ा पाकिस्तानी ड्रोन व ड्रग

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने सीमा पार से होने वाली हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई कर पंजाब के अमृतसर व तरनतारन से हथियार व ड्रग बरामद किया है। पंजाब में कई समन्वित सर्च अभियानों के दौरान मैगजीन के साथ एक पिस्तौल, एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन और संदिग्ध हेरोइन के 4 पैकेट (कुल वजन लगभग 1.935 किलोग्राम) बरामद किए। बीएसएफ ने अमृतसर के गांव दाओके में एक खेत से 302 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इसके अलावा गुरदासपुर के थेथरके गांव में एक घर के पास एक डीजेआई माविक ड्रोन बरामद किया है। इसी दौरान बीएसएफ ने तरनतारन के गांव कलसियां में एक खेत में मैगजीन के साथ एक पिस्तौल और 1.633 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

## एफसीआई का टेंडर दिलाने के नाम पर ठगी, सरगना गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यूपी एसटीएफ ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का टेंडर दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ गोमतीनगर निवासी सैयद रफत मुईन ने 140 करोड़ रुपए का टेंडर दिलाने के नाम पर 4 करोड़ की ठगी का मामला दर्ज कराया था।

यूपी एसटीएफ के मुताबिक, दक्षिणी दिल्ली पूर्वी कैलाश निवासी अरविन्द चौहान उर्फ सागर खण्डेलवाल उर्फ नजाहिर हुसैन को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 2 मोबाइल, एक घड़ी, 15 सौ नकद, फर्जी आधार कार्ड, एफसीआई का फर्जी पहचान पत्र समेत कई फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं। उसने गोमतीनगर निवासी सैयद रफत मुईन से 140 करोड़ रुपए का टेंडर दिलाने के नाम 4 लाख रुपए लिए थे। अरविन्द चौहान उर्फ सागर खण्डेलवाल ने अपने साथी अभिषेक ठाकुर, विशाल गर्ग, अभिषेक जैन और प्रकाश के साथ मिलकर ठगी की थी। पूछताछ में उसने बताया कि उसका असली नाम नजाहिर हुसैन है। बरेली के नवाबगंज जरेली का रहने वाला है। उसका गिरोह लोगों को सरकारी टेंडर दिलाने के नाम पर ठगी करता है। कभी किसी को असली नाम पता नहीं बताते हैं।

### एआर रहमान पर लगा शिव स्तुति धुन चोरी का आरोप, दो करोड़ का जुर्माना, नोटिस

**नयी दिल्ली।** मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान एक बार फिर गलत वजह से सुर्खियों में आ गए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने धुन कॉपी के आरोप में उनके और फिल्म प्रोडक्शन कंपनी मद्रास टॉकीज पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना ठोका है। मामला ऐश्वर्या राय बच्चन की फिल्म पोन्नियन सेलवन 2 के गाने वीरा राजा वीरा से जुड़ा है। कोर्ट ने रहमान को इस मामले में नोटिस भेज दिया है। पद्मश्री से सम्मानित उस्ताद फैयाजुद्दीन वसीफुद्दीन डागर ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि वीरा राजा वीरा गाने की धुन उनके पिता नासिर फैयाजुद्दीन डागर और चाचा नासिर जाहिरुद्दीन डागर की कंपोज शिव स्तुति से कॉपी की गई है।

संबोधन

पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा

# राष्ट्र की प्रगति और सफलता की नींव हैं हमारे युवा

- सरकारी विभागों व संगठनों में 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को राष्ट्र की प्रगति एवं सफलता की नींव बताते हुए कहा है कि इनके राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने से राष्ट्र तेजी से विकास करता है तथा वैश्विक मंच पर अपनी पहचान स्थापित करता है।



श्री मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले को संबोधित किया तथा विभिन्न सरकारी विभागों एवं संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन युवाओं के लिए नई जिम्मेदारियों की शुरुआत हुई है जिनमें देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत करना, आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना, आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण में योगदान देना तथा श्रमिकों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाना शामिल है। उन्होंने कहा कि जिस ईमानदारी से ये युवा अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे, उसका सकारात्मक प्रभाव भारत के विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा पर पड़ेगा।

श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति एवं सफलता की नींव उसके युवा होते हैं, जब युवा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं, तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है तथा वैश्विक मंच पर अपनी पहचान स्थापित करता है।

### नवाचार से युवा दुनिया के सामने कर रहे बेहतर प्रदर्शन

भारत के युवा अपनी कड़ी मेहनत और नवाचार के माध्यम से दुनिया के सामने अपनी अपार क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ते रहें। उन्होंने बताया कि स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रही हैं। इन अभियानों के माध्यम से सरकार भारत के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक खुला मंच प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, इस दशक में भारत के युवाओं ने देश को प्रौद्योगिकी, डेटा और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर पहुंचा दिया है। उन्होंने यूपीआई, ओएनडीसी और जीईएम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके जरिये युवा डिजिटल अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी बदलावों का नेतृत्व कर रहे हैं।

# दिव्यांग भाजपा पदाधिकारी के साथ कोतवाली परिसर में बर्बरता

▸ जातिसूचक गालियों के साथ की गई पिटाई, इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोप



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र में कानून के रखवाले ही जब कानून को रौंदने पर उतारू हो जाएं, तो आमजन किससे न्याय की उम्मीद करे? ऐसा ही एक शर्मनाक मामला सामने आया है जिसमें मोहम्मदी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह पर सत्ता दल से जुड़े एक दिव्यांग, दलित पदाधिकारी को कोतवाली में बुलाकर बेरहमी से पीटने और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगा है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों समेत भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से न्याय की गुहार लगाई है। मोहल्ला शंकरपुर छावनी निवासी राममिलन त्यागी, जो भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री हैं, ने बताया कि उनका एक प्लॉट से संबंधित विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। इसी मामले को लेकर उन्हें कोतवाली बुलाया गया था। राममिलन को यह नहीं बताया गया कि किस विषय में बुलाया गया है। आरोप है कि कोतवाली पहुंचते ही प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बिना किसी बातचीत के उन्हें थप्पड़ मारना शुरू कर दिया। जब राममिलन ने अपना परिचय देते हुए बताया कि वह भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री हैं, तब कोतवाल और ज्यादा आक्रोशित हो गए और उन पर थप्पड़ों की बरसात कर दी।

राममिलन पहले से ही पैरों से दिव्यांग हैं, ऐसे में वे संतुलन खो बैठे और ज़मीन पर गिर पड़े। पिटाई के कारण उनके मुंह से खून निकलने लगा। चौंकाने वाली बात यह रही कि घायल अवस्था में भी उन्हें शांति भंग की धारा में चालान कर दिया गया।

### पार्टी पदाधिकारी की गरिमा तार-तार

राममिलन त्यागी ने बताया कि वे पिछले चार चुनावों से अपने क्षेत्र में सभासद पद पर काबिज हैं और क्षेत्र में उनकी छवि एक ईमानदार व सेवाभावी नेता के रूप में है। लेकिन कोतवाली प्रभारी की इस शर्मनाक हरकत ने उनकी छवि को गहरा आघात पहुंचाया है। उनका कहना है कि उन्हें मानसिक आघात हुआ है और उनका पूरा व्यक्तित्व प्रभावित हुआ है।

### विवादित प्लॉट बना उत्पीड़न की वजह

राममिलन ने बताया कि जिस प्लॉट को लेकर यह विवाद है, वह उनके पिता के नाम था, जिसे कुछ विपक्षियों ने धोखे से बैंक में पैसे देने का झांसा देकर बैनामा करवा लिया। हालांकि बैंक खाते में कोई धनराशि नहीं पहुंची। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है और निर्णय राममिलन के पक्ष में आने वाला है। इसी को लेकर विपक्षियों ने साजिश रचते हुए पुलिस से उनकी पिटाई करवाई। इतना ही नहीं, जब राममिलन को पीटा जा रहा था, तब विपक्षी कोतवाली में आराम से कुर्सी पर बैठे हुए थे।

### आंदोलन की चेतावनी

पीड़ित ने कहा कि यदि इस बार भी उन्हें न्याय नहीं मिला, तो वे आत्मदाह जैसे कदम उठाने के लिए भी मजबूर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं पर पूर्व में भी हमले हो चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अब उन्होंने उच्च अधिकारियों से सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय न मिला तो वह बड़ा आंदोलन करेंगे।

## दहेज प्रताड़ना से त्रस्त विवाहिता नहर में कूदी

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



तहसील निघासन के पढुआ थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना से त्रस्त एक विवाहिता के शारदा नहर में कूदने का मामला सामने आया है। बैरिया गांव निवासी जैय्याद हुसैन की बेटी शहर बानो ने शुक्रवार को बोझिया पुल के पास नहर में छलांग लगा दी। परिजनों के अनुसार, शहर बानो की शादी दो वर्ष पूर्व गांव के ही कलामुद्दीन से हुई थी। विवाह के बाद से ही उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। मारपीट कर ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद आहत होकर वह सीधे शारदा नहर की ओर भागी। परिजन जब उसके पीछे पहुंचे तो नहर किनारे बोझिया पुल के पास शहर बानो की चप्पल और दुपट्टा मिले। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने समय से कोई कार्रवाई नहीं की और न ही रेस्क्यू टीम को बुलाया। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते सहायता मिलती, तो शहर बानो की जान बचाई जा सकती थी। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी महिला का कोई सुराग नहीं मिला है। थानाध्यक्ष पढुआ पुष्पराज कुशवाहा के अनुसार मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, क्योंकि किसी प्रत्यक्षदर्शी ने महिला को नहर में कूदते हुए नहीं देखा है।

## दसवीं की परीक्षा में वर्षा ने उत्कृष्ट अंक अर्जित किए, डॉक्टर बन करेंगी समाजसेवा

▸ कॉलेज की टॉप टेन सूची में वर्षा को मिला आठवां स्थान

**तिकुनिया-खीरी, समृद्धि न्यूज।**



बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट के इन्तेजार के बाद यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टर मीडिएट की परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया गया है । हाईस्कूल में बेलरायां के तकिया पुरवा की छात्रा ने 82.66 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में आठवां स्थान प्राप्त किया । बेटी की सफलता पर माता पिता गर्व महसूस कर रहे है। ब्लॉक निघासन के तकिया पुरवा बेलरायां निवासी पत्रकार अजय कुमार वर्मा की पुत्री वर्षा वर्मा ने सरजू सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज बेलरायां से विज्ञान संकाय से कक्षा 10वीं की परीक्षा दी। उन्होंने परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए दिन रात कड़ी मेहनत की। शुक्रवार को यूपी बोर्ड के जारी हुए नतीजों में वर्षा का बेहतर रिजल्ट रहा।

वर्षा ने प्रतिभा के दम पर अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। छात्रा ने 82.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल की टॉप टेन सूची में आठवें स्थान पर आई है। वर्षा के पिता एक किसान है। माता गृहणी हैं। वर्षा ने बताया कि उसने सफलता को प्राप्त करने के लिए दिन रात कड़ी मेहनत की। वह डॉक्टर बनकर लोगो की सेवा करना चाहती है।

## शिक्षा से उज्ज्वल भविष्य की ओर एक प्रेरणादायक पहल

▸ पढ़ाई जीवन की सफलता का है आधार : रौनक त्यागी

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



निघासन क्षेत्र में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बदाल पुरवा में आज एक विशेष और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब सशस्त्र सीमा बल डांगा की असिस्टेंट कमांडेंट रौनक त्यागी अपने जवानों के साथ विद्यालय पहुंचीं। इस अवसर पर विद्यालय में एक सफाई अभियान चलाया गया और बच्चों के साथ एक प्रेरणात्मक सत्र का आयोजन भी किया गया।

प्रधानाध्यापक मधुरेश शुक्ल व अनुदेशक गुरदयाल की अगुवाई में पूरे विद्यालय परिसर की सफाई की गई, जिसमें एस एस बी के जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह अभियान न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का एक प्रयास था, बल्कि बच्चों को अपने आस-पास की साफ-सफाई के प्रति जम्मेिदार बनाने की दिशा में भी एक कदम था।

इस अवसर पर रौनक त्यागी ने सभी विद्यार्थियों को एकत्र कर उन्हें जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि ÷पढ़ाई जीवन की सफलता का आधार है÷, और यह कि शिक्षा ही वह साधन है जो किसी भी व्यक्ति को अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

उन्होंने बच्चों से व्यक्तिगत रूप से संवाद करते हुए उनसे पूछा कि वे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं। बच्चों ने उत्साह के साथ अपने-अपने सपनों को साझा किया–कोई डॉक्टर बनना चाहता था, कोई शिक्षक, तो कोई फौजी। सुश्री त्यागी ने बच्चों की सभी जिज्ञासाओं का बड़े प्रेम व धैर्य से उत्तर दिया, जिससे बच्चे और अधिक प्रेरित हुए।

## संदिग्ध हालात में पेड़ से लटकता मिला नवयुवक का शव

▸ परिजनों ने हत्या की जताई आशंका, हत्या या आत्महत्या की गुलथी सुलझाने में जुटी पुलिस

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मृतक का फाइल फोटो



अंबारा गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब शनिवार सुबह गांव के बाहर एक पेड़ से एक युवक का शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवा कर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

मृतक की पहचान रमन भार्गव पुत्र शिशुपाल, निवासी कुकरा थाना मैलानी, जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई।

मृतक के परिजनों के बताया रमन का करीब एक साल पहले प्रेम विवाह हुआ था। वही ग्रामीणों ने बताया कि उसने लड़की को भगाकर शादी की थी, जिसके चलते दोनों परिवारों में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। शादी के बाद से ही रमन का ससुराल पक्ष से संबंध सामान्य नहीं थे।

घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। बताते हैं घटना की भनक लगते ही मृतक के ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस तलाश कर रही है। भीरा पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं, मृतक के पिता शिशुपाल ने हत्या की आशंका जताते हुए ससुराल वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## भीषण गर्मी से राहत देने वाले विद्युत उपकरण हुए महंगे

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



▸ विद्युत उपकरणों में हुई बढ़ोतरी, कैसे मिलेगी गरीबों को ठंडी हवा

गर्मी बढ़ने के साथ ही बाजारों में पंखे और कूलर की मांग में अचानक तेजी आ गई है। परंतु इस बार गर्मी से राहत देने वाले यह साधन जेब पर भारी पड़ रहे हैं। बाजार में पंखे कूलर और एसी जैसे उपकरणों की कीमत में पिछले साल की अपेक्षा इस साल 5 से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई है। जिससे आम लोगों को गर्मी से बचाव के लिए उपकरणों पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है।

तापमान में गर्मी बढ़ने के साथ ही गर्मी से बचाव वाले उपकरण पंखा,कूलर, एसी आदि महंगे रेट पर बिक रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए बाजारों में इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। दुकानदार पंकज राठौर,अरविंद पाल ,हरिशंकर वर्मा आदि का कहना है कि कच्चे माल की लागत और उत्पादन खर्चों में बढ़ोतरी के चलते कंपनियों ने दाम बढ़ा दिए हैं। पिछले साल जो पंखा 1500 रुपए में बिकता था वह इस बार 1700 सौ रुपए में मिल रहा है। कूलरों की कीमतों में भी 500 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की बढ़ोतरी हो गई है। वहीं एसी की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। ग्राहक भी बढ़ते दामों से परेशान हैं। एक दुकान पर कूलर लेने पहुंचे एक ग्राहक ने बताया कि महंगाई से बजट बिगड़ रहा है अब ठंडी हवा भी महंगे दामों में मिल रही है। वही सीलिंग फैन लेने पहुंचे संतोष कुमार ने बताया कि तापमान बढ़ने से उत्पादों मांग बढ़ गई है। जिससे सभी उपकरणों के दाम बढ़ गए हैं आम जनता की जेब पर काफी असर पड़ रहा है।

### उत्पादों में हुई बढ़ोतरी की रेट

टेबल फैन–पहले 1000 वर्तमान दाम 1400
सीलिंग फैन मीडियम पहले 1200 वर्तमान दाम 1500
फर्राटा फैन पहले 1600 वर्तमान दाम 1900
कूलर मीडियम पहले 6500 वर्तमान दाम 7500
कूलर ब्लोअर पहले 9000 वर्तमान दाम 10200
विंडो एसी पहले 28000 वर्तमान दाम 31500

# सड़क हादसों ने मचाई अफरा-तफरी, आठ लोग घायल

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**




▸ पांच की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

नगर और आसपास के इलाकों में शनिवार का दिन सड़क हादसों के नाम रहा। अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में कुल आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में गोला सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पांच की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**पहला हादसा:-** *पिता-पुत्र की टक्कर से हालत नाजुक:-* सीतापुर के बसेटी गांव निवासी 50वर्षीय रामजीवन और उनके 22वर्षीय पुत्र आलोक सिंह किसी कार्य से बाहर निकले थे। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया।

**दूसरा मामला:-** *शाहजहांपुर निवासी सुबोध सड़क पर गिरकर घायल:-* शाहजहांपुर के पुवायां थाना क्षेत्र के बिलंदापुर गांव निवासी 30वर्षीय सुबोध की बाइक सड़क पर फिसल गई। सिर में गंभीर चोट आने से वह अचेत हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उठाकर सीएचसी भिजवाया।

**तीसरा हादसा:-** *स्कूली छात्र भी चुटहिल:-* हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव मोतीपुर निवासी चंद्रपाल का 18वर्षीय पुत्र शिवम कुमार, मोहम्मदी के संत कुमार का 12वर्षीय बेटा अमन, और फूलबेहड़ के गिर्दापुर निवासी 25वर्षीय आशीष सिंह भी सड़क हादसों का शिकार हो गए। तीनों को अलग-अलग जगहों पर चोटें आईं। शिवम और अमन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया।

**चौथा मामला:-** *तेज रफ्तार बनी काल बनते-बनते बची:-* बहादुरपुर निवासी 25वर्षीय सूरज और सुभाष नगर निवासी 35 वर्षीय राजेश बाइक से जा रहे थे। अचानक सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। सूरज को गंभीर चोटें आईं जबकि राजेश की हालत सामान्य बताई जा रही है।

### मनोज कुमार की हालत सबसे नाजुक

भीखमपुर निवासी 25वर्षीय मनोज कुमार सड़क पार करते समय तेज बाइक की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही बेहोश हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### डॉक्टरों की सतर्कता से बची जानें

गोला सीएचसी प्रभारी डॉ. अशोक वर्मा ने बताया कि सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है। पांच मरीजों की स्थिति गंभीर थी, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## पाठ्यक्रम रूपी शिक्षा से इतर रचनात्मक कार्यक्रम सराहनीय : एसडीएम

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** नगर के एनएस अकेडमी स्कूल के वार्षिकोत्सव का आयोजन गुरुवार की शाम नगर के राम दयाल वाटिका में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम ज्योति सिंह व एबीएसए रंग नाथ चौधरी, विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक दिनेश खरे आदि मंचस्थ रहे। एसडीएम ज्योति सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया, साथ ही पाठ्यक्रम रूपी शिक्षा से इतर रचनात्मक कार्यक्रम के आयोजन पर विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। एबीएसए रंग नाथ चौधरी ने कहा कि विद्यालय का हमेशा से ध्यान रहता है कि बच्चों को न केवल किताबी ज्ञान देना है बल्कि उनका चौमुखी विकास करना है। अंत में दिनेश खरे ने शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेट कर अतिथियों का सम्मान किया गया। संचालन अंजली तिवारी ने किया। वही प्रधानाचार्य ज्योतिनारायनी ने आगंतुकों का आभार जताया।

## गोला नगर पालिका परिसर में ओवरहेड टैंक भरने के लिए लगा मोटर हाई बोल्टेज आने के कारण जला

▸ मोटर व पाइपलाइन वाल्व के मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिसर में ओवरहेड टैंक भरने के लिए लगा मोटर हाई बोल्टेज आने के कारण जल चुका है, और साथ ही नगर पालिका कार्यालय के ओवरहेड टैंक में पानी चढ़ाने वाली मेन लाइन के वाल्व बहुत पुराने होने के कारण वाल्व में लीकेज आ गया है, जिससे ओवरहेड टैंक में पर्याप्त मात्रा में पानी स्टोर नहीं हो पा रहा है। मोटर व पाइपलाइन वाल्व के मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है, जिसके कारण नगर पालिका स्तिथ ओवरहेड टैंक से सम्बंधित क्षेत्र मुन्नुगंज व पश्चिमी दिक्षिताना , ऊंची एवं नीची भूड़ में अगले 5 से 6 दिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक एवं शाम को 6 से 8 बजे तक पानी उपलब्ध हो पाएगा। असुविधा के लिए खेद है, पानी का उपयोग समझदारी से करें, हम जल्द से जल्द समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं, जल्दी ही मरम्मत कार्य पूरा कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी बाकी अन्य सभी वार्डों में मिनी पम्पों से जल आपूर्ति होती रहेगी।

## बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

▸ थाना गोला क्षेत्र से दो बाइक चोरियों की घटना, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र में बाइक लिफटर गिरोह पूरी तरह से सक्रिय है। एक के बाद एक बाइकों की चोरी की संख्या में नित्यप्रति इजाफा होता जा रहा है। आदित्य कुमार पुत्र निवासी ग्राम कल्याणपुर धरमाई, थाना बंडा, जिला शाहजहांपुर वर्तमान में गोला सीएचसी में ओटी टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। प्रतिदिन की तरह उसने अपनी बाइक हीरो एचएफ डीलक्स यूपी 27एएस 6258 अस्पताल परिसर स्थित आवास के नीचे खड़ी की थी। 10अप्रैल 2025 को सुबह करीब 10:30बजे के जब वह अस्पताल से अपने आवास पहुंचे, तो देखा कि बाइक गायब है। परिसर में तलाश के बाद बाइक न मिलने पर सीसीटीवी फुटेज खंगाली, जिसमें दो अज्ञात युवक उनकी बाइक लेकर जाते हुए नजर आए। आदित्य कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जाचं शुरु कर दी है। दूसरे मामले में बुधेली नानकार निवासी व्यापारी राम कैलाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी राम प्रकाश वस्त्रालय नामक कपड़े की दुकान हैं। 24अप्रैल को रोज की तरह उन्होने अपनी बाइक संख्या यूपी 31एपी 4148दुकान के सामने खड़ी कर दुकान का काम निपटाने लगे। शाम लगभग 5से 7बजे के उन्होने देखा कि दुकान के आगे से बाइक गायब थी। इधर उधर तलाश करने के बाद पता चला कि उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने दोनो मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# संपत्ति विवाद में युवक ने पुलिस पर मारपीट व धमकी का लगाया आरोप

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



तिकुनिया कस्बे में पारिवारिक संपत्ति विवाद ने शुक्रवार को गंभीर रूप ले लिया। सुथना बरसोला निवासी मोहम्मद जुनैद अंसारी ने कोतवाल अमित सिंह भदौरिया पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जुनैद के मुताबिक, तिकुनिया कस्बे में स्थित उनके दादा द्वारा खरीदी गई दुकान का मामला पिता और दादा के निधन के बाद सिविल कोर्ट में विचाराधीन है।

इस बीच, उनके चाचा जलीस ने कथित रूप से पुलिस से मिलीभगत कर दुकान पर अवैध रूप से ताला लगा दिया। जब जुनैद ने इसका विरोध किया, तो विपक्षी पक्ष ने पुलिस को बुला लिया। आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने जुनैद और उनके भाई को कोतवाली ले जाकर बंद कमरे में रस्सी से बांधा और लाठी-डंडों से पीटा। बाद में दोनों भाइयों का शांति भंग में चालान कर दिया गया।

जुनैद ने बताया कि मारपीट में उनके शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं और वह वर्तमान में सीएचसी निघासन में इलाज करवा रहे हैं। पीड़ित ने इस संबंध में सीओ कार्यालय और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है।

वहीं, कोतवाल अमित सिंह भदौरिया का कहना है कि दुकान विवाद की सूचना पर युवक को थाने लाया गया था और शांति भंग में विधिक कार्रवाई की गई है। सीओ महक शर्मा ने मामले की जांच कराए जाने की बात कही है।

## बदमाशों ने तमंचे के बल पर लूटी 20 हजार की नकदी व मोबाइल

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज।** गोला सिकंदराबाद रोड पर गुरुवार की रात एक युवक के साथ लूट की वारदात सामने आई है। बाइक सवार दो बदमाशों ने युवक को तमंचे के बल पर लूट लिया। लुटेरों ने 20 हजार रुपये की नकदी, एंड्रॉयड मोबाइल, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य जरूरी कागजात छीन लिए। विरोध करने पर युवक को बुरी तरह पीटा गया, जिससे उसे गंभीर चोटें भी आईं। घटना के बाद पीड़ित युवक थाने पहुंचा, लेकिन वहां से उसे सिर्फ निराशा हाथ लगी। गोला पुलिस ने मामले को हैदराबाद क्षेत्र का बताकर टरका दिया, वहीं हैदराबाद पुलिस ने इसे गोला कोतवाली क्षेत्र का मामला बता कर लौटा दिया। अब युवक थानों की चक्कर काटते-काटते थक चुका है, मगर उसे अब तक इंसाफ नहीं मिला।

शहर के मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना निवासी राहुल कुमार शुक्ला गुरुवार रात बैदाखेड़ा के पास स्थित हनुमान मंदिर के पास पैदल जा रहा था। तभी पीछे से स्कूटी सवार दो बदमाशों ने उसे रोका। एक बदमाश ने तमंचा तानकर राहुल को धमकाया और जेब में रखे 20 हजार रुपये, मोबाइल फोन, ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य दस्तावेज लूट लिए। जब राहुल ने विरोध किया तो उसे पीट दिया गया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद राहुल गोला कोतवाली पहुंचा और पुलिस को पूरी जानकारी दी। लेकिन कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल हैदराबाद थाने का क्षेत्र बताकर उसे भगा दिया। जब राहुल हैदराबाद थाने पहुंचा तो वहां उसे बताया गया कि मामला गोला कोतवाली का है। पीड़ित पुलिस की इस हीलाहवाली से बेहद आहत है और खुद को फुटबॉल जैसा महसूस कर रहा है, जिसे दोनों थानों के बीच उछाला जा रहा है।

## सुहेली सायफन में बरती जा रही लापरवाही को लेकर मुख्यमंत्री से की शिकायत

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

▸ मानसून आने से पहले पूरा नहीं हो पाया कार्य तो 22 ग्राम पंचायत के वाशिंदे होंगे प्रभावित

सुहेली सायफन की सफाई को लेकर क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा समेत क्षेत्रीय लोगों ने भी बढ़चढ़ हिस्सा लिया उसके बावजूद सायफन की सफाई कछुआ चाल में चल रही जिससे परेशान क्षेत्रीय लोगों ने मुख्यमंत्री से शिकायत करके बरती जा रही लापरवाहियों के बारे में बताया है।

उन्होंने बताया कि सुहेली नदी का प्राकृतिक प्रवाह चालू करने के लिए उच्च न्यायालय ने आदेश किया। क्षेत्रीय विधायक व अन्य विभागीय अफसरों ने कई मशीनों से सुहेली सायफन की सफाई और चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी। नदी के इर्द गिर्द भूमि पर अतिक्रमण होने की वजह से सफाई में व्यवधान है। इसके अलावा पुलिस फोर्स के अभाव में अतिक्रमण न हटाए जाने को लेकर विरोध पनपा है। इसी बात का हवाला देकर बाढ़ खंड के अफसर खानापूर्ति कर रहे हैं और सरकारी धन को बंदरबाट करने की मंशा से कार्य किया जा रहा है। जिस तत्परता से कार्य करने का जिक्र किया गया था उसके विपरीत कार्य किया जा था है अभी तक 25 फीसदी ही सफाई का काम हो पाया है। जबकि मानसून से पहले सुहेली सायफन के 24 बैरल के अंतर्गत 17 किलोमीटर सफाई होने का आदेश जारी किया गया था। अगर मानसून से पहले कार्य पूर्ण नहीं होता है तो करीब 22 ग्राम पंचायतों को दोबारा भीषण बाढ़ झेलनी पड़ेगी।हालांकि अभी हाल ही में एसडीएम राजीव निगम को इस बारे में ज्ञापन भी दिया जा चुका है लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान ग्राम प्रधान सुनीता देवी, श्यामलाल, अंग्रेज सिंह, कुलविंदर सिंह समेत कई पूर्व प्रधान व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## दुकान पर बैठे दुकानदार से पड़ोसी दुकानदार ने की मारपीट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** अपनी दुकान पर बैठे दुकानदार के साथ पड़ोसी दुकानदार ने मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर के मुख्य बाजार बैठगंज में शैलेश रूसिया उर्फपिंटू का निवास व कपड़े की दुकान है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी दुकानदार उनके प्रतिस्पर्धा रखते हैं। इसी को लेकर शुक्रवार की शाम वह उनकी दुकान पर आ गए और मारपीट कर दी। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी व मोबाइल ले जाने का आरोप लगाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, वेतन की मांग

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सिरौलीगौसपुर विद्युत उपकेंद्र पर तीसरे दिवस शनिवार को भी संविदा कर्मचारियों ने वेतन न मिलने के विरोध में 2 घण्टा प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश बिजली मजदूर संगठन संविदा के बैनर तले कर्मचारियों ने दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक कार्य बहिष्कार किया।पिछले करीब दो महीने से संविदा कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों ने बताया कि उच्च अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस विरोध प्रदर्शन में दीपक, अंकित, रोहित, हरिराम, जगन्नाथ, पप्पू, लालजी, लवलेश, सुनील, धीरेंद्र सिंह, अमरेश और पिंटू समेत कई कर्मचारी शामिल रहे।कर्मचारियों ने सांकेतिक धरना देकर अपनी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाया। उनकी मुख्य मांग बकाया वेतन का भुगतान है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

# सरकार निराश्रित महिला पेंशन की लाभार्थियों का कराएगी सत्यापन

▸ सत्यापन का काम 25 मई तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** राज्य सरकार प्रदेश में निराश्रित महिला पेंशन योजना के सभी लाभार्थियों का सत्यापन कराएगी। इस संबंध में शनिवार को महिला कल्याण की प्रमुख सचिव लीना चौहरी ने प्रदेश के सभी मण्डलायुक्त और जिला अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश में कहा कि सत्यापन का काम 25 मई तक हर हाल में पूरा कर लिया जाए।

सत्यापन के दौरान मृतक एवं अपात्र लाभार्थियों की पेंशन तत्काल प्रभाव से बंद कर दी जाएगी। पात्र लाभार्थियों को समय-समय पर भुगतान की जाने वाली धनराशि के संबंध में एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाएगी। प्रदेश में निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत लाभान्वित महिलाओं का आधार प्रमाणीकरण भी अनिवार्य किया गया है। सत्यापन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि योजना का लाभ केवल वास्तविक पात्र महिलाओं को ही मिले।

सत्यापन कार्य तीन चरणों में संपन्न होगा, जिसमे पहले चरण में लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य 10 मई तक पूरा किया जाना है। दूसरे चरण में 15 मई तक हस्ताक्षरित सूची सहित रिपोर्ट जिला प्रोबेशन अधिकारी को उपलब्ध करानी होगी। इसके तीसरे और अंतिम चरण में 25 मई तक मृतक एवं अपात्र लाभार्थियों की पेंशन बंद करने की कार्यवाही होगी। यह पूरी प्रक्रिया जिलाधिकारी की देख रेख में होगी। जांच में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सत्यापन पूरी गंभीरता और गहनता से किया जाए।

18 वर्ष से अधिक आयु की ऐसी महिलाएं, जो उत्तर प्रदेश की स्थायी निवासी हों, उनके पति की मृत्यु हो चुकी हो तथा उनकी पारिवारिक वार्षिक आय दो लाख रुपये से अधिक न हो। पात्र लाभार्थियों के रूप में उनके आधार लिंक बैंक खाते में हस्तान्तरित की जाती है। योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016-17 में 500 रुपये प्रति माह प्रति लाभार्थी की दर से पेंशन भुगतान किया जाता है। वर्ष 2021-22 से पात्र लाभार्थियों को 1000 रुपये प्रतिमाह प्रति लाभार्थी की दर से पेंशन का भुगतान किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत कुल 17.31 लाख लाभार्थियों को पेंशन का लाभ प्रदान किया जा रहा था। जबकि मात्र 8 वर्षों में ही इस योजना के अन्तर्गत कुल 16.83 लाख नई लाभार्थी महिलाओं को चिन्हित कर योजना से जोड़ा गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष से योजनान्तर्गत लाभार्थियों को आधार बेस्ड भुगतान प्रारम्भ किया गया है। इस प्रकार योजना के अंतर्गत अब कुल 34 लाख से अधिक महिलाओं को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है।

## राज्यसभा सदस्य संजय सेठ के घर में चोरी

**लखनऊ।** राज्यसभा सदस्य संजय सेठ के घर से डेढ़ लाख रुपये और गहने चोरी हो गये हैं। गौतमपल्ली कोतवाली में राज्यसभा सदस्य संजय सेठ के सुरक्षा अधिकारी ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। डेढ़ लाख रुपये और गहने चोरी करने का आरोप है शक चार नौकरों पर है। विक्रमादित्य मार्ग पर राज्य सभा सदस्य संजय सेठ व शालीमार कार्प लिमिटेड की निदेशक पत्नी लीना का आवास है। इसकी देखरेख सिक्योरिटी अधिकारी राजेश कुमार सिंह करते हैं। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल की देर शाम लगभग 08.30 बजे पहुंचे तो लीना सेठ ने कहा कि दोपहर 1 बजे दिन आफिस शालीमार टाइटेनियम, शालीमार कार्पोरेशन विभूति खण्ड गई थीं। कुछ देर पहले लौटीं तो कमरे में रखी आलमारी की दराज से 500 के नोटों की एक गड्डी और सोने व हीरे के जेवर गायब थे। दराज पर कुछ निशान मिले इससे यह साफ है कि कोई नुकीली चीज डालकर दराज को खोलकर रुपये और एक पोटली में रखे सोने व हीरों के गहने चोरी किए गए हैं।

## वन नेशन-वन इलेक्शन से बढ़ेगी जीडीपी : नीरज

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** वन नेशन वन इलेक्शन अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से सुभाष गर्ल्स डिग्री कॉलेज अलीगंज में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में छात्रों की उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि के तौर पर गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन से भारत की जीडीपी बढ़ेगी। उन्होंने कहा जब तक 140 करोड़ भारतीय एक दिशा में एक लक्ष्य निर्धारित करके नहीं चलेंगे तब तक श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को पूरा नहीं किया जा सकता। कई राजनीतिक दलों ने अपने संकीर्ण मानसिकता के कारण इस परिवर्तन को नहीं होने दिया। पूरे चुनाव का पैटर्न जो आजाद भारत के अंदर था हर 5 साल में चुनाव होंगे उसे जो पूरे पैटर्न को बदलने का काम हमारे उस समय के राजनीतिक दलों ने किया । नीरज सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव, विधान सभा का चुनाव, नगर निकाय के चुनाव व पंचायत चुनाव अलग –अलग होते हैं। इससे चुनाव कराने में खर्चा अधिक लगता है। अगर हम केवल एक चुनाव कर दें तो आपको जानकर हैरानी होगी कि हमारे भारत की जीडीपी बढ़ जाएगी और जो हमने कल्पना की है एक विकसित राष्ट्र के रूप में हमारी यात्रा तेजी से आगे बढ़ेगी।

इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल रश्मि विस्नोई, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अनुभव द्विवेदी, युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मानवेन्द्र प्रताप सिंह,नगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, महानगर मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय, अभियान संयोजक अमित त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, पार्षद स्वदेश सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री अभीषेक गुप्ता, उपाध्यक्ष सौरभ तिवारी, अतुल सिंह, सचिन सोनकर, समर्थ सिन्हा की उपस्थिति रही।

### श्री रामकथा अमृत महोत्सव जानकीपुरम में 28 से

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री राम कथा आयोजन समिति के तत्वावधान में आगामी 28 अप्रैल से उमा वाटिका सेक्टर एफ जानकीपुरम में श्री राम कथा अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक रमेश भाई शुक्ल के मुखारबिंद से होने वाली कथा की जानकारी देते हुये संयोजक हरिशंकर मिश्र ने बताया कि 28 अप्रैल को सायं चार बजे कलश यात्रा कथा स्थल से निकाली जायेगी। जिसके उपरान्त कथा का शुभारम्भ होगा। पांच मई तक प्रतिदिन सायं 4 :30 से 8 :30 बजे तक कथा का आयोजन होगा और अगले दिन छह मई में को कथास्थल पर हवन एवं भण्डारे के आयोजन के साथ श्री रामकथा अमृत महोत्सव का विश्राम होगा।

## खबरें एक नजर में

### सी.एम.एस. में मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का भव्य समापन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा विद्यालय के सभागार में आयोजित दो-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (एम.यू.एन.-2025) के दूसरे व अन्तिम दिन प्रतिभागी छात्रों ने वैश्विक समस्याओं पर चर्चा-परिचर्चा करते हुए संदेश दिया कि सर्वश्रेष्ठ विश्व व्यवस्था के लिए एकता व शान्ति ही अन्तिम विकल्प है। इससे पहले, एम.यू.एन.-2025 के अन्तर्गत विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभागी छात्रों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यवाही का हूबहू नजारा प्रस्तुत किया और विभिन्न वैश्विक समस्याओं पर खुलकर अपने विचार रखे। प्रतिभागी छात्रों ने अपने सारगर्भित, ओजपूर्ण एवं प्रभावशाली उद्बोधन की छाप छोड़ते हुए साबित कर दिया कि भावी पीढ़ी में सकारात्मक चिंतन के साथ विश्व की समस्याओं का समाधान करने की क्षमता मौजूद है। एम.यू.एन.-2025 में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के 300 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।

### झोपड़ी में लगी आग, मजदूर महिला का सारा सामान जला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मीरखनगर गांव में शनिवार को एक झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी मजदूर महिला चंद्रवती की थी। आग लगने के समय वह घर से बाहर गई हुई थी। घर में उसकी बड़ी बेटी अकेली थी। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। घर में रखा सारा सामान, अनाज और जरूरी चीजें जलकर राख हो गईं। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था। चंद्रवती मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन-पोषण करती हैं। झोपड़ी में रखा सामान ही उनका एकमात्र संबल था। अब उनके पास न रहने को घर है और न खाने को अनाज। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या चूल्हे की लपटों से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

### थाना समाधान दिवस में एसीपी ने सुनी फरियाद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान मोहनलालगंज सर्किल के एसीपी रजनीश वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। थाना प्रभारी डी. के. सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे। समाधान दिवस में एसीपी और थाना प्रभारी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। हालांकि, कार्यक्रम में राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गैरमौजूद रहे। क्षेत्र के लेखपाल और कानूनगो भी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। राजस्व विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति से जनता की समस्याओं के समाधान में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

### श्रद्धालु की कार रोकी, अचानक बैरियर गिराने से महिला घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा के समापन के बाद विसर्जन के लिए मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को बैरियर पर रोक दिया गया। बाराबंकी के वीरमपुर निवासी अंकुर तिवारी अपने परिवार के साथ कार से मंदिर पहुंचे थे। बैरियर पर तैनात रतन नाम के व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया। श्रद्धालुओं ने जब पूछा कि अन्य वाहनों को जाने दिया जा रहा है, तो उन्हें क्यों रोका जा रहा है। इस पर विवाद बढ़ गया। कथा व्यास आचार्य प्रदुम्न के समझाने पर भी रतन ने अभद्र व्यवहार किया। इस दौरान सभी श्रद्धालु कार से उतर गए। रतन ने अचानक बैरियर गिरा दिया, जिससे सीमा तिवारी नाम की महिला श्रद्धालु घायल हो गई। घायल महिला का प्राथमिक उपचार कराया गया। श्रद्धालुओं ने बीकेटी थाने में शिकायत की। थाने के सेकेंड इंस्पेक्टर कैलाश चंद्र दुबे ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पिछले महीने भी इसी मंदिर में प्रसाद खरीदने को लेकर विवाद हुआ था। तब दुकानदारों ने ऐसी घटनाएं न होने का आश्वासन दिया था।
एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा में 100 प्रतिशत कैडेट पास,

### 48 सीनियर डिवीजन व 25 सीनियर विंग कैडेट्स ने दिखाया कमाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 3 यूपी नेवल यूनिट एनसीसी, लखनऊ के कैडेट्स ने एक बार फिर अपनी मेहनत का दम दिखाया। इस साल के एनसीसी के सी प्रमाण पत्र की परीक्षा में यूनिट के सभी 73 कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की। परीक्षा में लखनऊ के अलग-अलग कॉलेजों से 48 सीनियर डिवीजन और 25 सीनियर विंग के कैडेट्स शामिल हुए थे। सबने मिलकर यूनिट का नाम रोशन किया। इस सफलता ने पूरे एनसीसी परिवार में खुशी की लहर दौड़ा दी है। 3 यूपी नेवल यूनिट परिसर में एक खास कार्यक्रम आयोजित कर कैडेट्स को सी सर्टिफिकेट सौंपे गए। यूनिट के कमान अधिकारी कमांडर गौरव शुक्ला ने अपने हाथों से सभी कैडेट्स को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कई कॉलेजों के एएनओ, सीटीओ, पीआई स्टाफऔर सिविल स्टाफभी मौजूद रहे और उन्होंने सफल कैडेट्स को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं।

## एक देश-एक चुनाव, देश की जरूरत : केशव

समृद्धि न्यूज

▸ डिप्टी सीएम ने मोदी सरकार की उपलब्धियों का किया उल्लेख

**लखनऊ ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में एक देश, एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी को संबोधित किया। यह संगोष्ठी विश्वविद्यालय के नूतन-पुरातन शैक्षिक परिवार द्वारा आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं की भी सक्रिय भागीदारी रही।



उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा यह परिचर्चा देश के हित में है। मुझे यहां आकर गर्व हो रहा है कि हम एक अहम मुद्दे पर संवाद कर रहे हैं।

उन्होंने कहा चुनावों के बार-बार आयोजन से देश की विकास प्रक्रिया बाधित होती है। अगर लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएं, तो इससे न केवल समय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि सरकारी कामकाज भी प्रभावित नहीं होगा। केशव मौर्य ने मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा 2014 में केंद्र में सरकार बनने के बाद कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम इन सभी कार्यों को उन्होंने असंभव को संभव बनाने वाली नीतियों का उदाहरण बताया। मौर्य ने कहा देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में गठित समिति ने इस विषय पर विस्तृत रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपी है। देश के गृहमंत्री से लेकर विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेता तक इस समिति का हिस्सा थे। उन्होंने कहा पूरा देश इस मुद्दे पर सकारात्मक है, लेकिन कुछ राजनीतिक दल सिर्फ विरोध के लिए विरोध कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा विपक्षी नेताओं पर भी निशाना साधा। जब किसी पर भ्रष्टाचार में कार्रवाई होती है तो वे संस्थाओं पर सवाल उठाने लगते हैं। चुनाव आयोग पर सवाल उठाना, ईडी को बंद करने की मांग करना। यह दर्शाता है कि कुछ नेताओं को जवाबदेही मंजूर नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने कहा एक देश, एक चुनाव किसी एक पार्टी का एजेंडा नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का लक्ष्य है। उन्होंने विश्वविद्यालय और छात्रों से अपील की कि इस विचार को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनकर उभरेगा।

## युवाओं को सशक्त बनाने में कौशल विकास मिशन की भूमिका अहम : प्रमुख सचिव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों के मिड-कैरियर प्रशिक्षण के दौरान आयोजित विशेष कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को तकनीकी रूप से कुशल बनाने और उद्यमशीलता के विकास को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर कार्य किया गया है। अधिकारियों के प्रयासों की जितनी सराहना की जाये, वह भी कम है। कौशल विकास मिशन के महत्वपूर्ण कार्य हुए है और प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने में विभाग ने भूमिका निभायी है। शुक्रवार को मिशन मुख्यालय में प्रमुख सचिव डॉ.हरिओम की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय विदेश सेवा (2009 बैच) के आठ अधिकारियों का सम्मान हुआ। ये अधिकारी अपने मिड-कैरियर प्रशिक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश के भ्रमण पर हैं।

## आतिक्रमण को लेकर बवाल, दुकानदारों ने डॉक्टरों को दौड़ाकर पीटा, चार घायल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ के केजीएमयू में शनिवार को अतिक्रमण हटाने को लेकर बवाल हो गया। दुकानदारों ने पुलिस के सामने ही प्रोफेसरों और रेजिडेंट डॉक्टरों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इसमें 2 प्रोफेसर, 1 असिस्टेंट प्रोफेसर और 1 रेजिडेंट डॉक्टर घायल हो गए। पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। फिलहाल मौके पर तनाव को देखते हुए कई थानों की पुलिस बुलाई गई है।

डॉक्टरों का कहना है कि अवैध रूप से बनी दुकानों को हटाने के लिए 6 माह से नोटिस दिया जा रहा था। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटा। आज सुबह केजीएमयू प्रशासन की टीम पहुंची तो दुकानदारों ने हमला कर दिया। यूनिवर्सिटी की जमीन पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो हम लोग हड़ताल करेंगे। केजीएमयू में एक मजार है। इसके पास में करीब 50 लोग अवैध तरीके से रहते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि दिसंबर से अब तक छह बार नोटिस भेजा गया। पुलिस से शिकायत की गई। इसके बाद भी कब्जेदारों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। पहले यहां एक दुकान थी। अब 13 दुकानें हैं। कैंपस के अंदर कब्जा है। हमारे पास इंटर्न बाहर रह रहे हैं। हॉस्टल के लिए जमीन नहीं मिल रही है। मजार के नाम पर दुकान खोलकर कब्जा किया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों से आए दिन दुकानदार अभद्रता करते हैं। केजीएमयू प्रवक्ता केके सिंह ने कहा शांतिपूर्ण तरीके से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। केजीएमयू में जो मजार है, उसका अतिक्रमण से कोई लेना-देना नहीं है। वह अपनी जगह पर पूर्णत सुरक्षित है। केजीएमयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. के.के. सिंह ने कहा कि मजार के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं किया गया है।

## एफएसडीए ने एलयू कैंटीन में मारा छापा, सैंपल जांच को भेजे

समृद्धि न्यूज

▸ बिना लाइसेंस बिक रहा था खाना

**लखनऊ।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) के सुभाष छात्रावास और न्यू कैंपस जानकीपुरम के डॉ. बीआर अंबेडकर विधि महिला छात्रावास की कैंटीनों पर छापा मारा। मीडिया व सोशल मीडिया पर मिली शिकायतों के बाद सहायक आयुक्त (खाद्य) विजय प्रताप सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने कैंटीनों का निरीक्षण किया।

सुभाष छात्रावास कैंटीन में खाद्य कारोबारी जितेंद्र सिंह बिना लाइसेंस के संचालन करते मिले। मौके से सरसों का तेल, बेसन, तैयार दाल और धनिया पाउडर के नमूने जांच के लिए लिए गए। वहीं जानकीपुरम परिसर में भी रिफाइंड सोयाबीन तेल और हल्दी पाउडर के नमूने एकत्र किए गए। दोनों जगह बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार बंद करने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह, अवनीश कुमार सिंह, राकेश कुमार और पल्लवी यादव मौजूद रहे। विवि प्रशासन से प्रो. नीरज मिश्रा और प्रो. एसपी कनौजिया ने भी निरीक्षण में सहयोग किया। खाद्य सुरक्षा विभाग की एक अन्य टीम ने आलमबाग थाना क्षेत्र के कैलासपुरी स्थित सोनू शर्मा बूंदी ट्रेडर पर छापा मारा। यहां भी बिना लाइसेंस के कारोबार हो रहा था। निरीक्षण के दौरान घुनी हुई चने की दाल से बेसन पीसकर बूंदी बनाई जा रही थी। मौके से बूंदी, बेसन, दाल, रिफाइंड तेल और मैदा सहित कुल 6 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे गए। जनहित में 590 किलो खाद्य सामग्री सील कर दी गई जिसकी कीमत करीब 64,984 रुपये आंकी गई। जब्त सामग्री में 2 क्विंटल बूंदी (28,000 रु.), 118 किलो दाल (9,440 रु.), 2 क्विंटल बेसन (18,000 रु.), 60 ली. रिफाइंड तेल (9,180 रु.) और 15 किलो मैदा (364 रुपये) शामिल हैं।

## शहीदों की आत्मा की शांति के लिए कांग्रेस कार्यालय पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**लखनऊ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में शहीदों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना हेतु प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि एवं सर्व धर्म पाठ आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा का संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने किया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में उपस्थिति सभी धर्म गुरुओं ने आतंकी हमले में शहीदों की आत्मा की शांति के लिए अपने-अपने रीति रिवाजों से शांति पाठ कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इस नृशंस नरसंहार से पूरा देश स्तब्ध है आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए और इसके लिए कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ है। श्री राय ने कहा कि आतंकी हमले में जो हमारे नागरिक शहीद हुए हैं, कांग्रेस पार्टी उनके परिजनों के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है।

## गंगापुल के रख-रखाव का कार्य निर्धारित समय-सीमा से पूर्व अपने अंतिम चरण में पहुंचा

▸ उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल ने अर्जित की उल्लेखनीय उपलब्धि

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** रेल यातायात के कुशल और समयबद्ध परिचालन की दिशा में सदैव की भांति अपनी संकल्पित एवं निष्ठावान भूमिका का निर्वहन करते हुए 26 अप्रैल को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा एक उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की गई। जिसके अंतर्गत मंडल के लखनऊ-कानपुर पुल बायां किनारा रेलखंड पर स्थित गंगा पुल (ब्रिज संख्या 110) पर विगत 20 मार्च से चल रहे रखरखाव एवं मरम्मत के कार्य जो कि संपन्न करने की निर्धारित अवधि 30 अप्रैल थी। यह कार्य अपने निर्धारित समय से पहले ही संपन्न होने के अपने अंतिम चरण में है तथा इसे 28 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा।

इस कार्य के तहत 857 मीटर लंबे इस ब्रिज पर 1706 स्लीपर बदले गए हैं। इस कार्य के उपरांत इस ब्रिज पर गाड़ियों के संरक्षित और समयबद्ध परिचालन को एक नई दिशा मिलेगी। इस रख-रखाव कार्य के बाद इस रेलपथ पर दिनांक 29 अप्रैल 2025 से गाड़ियों का संचालन प्रारंभ हो जाएगा। प्रारंभ में गाड़ियों को 15 किमी. प्रतिघंटा इसके बाद 30 किमी. प्रतिघंटा और उसके बाद 45 किमी. प्रति घंटा की निर्धारित गति से चलाया जाएगा। इसी क्रम में आज दिनांक 26.04.2025 को मंडल रेल प्रबंधक, एस. एम. शर्मा मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ गंगापुल पर पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने इसके रखरखाव एवं इसकी मरम्मत के कार्यों की कार्य प्रक्रिया एवं गुणवत्ता को बारीकी से परखा एवं इस संबंध में अपने अपने आवश्यक निर्देश पारित किए । उन्होंने निर्धारित समय से पूर्व संपन्न किए जाने वाले इस कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों एवं कर्मचारी की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने ब्रिज संख्या 77 के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया तथा वहां उपस्थित मीडिया कर्मियों से संवाद किया। इससे पूर्व मंडल रेल प्रबंधक ने लखनऊ से गंगापुल की ओर आते समय विंडो ट्रेलिंग करते हुए लखनऊ-कानपुर पुल बायां किनारा रेल खंड की विंडो ट्रेनिंग करते हुए रेल पथ की संरक्षा को परखा। उन्होंने गर्मी के मौसम में पटरियों में होने वाले बदलाव को ध्यान में रखते हुए रेलपथ के उचित रखरखाव करने की बात कही। इस निरीक्षण कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक, सचिन वर्मा सहित अन्य विभागों के शाखाध्यक्ष एवं अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अधूरे कार्यों को त्वरित गति से पूरा कर लाभार्थियों को उनके आवासों पर दिलाएं कब्जा : प्रेरणा शर्मा

▸ निदेशक सूडा ने किया लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** नवागत निदेशक सूडा प्रेरणा शर्मा ने शनिवार को पीएम आवास योजना के तहत निर्मित लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया।

इस दौरान निदेशक सूडा ने कहा कि उक्त प्रोजेक्ट में जो भी काम अभी तक पूर्ण नहीं हो पाए हैं, उनको त्वरित गति से पूरा कर लाभार्थियों को जल्द से जल्द उनके आवासों पर कब्जा दिलाया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत अवध विहार योजना में लाइट हाउस प्रोजेक्ट निर्मित है। नवीनतम तकनीकी स्टे-इन प्लेस-फायरवर्क्स सिस्टम विद-पीईबी स्ट्रक्चर पर आधारित एलएचपी के निर्माण की जिम्मेदारी जैम सस्टेनबल हाउसिंग एल.एल.पी को दी गई थी। एलएचपी में कुल 1040 फ्लैटों का निर्माण किया गया है। लेकिन कतिपय कारणों के चलते एलएचपी का निर्माण करने वाली कंपनी जैम सस्टेनबल हाउसिंग एल.एल.पी द्वारा अभी भी कुछ फ्लैटों की फिनिशिंग का कार्य पूरा नहीं किया गया था, जिससे आवंटियों को उनके घरों का कब्जा नहीं मिल पा रहा था। इसके साथ ही आवंटियों के द्वारा लिफ्ट से संबंधित समस्याओं की शिकायत भी आई थी। जिसके बाद निदेशक सूडा ने स्वयं आज एलएचपी का निरीक्षण किया। निदेशक सूडा ने निर्माण संस्था के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सभी अपूर्ण कार्य निश्चित समय अवधि में पूरे किए जाएं। इस बाबत निर्माण संस्था को निर्देशित करते हुए निदेशक सूडा ने कहा कि सोमवार तक संस्था के द्वारा टाइम चार्ट के साथ अपना प्लान उपलब्ध कराया जाए।

सकारात्मक परिणाम

### योगी सरकार ने राप्ती, रोहिन, घाघरा, कुआनो और गुर्रा नदियों के तटबंध पर कराए हैं कार्य

## योगी सरकार में सुदृढ़ हो रहे नदियों के तटबंध, बाढ़ से बचेंगे गांव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** दशकों तक बाढ़ की विभीषिका को झेलने के लिए अभिशप्त रहे गोरखपुर को बाढ़ बचाव के लिए संवेदनशील योगी सरकार की समयबद्ध कार्ययोजना का सकारात्मक परिणाम साल दर साल दिख रहा है। 2017 के बाद से लगातार हो रहे बाढ़ सुरक्षा के कार्यों से नदियों के तटबंध सुरक्षित होते गए और जिले में होने वाली व्यापक हानि में अभूतपूर्व कमी आई है।

योगी सरकार में नदियों के तटबंधों को सुरक्षित करने का सिलसिला लगातार जारी है और इससे बड़े पैमाने पर गांवों को बाढ़ की त्रासदी से बचाने में कामयाबी मिली है। इसी सिलसिले



को आगे बढ़ाते हुए इस साल भी बाढ़ की दस्तक से काफी पहले ही गोरखपुर में 119 करोड़ रुपये से अधिक की बाढ़ बचाव परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। आगामी दिनों में इन कार्यों का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों संभावित है।

गोरखपुर में बाढ़ खंड, बाढ़ खंड-2 और ड्रेनेज खंड ने कुल मिलाकर बाढ़ सुरक्षा की 27 परियोजनाओं को पूर्ण कर लिया है। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता विकास सिंह के अनुसार ये परियोजनाएं राप्ती, रोहिन, घाघरा, गुर्रा, कुआनो नदियों के तटबंधों और इन तटबंधों के आसपास बसे गांवों को मानसून में बाढ़ की त्रासदी से बचाने की हैं। इन परियोजनाओं का लाभ जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों गोरखपुर ग्रामीण, चौरीचौरा, खजनी, बांसगांव, सहजनवां, कैम्पियरगंज और चिल्लूपार की जनता को मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि बीते कुछ सालों से गोरखपुर में बाढ़ की स्थिति पर काफी नियंत्रण पा लिया गया है। जबकि एक लंबे समय तक बाढ़ की त्रासदी इसकी पहचान से जुड़ गई थी। 1998 की प्रलयंकारी बाढ़ तो आज भी लोगों को याद है। बाढ़ पर काबू पाने का सिलसिला तब शुरू हुआ जब 2017 में योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने। अपने संसदीय कार्यकाल से ही वह जिले में आने वाली बाढ़ से वाकिफ थे। लिहाजा मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने कार्ययोजना बनवाकर जहां जरूरत हुई वहां नदियों की ड्रेजिंग कराई, नदियों की धारा को चैनलाइज कराया, बड़े पैमाने पर बंधों पर बोल्डर पिचिंग के काम कराए।

### सीएम योगी से मथुरा सांसद हेमा मालिनी ने की मुलाकात



**लखनऊ।** पहलागाम में हुए आतंकी हमले को लेकर मथुरा सांसद और बीजेपी नेता हेमा मालिनी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले हेमा मालिनी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आवास पर मुलाकात की है। मथुरा में चल रहे प्रोजेक्ट और कई बिंदुओं पर वार्ता की है। मीडिया से बातचीत करते हुए हेमा मालिनी ने लखनऊ में कहा कि यह हमला बहुत ही दुखद है। हम कल्पना भी नहीं कर सकते थे कि ऐसा कुछ होगा। पूरा देश आहत है। हमारी सरकार इस हमले की पूरी तरह से जांच कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निश्चित तौर पर इसका जवाब देंगे और कुछ ठोस कदम उठाएंगे। सीएम योगी से आवास पर मुलाकात के दौरान हेमा मालिनी ने प्रदेश में कानून व्यवस्था और विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक, मथुरा से जुड़े कई मुद्दों पर भी बातचीत हुई।

## शिवपुर बैरागी की गौशाला में मवेशियों की मौत का तांडव, प्रशासन बना मूकदर्शक

# भूख-प्यास से तड़पकर दम तोड़ रहे हैं बेजुबान

समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** विशेश्वरगंज ब्लॉक के शिवपुर बैरागी गांव से बेहद दर्दनाक तस्वीरें सामने आई हैं। गांव की गौशाला में मवेशियों को न पानी उपलब्ध है, न छाया, और न ही पर्याप्त चारा। परिणामस्वरूप दर्जनों मवेशियों की भूख और प्यास से तड़प-तड़पकर मौत हो चुकी है। स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और प्रशासनिक उदासीनता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।





ग्रामीणों के अनुसार, गौशाला में केवल तपती जमीन पर थोड़ा-बहुत भूसा डालकर मवेशियों को जीने के लिए छोड़ दिया गया है। जलती धूप में बिना पानी के जानवर दम तोड़ रहे हैं। कई मवेशी जमीन पर गिरे पड़े मिले, जिनमें से कई ने तड़पते हुए अपनी जान गंवा दी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकारी योजनाओं के तहत गौशाला के लिए अनुदान तो जारी किया गया, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं नहीं की गईं।

उनका कहना है कि गौशाला संचालक और जिम्मेदार अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं और सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि गांव में डर और गुस्से का माहौल है। ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से गौशाला की व्यवस्थाएं सुधारी जाएं, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और मवेशियों के लिए पानी, छाया और चारे का समुचित प्रबंध किया जाए। अब सवाल उठता है कि बेजुबानों की जान की कीमत आखिर कब समझेगा प्रशासन? क्या जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं?

### आग लगने से 17 झोपड़ी जलकर हो गई नष्ट



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** उप जिलाधिकारी पयागपुर राकेश कुमार मौर्या ने बताया कि तहसील पयागपुर के थाना रानीपुर अन्तर्गत अपरान्ह लगभग 02:30 बजे हुई अग्निदुर्घटना में 17 झोपड़ी जल कर नष्ट हो गईं हैं। इसके अलावा अग्निदुर्घटना में 01 भैंस, 03 गाय, 02 बछड़े और 19 बकरियों की जलने से मृत्यु हो गई है तथा 04 जानवर घायल हुए है। अग्निदुर्घटना से कोई जनहानि नहीं हुई है। उप जिलाधिकारी श्री मौर्या ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर राजस्व, पुलिस विभाग, पशु चिकित्सा व अग्निशमन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। दुर्घटना स्थल पर तकनीकी खराबी के कारण दमकल वाहन द्वारा पानी खींच न पाने कारण मौके पर मौजूद स्टाफ व ग्रामवासियों के सहयोग से आग को नियंत्रित कर बुझाया गया। श्री मौर्या ने बताया कि अग्निशमन विभाग को कड़ी चेतावनी दी गई है कि अग्निशमन से सम्बिन्धित उपकरणों को प्रत्येक दशा में क्रियाशील रखा जाये अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जायेगी। श्री मौर्या ने बताया कि अग्निकांड से पीड़ित परिवारों को भोजन एवं राशन की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से कराई गई है जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने बताया कि अग्निकाण्ड में हुई क्षति का आंकलन राजस्व कर्मियों से कराया जा रहा है।

# अभियान में प्रशासन की कार्रवाई : ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत दो डंपर सीज, एक पर जुर्माना

समृद्धि न्यूज



- अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ लगातार जारी रहेगा अभियान : जिलाधिकारी
- नवाबगंज, सरयू घाट व तरबगंज क्षेत्र में चली सघन जांच

**गोण्डा।** जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन व परिवहन पर सख्ती बरतते हुए शुक्रवार को जनपद में बड़े स्तर पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। खनन विभाग, परिवहन विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कई अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई गई।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर खनन अधिकारी अभय रंजन और यात्री कर अधिकारी शैलेंद्र तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार देर रात विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान अंबेडकर चौराहे से नवाबगंज होते हुए सरयू घाट और तरबगंज, बेलसर तक निरीक्षण किया गया। नंदिनी नगर कॉलेज के सामने मिट्टी ढो रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया, जो बिना किसी वैध अनुमति और दस्तावेजों के परिवहन कर रही थी। वहीं, सरयू घाट चौकी पर बालू लदे एक ट्रक का ऑनलाइन चालान किया गया, जो निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर रहा था। इसी अभियान में दो डम्पर भी पकड़े गए, जो अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन कर रहे थे। इन वाहनों के पास न तो फिटनेस सर्टिफिकेट था, न ही टैक्स भुगतान और न ही प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र। खनन अधिकारी की उपस्थिति में इन डम्परों को सरयू घाट चौकी पर निरुद्ध कर अग्रिम कार्रवाई के लिए कब्जे में ले लिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना अनुमति संचालित वाहनों के विरुद्ध सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने खनन और परिवहन विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे सतर्कता बरतते हुए राजस्व की क्षति और पर्यावरणीय नुकसान को रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## खबरें एक नजर में

### खेत गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरदहा कला के लोनियन पुरवा गांव निवासी मुन्नू लाल चौहान पुत्र बाबू जो शनिवार की सुबह मक्के के खेत में पानी चलाने गया हुआ था। दोपहर में उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत के पास मिला। पैर, जांघ, कान एवं सीने पर जले का गंभीर जख्म दिखाई दिया। सूचना के बाद मौके पर उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और तब्दीश शुरू की। मृतक की पत्नी चमेली देवी ने पुलिस को तहरीर देकर करंट लगने से मौत की आशंका जताई है। लेकिन दूर दूर तक विधुत प्रवाह के कोई संकेत नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे दो बेटे दिलीप और सूरज भान तथा, तीन बेटी सीमा, सोना, सुंदरी एवं पत्नी चमेली देवी को छोड़ गया है। जिसमें दिलीप और सीमा विवाहित हैं। थानाध्यक्ष जयदीप कुमार दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

### आरपीएफ प्रभारी ने पकड़ी शराब की खेप



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** पहलगाम/जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के मदेनजर ट्रेनों में की जा रही सघन जांच अभियान के आगमन पर रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ प्रभारी अनिरुद्ध राय उनके सहयोगी कर्मचारी द्वारा तथा सीआईबी के द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग के दौरान जनरल कोच के लैट्रिन के पास बने गैलरी में एक लावारिस सफेद रंग का बोरा मिला। उक्त बोरा के स्वामित्व के संबंध में यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी भी यात्री के द्वारा अपना होना नहीं बताया गया। उक्त गाड़ी के आने पर समय करीब 18/45 बजे उक्त बोरा को प्लेटफार्म संख्या दो पर उतारकर चेक करने पर देसी शराब झूम बराबर एवं दो अदद 8 पीएम शराब का टेट्रा पैक बरामद हुआ। हजारों रूपये की जप्त सुदा शराब जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोंडा पर सुरक्षित रखा गया है।

### सन्दर्भ निस्तारण में शिथिलता पर कार्मिक को मिली चेतावनी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** आई.जी.आर.एस. संदर्भ संख्या 40018025019530 दिनांक 07 अप्रैल 2025 का उपायुक्त स्वतः रोज़गार कार्यालय के कम्प्यूटर सचिन कुमार द्वारा नियत तिथि/निर्धारित समयान्तर्गत निस्तारण/कार्यवाही न करने के कारण उक्त प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में प्रदर्शित हुआ है। जिससे जनपद की रैकिंग प्रभावित हुई। इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए उपायुक्त स्वतः रोज़गार द्वारा सम्बन्धित कार्मिक को चेतावनी जारी करते हुए सचेत किया है कि भविष्य में पुनरावृत्ति होने पर आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### शौचालय आवंटन में हुई धांधली की शिकायत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** पंडरी कृपाल ब्लॉक के दत्तनगर बिसेन गांव निवासिनी नीलम सिंह पत्नी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने शनिवार डीपीआरओ को शिकायती पत्र देकर ग्राम पंचायत में शौचायल आवंटन में किए गए धांधली सहित विकास कार्यों की जांच कराए जाने की मांग की हैं। शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में विगत वित्तीय वर्ष में ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव ने अपात्रों को शौचालय का आवंटन कर दिया। जबकि शौचायल निर्माण नहीं कराया गया।और धनराशि डकार ली गई। प्रार्थीनी ने ग्राम पंचायत में हुई अन्य विकास कार्यों की जांच कराकर जो दोषी पाएं जाय उन कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### त्वरित प्रतिक्रिया के लिए सभी कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** शनिवार दोपहर को महाराजा सुहेलदेव चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में अग्नि सुरक्षा पर आधारित मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रूम नंबर 06 के सामने स्थित पार्क में संपन्न हुआ। मुख्य अग्निशमन अधिकारी बहराइच के नेतृत्व में आई टीम ने संकाय सदस्यों, चिकित्सकों तथा कर्मचारियों को आग से बचाव एवं अग्नि शमन के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। मॉकड्रिल के दौरान एबीसी एवं सीओटू अग्निशमन सिलेंडरों के प्रयोग की विधि, सावधानियों तथा आपातकालीन स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीके भी बताए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम.एम. त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी डॉ. अरविंद शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### मीरपुर कस्बा में निर्मित होगा अनुसूचित जनजाति छात्रावास


**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत परगना बहराइच के ग्राम मीरपुरकस्बा में अनुसूचित जनजाति छात्रावास (50 छात्र क्षमता) के निर्माण हेतु खसरा/गाटा संख्या 1041 क्षेत्रफल 0.1500 हेक्टयर नवीन परती भूमि का आवंटन जनजाति विकास विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ को किया गया है।

## मेडिकल कॉलेज में सफलतापूर्वक की गई लिम्ब रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** महाराजा सुहेलदेव चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच के ऑर्थोपेडिक विभाग ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानाचार्य डॉ. संजय खत्री के मार्गदर्शन में विभाग ने एक जटिल लिम्ब रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी को सफलतापूर्वक संपन्न किया।यह सर्जरी ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. मितलेश कुमार एवं उनकी टीम द्वारा कल महाविद्यालय में की गई।

टीम में डॉ. अंकित मिश्रा, डॉ. अमन रस्तोगी तथा एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. आशीष अग्रवाल भी शामिल रहे।मीडिया प्रभारी डॉ. अरविंद शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सर्जरी लिम्ब रिकंस्ट्रक्शन सिस्टम तकनीक के माध्यम से की गई। एलआरएस एक विशेष प्रकार का स्थायी बाह्य स्थिरीकरण उपकरण है, जिसका उपयोग जटिल अस्थि विकृति,



लंबाई में कमी, या पुराने फ्रैक्चर के सुधार के लिए किया जाता है। इसमें हड्डी को धीरे-धीरे सही आकार एवं लंबाई में लाया जाता है, जिससे रोगी को फिर से सामान्य जीवन जीने में सहायता मिलती है। इस सर्जरी के अंतर्गत 34 वर्षीय ननके, निवासी मिहीपुरवा, बहराइच का उपचार किया गया। ननके को एक पुराने फ्रैक्चर के कारण पैर में असमानता और चलने में कठिनाई हो रही थी। अब इस सफल सर्जरी के बाद उनकी स्थिति में तेजी से सुधार की उम्मीद है। प्रधानाचार्य डॉ. संजय खत्री ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच लगातार उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में नए मील के पत्थर स्थापित कर रहा है।

### चोरी का खुलासा नहीं कर पाई पुलिस, पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**बहराइच।** देहात कोतवाली के सरस्वती नगर झुडिया निवासी अरुण कुमार तिवारी ने शनिवार को एसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 22 अप्रैल को रात्रि आठ बजे अपनी ससुराल में श्रीमद्भागवत कथा के भण्डारे में अपने परिवार सहित गया था, तथा उसी रात्रि में अज्ञात लोगों द्वारा प्रार्थी के घर की छत में लगे लोहे की जाल को तोड़ व हटाकर कमरे का लॉक तोड़कर बक्से में ताला को तोड़कर रखा हुआ कीमती सामान दो सोने की चैन, सोने की झुमकी एक जोड़ी, सोने की अंगूठी दो, सोने का पान दो, तीन सोने के मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने का टप्स, 07 जोड़ी पैर का बिछुवा चांदी का, 05 जोड़ी चांदी की पायल, 500 ग्राम हाथफूल चांदी का, चांदी की राखी, चांदी के गणेश जी, खड्डुहा, व चार कील नाक की सोने की. 10 चांदी के सिक्के, व कुछ पुरानी चांदी, व लगभग 45000/- रूपये नगद अज्ञात चोर उठा ले गये थे जिसकी जानकारी होने पर प्रार्थी ने मुकदमा उपरोक्त थाना कोतवाली देहात में दर्ज कराया था।

## बढ़ते हुए अपराधों पर लगाएं लगाम : एसपी

- एसपी ने किया थाना कैसरगंज का वार्षिक निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने थाना कैसरगंज का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सर्वप्रथम थाना कार्यालय के आगंतुक कक्ष, विवेचना कक्ष, बंदीगृह, महिला हेल्पडेस्क व कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण कर समस्त अभिलेखों यथा अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, आगन्तुक रजिस्टर आदि का अवलोकन कर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी व लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की।

साथ ही फरियादियों/आगंतुकों के साथ अच्छा व्यवहार करने और बैठने की व्यवस्था तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था व शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। थाना परिसर, मालखाना, हवालात, भोजनालय, बैरक का निरीक्षण कर उच्च कोटि की साफ-सफाई रखने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया। थाने के आर्म एम्युनेशन का निरीक्षण कर साफ सफाई हेतु निर्देशित किया। बीट पुलिस अधिकारियों, आरक्षियों व हल्का प्रभारियों को स्थानीय सम्भ्रान्त व्यक्तियों से विनम्र आचरण रखते हुए समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया। थाना प्रभारी को सक्रिय अपराधियों तथा 10 साला अपराधियों, हत्या, लूट, डकैती, नकबजनी आदि का सत्यापन कर उनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।

थाना प्रांगण में सी.सी.टी.वी. कैमरो की दशा व दिशा दुरस्त रखने हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया। रजिस्टरों के व्यवस्थित रख रखाव एवं मालखाने में माल का क्रमवार रख-रखाव सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया। थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि थाने पर आने वाले आगुन्तकों को सम्मानपूर्वक बैठाकर उनकी बातो/शिकायतों को सुनकर विधिक निस्तारण किया जाये, ताकि उनको अनावश्यक मुख्यालय न जाना पड़े। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत थानाक्षेत्र के सभी मुख्य चौराहों, तिराहों व संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने हेतु निर्देशित किया। समस्त विवेचकों से लम्बित विवेचना समीक्षा कर उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर, थाना प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## आवास में अनियमितता की शिकायत पर जांच शुरु

### आयुक्त ने दिए जांच के निर्देश, उपनिदेशक पंचायत करेंगे जांच, 10 दिन में सौंपनी होगी रिपोर्ट



#### आयुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि सरकारी योजनाओं के लाभ देते समय पूरी पारदर्शिता बरती जाये। योजनाओं का लाभ केवल पात्र व्यक्ति को ही मिलना चाहिए। किसी भी अपात्र को लाभ न मिलें, यदि किसी अधिकारी द्वारा पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ न देकर अपात्र को लाभ दिया जाता है तो सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### कार्यालय में बैठकर करें जनसुनवाई

आयुक्त देवीपाटन मंडल ने सभी मंडलीय अधिकारियों के निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस में अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक बैठकर जनसुनवाई करें। यदि कोई अधिकारी अनुपस्थित मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

समृद्धि न्यूज

**देवीपाटन मण्डल गोण्डा।** प्रधानमंत्री आवास का लाभ अनियमित ढंग से दिये जाने को लेकर आयुक्त को दिये गये शिकायती पत्र पर आयुक्त ने उप निदेशक पंचायत देवीपाटन मण्डल गोण्डा को जांच सौंपी है।

दरअसल मामला बहराइच की नानपारा तहसील के विकास खण्ड नवाबगंज के एक ग्राम शीतलगांव का है। यहां ग्राम के एक निवासी कुलदीप कुमार मिश्र पुत्र कैलाशनाथ ने आयुक्त को शिकायती पत्र देते हुए शिकायत की है कि आवास प्लस सूची के कमांक 25 पर आवास प्लस आईडी -140656216 पर दर्ज मीना देवी पत्नी राजाराम निवासी चौगोई के स्थान पर मीना देवी पत्नी बराती लाल निवासी सबुना को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया गया है। उन्होंने आयुक्त से इस मामले की जाँच कराकर ग्राम प्रधान व सचिव के विरूद्ध कार्यवाही कराये जाने का अनुरोध किया है। शिकायती पत्र पर आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने देवीपाटन मण्डल गोण्डा के उपनिदेशक पंचायत को निर्देश दिए हैं कि वह प्रार्थी के शिकायती प्रार्थना-पत्र में उल्लिखित तथ्यों की स्वयं जॉच कर अभिलेखीय साक्ष्यों पर आधारित तथ्यात्मक जॉच आख्या दस दिवस में प्रस्तुत करें।

### विहिप की विधि प्रकोष्ठ अवध प्रांत की बैठक हुई संपन्न

**बहराइच।** शनिवार को विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ अवध प्रांत की बैठक जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय संयोजक विधि प्रकोष्ठ अभिषेक आत्रे, क्षेत्र संयोजक बृजेंद्र सिंह व प्रांत संयोजक डॉ संजय सिंह उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए क्षेत्र संयोजक बृजेंद्र ने कहा की सीमांचल पर मस्जिद, मदरसा और मुसलमान इन तीन शब्दों में जनसंख्या घनत्व को पूरी तरह से बदल दिया है जो चिंता का विषय है। सीमांचल पर हो रहे लव जिहाद, लैंड जिहाद और धर्मांतरण की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिस पर विधि प्रकोष्ठ को विश्व हिंदू परिषद के सभी आयामों के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय संयोजक अभिषेक ने वक्फ के द्वारा अधिग्रहीत की गई व्यक्तिगत व सरकारी जमीन को वापस लाने का रास्ता भी बतलाया। बैठक की व्यवस्था विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अजीत सिंह व जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद तरुण सिंह द्वारा प्रभावी रूप से की गई।

## मंडल स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सनशाइन रहा ऑल ओवर चैंपियन

समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** स्पोर्ट्स स्टेडियम बलरामपुर में जिला खेल कार्यालय बलरामपुर व जिला बॉक्सिंग संघ के बैनर तले आयोजित मंडल स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल कि टीमों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया व खिलाड़ियों ने अपने शौर्य दिखाए जिसमें जिला श्रावस्ती के इकौना क्षेत्र के सनशाइन पब्लिक स्कूल के बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने भी कोच सूर्य प्रकाश पांडेय के मार्गदर्शन में मंडल स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर बालक व बालिका श्रावस्ती कि दोनों टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं बहराइच द्वितीय तथा बलरामपुर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्रावस्ती के सनशाइन पब्लिक स्कूल के ऑल ओवर विजेता खिलाड़ी में बालिका वर्ग स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी अंजली आर्या, शिवांगी गुप्ता, सलोनी शुक्ला, प्रिया, शिक्षा सिंह व रजत पदक विजेता खिलाड़ी दिव्यांशी यादव, अनुप्रिया शुक्ला तथा बालक वर्ग पदक विजेता खिलाड़ी, अहम शुक्ला, अमरजीत यादव, प्रभाकर मिश्रा, अंशुमान, आदर्श तिवारी, प्रिंस यादव, प्रिंस दुबे, अभय तिवारी, आलेख जैसवाल, नीरज गोस्वामी, दीपक गोस्वामी, शुभम शुक्ला, अखिलेश यादव, सर्वेश कुमार, आलोक सिंह, आलोक यादव, अंश गुप्ता, दिव्यांश यादव, को जिला क्रीड़ा अधिकारी बलरामपुर व चेयरमैन बलरामपुर के साथ अन्य राजनैतिक प्रशासनिक व खेल अधिकारियों ने सम्मानित कर निरंतर खेल क्षेत्र में जिले प्रदेश व देश का नाम रोशन करने हेतु प्रोत्साहित किया, साथ में कोच सूर्य प्रकाश पांडेय को इस बड़ी उपलब्धि हेतु प्रथम टीम व कोच ट्राफी देकर हौसला बढ़ाया। इकौना क्षेत्र के सनशाइन पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों को स्कूल के डायरेक्टर, राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित डॉ भूदेश्वर पांडेय ने पूर्ण सहयोग के साथ विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर निरंतर स्कूल का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया।

## पूर्व छात्र सम्मेलन में छात्रों ने विद्यालय में अध्ययन-अध्यापन को मुक्त कंठ से सराहा

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** एल. बी. एस. डिग्री कॉलेज में पूर्व छात्र सम्मेलन संपन्न हुआ। महाविद्यालय में पूर्व विद्यार्थियों ने ढेर सारी पुरानी यादें साझा की। अपने छात्र जीवन की अनगिनत स्मृतियों को साझा करते हुए इन पूर्व विद्यार्थियों ने एलबीएस कॉलेज और यहां के अध्ययन-अध्यापन के वातावरण को मुक्त कंठ से सराहा।

मुक्त अभिव्यक्ति सत्र में चंपारन बिहार से आए मनीष कुमार पांडेय ने अपनी भावनाओं को साझा किया। अधिवक्ता सुरेंद्र मिश्र, गोपाल मित्तल, अखिलेश सिंह, संदीप पाण्डेय, शालिनी शुक्ला, पुष्कर बाबू सहित कई पूर्व छात्रों ने अपने विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने आए हुए समस्त पूर्व विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था के पूर्व छात्र उसकी उपलब्धि का प्रतिमान



होते हैं। प्रबंध समिति के सचिव और महाविद्यालय के पूर्व छात्र रह उमेश शाह ने आए सभी पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार ने महाविद्यालय के अतीत और वर्तमान की परिवर्तनशील स्थितियों को स्पष्ट करते हुए बताया कि कोई भी संस्थान बड़ी-बड़ी इमारतों और अवसंरचनात्मक सुविधाओं से महान नहीं होता बल्कि उसमें पढ़ने वाले विद्यार्थी और अध्यापन करने वाले शिक्षक उस संस्था को महान बनाते हैं।

उन्होंने अतिथियों के साथ देश के अलग-अलग हिस्से से आए हुए पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत किया। महाविद्यालय के पूर्व छात्र परिषद के सचिव प्रो. जयशंकर तिवारी ने परिषद के गठन की रूपरेखा और उसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

उन्होंने महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुके ऐसे सभी पूर्व विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वह महाविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर पूर्व छात्र के रूप में अपने को पंजीकृत करें क्योंकि इससे महाविद्यालय अपनी उपलब्धियों पर जहां गौरवान्वित होगा, वहीं उसकी शक्ति में बढ़ोत्तरी होगी। साक्षी पांडेय और महक सिंह ने सरस्वती वंदना और वर्षा पांडेय, प्रियांशी साहू, वंदन भारतीय और रुचि कुमारी ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत करके आगंतुकों का स्वागत किया। साक्षी पांडेय ने रंगीलो मारो ढोलना धुन पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी पुष्कर बाबू ने चलो देखि आई गोंड़ा कै डिगरी कालिज गीत प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन नैक-समन्वयक प्रो. जितेंद्र सिंह ने किया।

**शोक** — सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज में शिक्षकों व छात्रों ने मौन धारण करके प्रार्थना की

# आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि




समृद्धि न्यूज

**गोन्डा।** जनपद के जानकी नगर स्थित सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज में शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये लोगों के मृत आत्माओं के शान्ति हेतु मौन धारण करके प्रार्थना की। इस सम्बन्ध में कड़ी निन्दा करते हुए शिक्षकों ने सरकार से मांग की कुछ ऐसा करें जिससे भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि ये घटना पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।देश का हर नागरिक का कर्तव्य है कि सरकार जो निर्णय ले सभी नागरिक उसका पालन करें।अभी 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने देश के अलग अलग राज्यों से आये हुए पर्यटकों की गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी थी।

उसी निर्मम हत्या के विरोध में विद्यालय परिसर में विद्यालय के शिक्षक /शिक्षिकाओं तथा विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने पहलगाम में मारे गए सभी नागरिकों को श्रद्धांजलि दिया और ईश्वर से प्रार्थना किया सभी मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करें। श्रद्धांजलि सभा के दौरान स्कूल के सह-प्रबंधक माया शंकर जोशी, उप प्रधानाचार्य एस. एन. चतुर्वेदी, सुनीत श्रीवास्तव, एम.एन. शुक्ला, सहित सभी शिक्षक शिक्षकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### हमले के विरोध में शांति मार्च निकालकर की गई श्रद्धांजलि सभा

**बहराइच।** नगर पंचायत जरवल के हिंदू उत्सव समिति की तरफ से पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में एक शांति मार्च निकाला गया और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सचिन गर्ग की अगुवाई में जरवल गल्ला मंडी से मारे गए भारतीयों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए एक शांति मार्च निकाला जो जरवल चौक बाजार होते हुए लखनऊ बहराइच मार्ग से होते हुए बद्री शाह शिशु मंदिर पहुंचा जहां पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया लोगों ने मोमबत्ती जलाकर मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब देने की बात कही श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कर रहे लोकतंत्र सेनानी



लोगों ने मोमबत्ती जलाकर मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से की प्रार्थना

प्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा की आतंकवाद हमारे देश में एक बहुत बड़ी समस्या है जिससे हम सभी भारतवासियों को हर हाल में अपना सहयोग करके आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देना है श्री गुप्ता कश्मीर के इतिहास के बारे में भी बातें बताइ राजा हरि सिंह से लेकर के अब तक के इतिहास के बारे में बताया शोक सभा को त्रिवेणी गुप्ता प्रमोद कसौंधन लवकुश गुप्ता राजा कसौधन डॉक्टर दीपक गुप्ता आदि लोगों ने अपने विचार रखें और अंत में 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई शोक सभा में परमेश अग्रवाल अशोक सोनी कृष्ण मुरारी अग्रवाल राजेश सर्राफ विजय सर्राफ सुनील कुमार आदि लोग उपस्थित रहे श्रद्धांजलि सभा का संचालन संतोष श्रीवास्तव ने किया।

# डीएम-एसपी ने सुनी शिकायतें, लेखपाल को लगाई फटकार

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह की अध्यक्षता में डलमऊ कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस के मौके पर कुल 9 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें मात्र दो प्रार्थना पत्रों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका शेष प्रार्थना पत्र को संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द करते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पक्षता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।



आयोजित समाधान दिवस में डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के छज्जू पुर ग्राम निवासी राजेंद्र कुमार और अंबा ग्राम निवासी बिटाना द्वारा आबादी एवं बंजर भूमि पर कब्जेदारी के विवाद की शिकायत का निराकरण न होने पर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पूर्व में कई बार शिकायती पत्र दिए गए लेकिन निराकरण नहीं हो सका जिस पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने क्षेत्रीय लेखपाल मनोज कुमार पाल को जमकर फटकार लगाई, जमीन से जुड़े कई मामले में लेखपाल मनोज पाल को सस्पेंड करने का वार्निंग दी गई वही पखरौली ग्राम सभा के क्षेत्रीय लेखपाल अजय यादव द्वारा विवादित मामलों की शिकायतों का निस्तारण न करने पर फटकार लगाई गई नरेंद्र पुर से आई मंजू को चौदह मील में कालोनी बनाने के लिए भूमि दिलाने की मांग की गई जिस पर डीएम ने उप जिलाधिकारी डलमऊ रजति राम गुप्ता को आवासीय आवंटन हेतु भूमि आवंटित करने के निर्देश दिए इस मौके पर उप जिलाधिकारी डलमऊ राजति राम गुप्ता तहसीलदार उमेश चंद नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ एवं सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### बड़ा मठ डलमऊ पहुंचे डीएम-एसपी

इसी क्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह समाधान दिवस के बाद संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ डलमऊ पहुंचे जहां पर महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर गुरुकुल शिक्षा प्रणाली का निरीक्षण किया स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि महाराज द्वारा संस्कृत गुरुकुल शिक्षा धर्म एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य पर विशेष चर्चा की इस दौरान गुरुकुल के छात्रों द्वारा संस्कृत भाषा में संवाद करने के साथ–साथ श्लोक आदि सुनाया गया

## नहर में बहता दिखा अज्ञात शव जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली में नहर में बहता हुआ एक अज्ञात व्यक्ति का शव दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुड़ गई दरअसल मामला शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे पांडे गांव स्थित शिवगढ़ रजबहा का है जहां शनिवार की सुबह ग्रामीणों को नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बहता हुआ दिखाई दिया जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों की शिनाख्त के लिए जांच पड़ताल में जुट गई है उधर मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक शिवगढ़ विंध्य विनय यादव ने बताया कि पूरे पांडे गांव के पास शिवगढ़ रजबहा में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है और आस पास के गांवों के ग्रामीणों के साथ ही आस पास के थाना क्षेत्रों में भी पुलिस से संपर्क कर शिनाख्त की कोशिश की जा रही है शव काफी पुराना प्रतीत हो रहा था।

## खबरें एक नजर में

### ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित ग्रामोद्योग इकाईयों को पुरस्कृत करेगा खादी-ग्रामोद्योग बोर्ड

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत विगत 05 वर्षो मे स्थापित एवं उतकृष्ट कार्य करने वाली कम से कम 03 वर्षो तक के उत्पाद बिक्री तथा कम पूंजी निवेश पर अधिक रोजगार पर राज्य सरकार उद्यमी पुरस्कार योजना मे वर्ष 2025–26 हेतु मण्डल स्तरीय समिति द्वारा पुरस्कार हेतु चयनित प्रथम इकाई को रु0–15000.00 द्वितीय को रु0–12000.00 तथा तृतीय को रु0–10000.00 धनराशि सहित प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इन्ही चयनित इकाईयो मे से प्रदेश स्तर पर प्रथम इकाई को रु0–40000.00 द्वितीय को रु0–30000.00 तथा तृतीय को रु0–20000.00 धनराशि के पुरस्कार सहित राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र दिया जायेगा। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनान्तर्गत विभिन्न ट्रेडो मे प्रशिक्षण प्राप्त जो उद्यमी इकाई स्वयं के श्रोतो से उत्कृष्ट कार्य कर रहे हो वो भी पुरस्कार हेतु प्रतिभाग कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो0–7408410810 एवं श्री आनन्द कुमार कनिष्ठ सहायक के मो0–8318013131 पर सम्पर्क कर सकते है।

### मौदहा सहित क्षेत्र में पराली जलाने का सिलसिला जोरों पर, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर सहित क्षेत्र में खेतों में खड़ी पराली जलाने का सिलसिला तेज हो गया है। पराली जलाने से अगल बगल के खेतों में पड़ा भूसा खड़ी फसल भी आग की चपेट में आ जाती है जिससे किसानों की धड़कनें तेज हो जाती है परन्तु जिम्मेदार पराली जलाने वाले लोगों को चिन्हित न करके उनको और बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं तथा वायुमंडल को दूषित कराने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे ही शनिवार को क्षेत्र के दो गांवों में पराली जलाने के बाद आग ने विकराल रूप धारण कर लोगों को असमंजस में डाल दिया। हालांकि लोगों ने किसी तरह आग पर काबू तो पाया लेकिन आग ने भारी मात्रा में भूसा को स्वाहा कर दिया। शनिवार को दोपहर बाद मकरांव गांव के मजरा तिंदुही में अज्ञात कारणों से खड़ी पराली में आग लग गई जिसमें लगभग आधा दर्जन से अधिक किसानों के खेतों में पड़े भूसे को आग ने अपनी जद में ले लिया और देखते ही देखते भूसा राख में तब्दील हो गया। भूसा में आग लगने की खबर पाकर मौके पर पहुंचे लोगों ने दमकल विभाग को आग लगने की सूचना देते हुए आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन वह नाकाम रहे और जब तक दमकल कर्मी वहां पहुंचते तब तक आग ने भूसा को राख में बदल दिया। ऐसा ही एक मामला क्षेत्र के गुरदहा में देखने को मिला जहां पराली जलाने के नाम पर अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। आग धीरे.धीरे पराली जलाते हुए खड़ी फसल के नजदीक पहुंचने लगी तभी फसल की कटाई कर रहे लोगों ने आनन.फानन ट्यूबवेल से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि लोग दबी जुबान गांव के ही लोगों पर आग लगाने का कयास लगा रहे हैं।

### ब्लैक स्पॉटस खत्म करने की मांग

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी श्री जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक नवीन सभागार, सरसैया घाट में संपन्न बैठक हुई, जिसमें जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए जिन्होंने अपने –अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में स्थित ब्लैक स्पॉट्स को खत्म करने पर विचार किया गया। मा. सांसद मिश्रिख अशोक रावत ने नगर में मौरंग से लदे ओवरलोडेड ट्रकों के आवा– गमन पर चिंता जाहिर करते हुए हमीरपुर राजमार्ग पर जाम व दुर्घटनाओं इत्यादि के विषय में अवगत कराते हुए इन समस्याओं की निराकरण हेतु ठोस प्रयास किए जाने की मांग की। उन्होंने सड़क सुरक्षा के संबंध में 4ई एजुकेशन, एनफोर्समेंट, इमरजेंसी और इंजीनियरिंग, जो सड़क सुरक्षा में सुधार का एक बेहतरीन मॉडल साबित हो सकता है, को धरातल पर लागू करने की भी मांग की। विधायक सरोज कुरील ने कानपुर में कबरई रा, जमार्ग में स्थित छह ब्लॉक स्पॉट्स के अलावा गांव के किनारे बसे हुए इलाकों में गांव की शुरुआत व अंत में स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की। इस पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने जेके मंदिर के पास, नौरैया खेड़ा बाई पास पर और थम्सअप चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की बात की मांग की। उन्होंने भौती – जाजमऊ उजएनी ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं की समस्या उठाई। श्री मैथानी ने पनकी धाम मंदिर के पास स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की। इस पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई उक्त समस्याओं के संबंध में लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से समस्याओं के समय से निस्तारण के निर्देश दिए गए
वहीं, एनफोर्समेंट (परावर्तन) के संबंध में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराते हुए कहा कि मार्च 2025 तक जनपद में गाड़ियों के 14000 चालान किए जिसमें 6920 गलत दिशा में वाहन चलाने 103 ड्रिंक एंड ड्राइव व 144 बिना लाइसेंस ड्राइविंग करने वालों के चालान किए गए।

### जमीनी विवाद को लेकर की मारपीट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** जमीन के विवाद को लेकर मारपीट का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलाईपुरा निवासी प्रदीप ने पुलिस को बताया कि गांव के ही मंगल जमीनी विवाद को लेकर अक्सर झगड़ा करते रहते हैं। शनिवार की सुबह वह घर आ धमके और अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रंगबाजी दिखा तीन हमलावरों ने ग्रामीणों को पीटा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** रंगबाजी को लेकर तीन लोगों ने ग्रामीणों के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी विश्वनाथ भदौरिया ने बताया कि शुक्रवार की सांय को रंगबाजी को लेकर गांव के राजू रानू और बबुआ निवासी सिकरीराजा ने गाली–गलौज कर मारपीट कर ।पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी है। पुलिस पीड़ित की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## अग्निकांड में प्रभावित व्यक्तियों को मिलेगी सहायता धनराशि

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तहसीलदार लालगंज ध्रुव नारायण यादव ने बताया है कि 23 अप्रैल 2025 को ग्राम चकवापुर मजरे बेहटाकलां परगना सरेनी तहसील लालगंज जनपद रायबरेली में अज्ञात कारण से अग्निकाण्ड हुआ। इस अग्निकाण्ड में 14 व्यक्तियो के मकान प्रभावित हुये तथा 01 प्रभावित व्यक्ति के 08 पशुओ की पशुहानि हुई।

उन्होंने बताया कि इसके सम्बंध में 23 से 25 अप्रैल 2025 तक लगातार वांछित अभिलेखों (आधार कार्ड, बैंक खाता व पोस्टमार्टम रिपोर्ट) उपलब्ध कराने हेतु सम्पर्क व प्रयास किया गया। प्रभावित व्यक्तियो के वांछित अभिलेख 26 अप्रैल 2025 को प्राप्त हुये, तत्क्रम में सहायता राशि से सम्बंधित बिल बनाकर भुगतान हेतु जिला मुख्यालय को भेज दिया गया है।

# गोवंशों लदा ट्रक पलटा, छह मवेशियों सहित क्लीनर की हुई मौत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गोवंशों से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर नैय्या नाला के पास पलट गया 6 मवेशी सहित क्लीनर की हुई मौत। एक तरफ जहां योगी आदित्यनाथ सरकार लगातार गौ तस्करों पर आफत बनकर बरस रही है तो वहीं यह घटना यह बताने के लिए काफी है कि महराजगंज थाना क्षेत्र से लगातार गोकशी के लिए जानवरों का आना-जाना इस क्षेत्र से होकर हो रहा है। एक तरफ हैदरगढ़ से आ रहा यह ट्रक गुमावा चौकी जरूर पार किया होगा उसके बाद हलोर चौकी को भी क्रॉस किया होगा।

आखिर 24 घंटे उत्तर प्रदेश की सेवा में लगे पुलिस के जवान कहां गए हुए थे कि गोवंशों से लदा हुआ ट्रक उन्हीं के क्षेत्र से होकर गुजर रहा है। आज दिनभर इस मामले में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा कि आखिर कैसे यह ट्रक तो पलट गया



> 25 से 30 लदे हुए थे गोवंश, आखिर इतनी भारी मात्रा में कहां ले जा रहे थे ? जनप्रतिनिधि और अन्य लोग जता रहे तस्करी की आशंका

जानकारी हो गई। इसका मतलब तमाम वाहन तस्करी के लिए इसी रूट से जरूर आते जाते हैं। क्योंकि यह ट्रक उदाहरण बन सीधे-सीधे सांकेतिक भाषा में बहुत कुछ कहानी बयां कर रहा है।

बजरंग दल के संतोष मौर्य ने बताया लगभग 25 से 30 मवेशी ट्रक पर लदे हुए थे हैदरगढ़ की तरफ से आ रहा था और रायबरेली की तरफ जा रहा था उन्होंने यह भी बताया की बहराइच से मुजफ्फरनगर के लिए यह मवेशी लेकर जा रहे थे वहीं मामले में ग्राम प्रधान राजेश सिंह ने भी तस्करी की बात कबूल की और कहा कि गोवंशों की तस्करी इस रूट से किया जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रत्याशी बछरावां विधानसभा एवं प्रांतीय परिषद सदस्य डॉक्टर एमडी पासी ने भी कहा की तस्करी पर तगड़ा एक्शन लिया जाएगा और तस्करी किसी भी कीमत पर गोवंशों की बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वही मामले में पशु चिकित्सा के वेटरनरी फार्मासिस्ट विकास लाल ने पहुंचकर जहां घायल मवेशियों का इलाज किया तो वहीं मृत गौवशो को पुलिस के साथ मिलकर गड्ढे में दफन कर दिया गया ।महाराजगंज पुलिस प्रशासन ने क्रेन बुलाकर ट्रक को बाहर निकाला जानकारी के अनुसार हैदरगढ़ से रायबरेली की ओर आ रहा यूपी 12 सी टी 46 29 अनियंत्रित होकर कुबना नैय्या नाला के पास पलट गया जिसमें लगभग 6 मवेशियों की मौत हो गई तो वहीं ड्राइवर और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हें पुलिस ने महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया तैय्या पुत्र पटवारी उम्र 18 वर्ष बरइचामऊ लाला पुरवा जिला हरदोई सरफुद्दीन पुत्र बबलू मजैदी उम्र 34 वर्ष निवासी मखदुमपुर खुफहान जिला जौनपुर गंभीर रूप से घायल होगा घायलों को दिया अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान तैय्या की मौत हो गई वहीं मामले में पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने में लगी हुई है कि कहां से मवेशी लदे गए और कहां लेकर जा रहे थे लेकिन जिस तरह की घटना घटी है तस्करी से इनकार नहीं किया जा सकता।

> मामले में सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि 6 मवेशियों सहित क्लीनर की मौत हुई है मरे हुए मवेशियों को गड्ढे में दफना दिया गया है दो घायलों में एक की मौत हो गई है एक रेफर किया गया है जो की पूछताछ की स्थिति में नहीं था उसका इलाज चल रहा है गाड़ी के नंबर के आधार पर यह जानकारी जुटाई जा रही है कि यह कहां से कहां को लेकर जा रहे थे साथ ही एफआईआर लिखाया जा रहा है।



## अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक महाकुंभ, 35 कवियों की रचना के साथ हुआ शुभारंभ

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को रायबरेली साहित्यिक मंच के तत्वाधान मे हरदासपुर के पास एक लान मे अंतराष्ट्रीय साहित्यिक महाकुम्भ का आयोजन का आगाज किया गया ।तीन दिवसीय इस काव्य धारा कार्यक्रम मे प्रथम दिवस देश विदेश से आये 35 कवियों ने रचना पाठ किया ।इस मौके पर सुचि सुंदर रायबरेली वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राकेश सिंह ऋषभ ने की। अंतरप्रांतीय कवियों व विभिन्न जिलों से पधारे कवियों ने काव्य पाठ किया ।कार्यक्रम मे सुधीर श्रीवास्तव राकेश ऋषभ छोटेलाल सिंह शिव कुमार सिंह शिव ओम प्रकाश द्विवेदी अरुण ब्रम्हाचारी अभय श्रीवास्तव सतीश कुमार देवी प्रसाद शर्मा दलवीर फूल सत्यवीर निराला त्रिलोक चंद्र फतेहपुरी राम राज भारती राम स्नेही सजल अनिल राही उपमा आर्य सूर्य प्रसाद शर्मा सुनील कुमार खुराना राम लखन अयोध्या प्रसाद अनिल कुमार सिंह सहित तीन दर्जन कवियों ने काव्य की धारा बहाई। इस मौके पर सभी कवियों को साहित्य भूषण व साहित्य शिरोमणि सम्मान से नवाजा गया ।कार्यक्रम के आयोजक शिव नाथ सिंह शिव ने सभी का आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम का संचालन शिव कुमार सिंह ने किया।

# आरेडिका में अंतर विभागीय रेलवे वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में दिनांक 21.04.2025 से 25.04.2025 तक आयोजित अंतर विभागीय रेलवे वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025 का समापन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं उच्च अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एम एंड पी विभाग एवं लेखा विभाग के बीच खेला गया, जिसमें एम एंड पी विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-0 से विजेता का खिताब जीता, जबकि लेखा विभाग की टीम उपविजेता रही।



समापन समारोह में महाप्रबंधक ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बी. एल. मीना, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिन्दल, मुख्य सतर्कता अधिकारी अकमल वदूद, खेल-कूद विशेष अधिकारी पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्त सुधा सिंह, खेलकूद संघ के सचिव एवं वित्त सलाहकार तथा मुख्य लेखा अधिकारी अरविन्द कुमार सहित संघ के सभी सदस्य, उच्चाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## हाजिरा ने सेंटर टॉप कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम घोषित होने के साथ ही सादुल्लानगर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। किसान बालिका इंटर कॉलेज, सादुल्लानगर की छात्रा हाजिरा सिद्दीकी ने हाईस्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 533 अंक प्राप्त कर 88.83 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए सेंटर टॉप किया है। हाजिरा के पिता मो. मुकीम सिद्दीकी शिक्षक हैं। जबकि उनकी माता माहिया बेगम एक गृहिणी हैं। सादुल्लानगर निवासी हाजिरा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और परिजनों को दिया है। पढ़ाई को लेकर गंभीर रहने वाली हाजिरा रोजाना 5 से 6 घंटे नियमित रूप से अध्ययन करती थीं। उनका सपना IAS अधिकारी बनकर देश सेवा करने का है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का माहौल बन गया। शिक्षकों और अभिभावकों ने मिठाइयां बांटकर छात्रों की सफलता का जश्न मनाया और हाजिरा सहित सभी मेधावी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माणाधीन परियोजनाओं को करें पूर्ण : डीएम

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति , नई सड़कों का निर्माण, नहर विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक डीएम श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में डीएम ने सभी निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष भौतिक प्रगति एवं वित्तीय प्रगति का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर उपभोग प्रमाण पत्र भेज दिया जाए जिससे समय से अगली किस्त मिल सके, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य भी होगी।

उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण



दिया जाएं। शहरी क्षेत्रों में पेयजल परियोजना की सुस्त रफ्तार पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त दी , उन्होंने पेयजल परियोजना में तेजी लाए जाने एवं क्षतिग्रस्त सड़कों एवं अन्य सरकारी संपतियों को सही करते हुए पहले जैसा किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने लापरवाही पर ब्लैक लिस्ट एवं एफआईआर की चेतावनी दी।

इस दौरान उन्होंने नहर विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई एवं सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीईएसटीओ व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।


### डीएम-एसपी की अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर में थाना समाधान दिवस सम्पन्न

> थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की सुनी शिकायतें , समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का दिया निर्देश



माह के चतुर्थ शनिवार पर जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया।

## सादुल्लानगर के गोकुलबुजुर्ग गांव में तालाबों में भरा गया पानी
### पशु-पक्षियों को मिला जीवनदान




**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड रेहराबाजार के गोकुलबुजुर्ग गांव में प्रधान प्रतिनिधि अतुल कुमार उपाध्याय और शिक्षक अरविंद उपाध्याय ने मिलकर एक अनोखी मिसाल पेश की है।

इन दोनों के आपसी सहयोग से गांव के दो प्रमुख तालाबों में पानी भरवाया गया है। इस पहल से ना सिर्फ गांव की सुंदरता में वृद्धि हुई है, बल्कि सबसे बड़ी राहत मिली है गांव के पशु-पक्षियों को।

गर्मी के इस तीव्र मौसम में जहां पानी की हर बूंद कीमती हो जाती है, वहीं यह प्रयास गांव के जीव-जंतुओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं। तालाबों में पानी की उपलब्धता ने उन्हें अपनी प्यास बुझाने और राहत पाने का एक सशक्त माध्यम दिया है। स्थानीय ग्रामीण झिंकन,मंगरे, रामजस, राकेश, विनय, मनोज, शुभम आदि ने भी इस पहल की जमकर सराहना की है। उनका कहना है कि यह कदम न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि जीव-जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारियों की भी याद दिलाता है।

## अवैध कब्जे पर रोक लगाने की मांग पीड़ितों ने प्रशासन से लगाई गुहार



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** उतरौला के ग्राम अमाया देवरिया निवासी मोहम्मद असगर, वसी हैदर व गुलामुन मशरकैन ने विवादित भूमि पर जबरन किया जा रहा अवैध कब्जा को रोकने की मांग मुख्यमंत्री से किया है। आरोप है कि भारत भूषण द्वारा उतरौला ग्रामीण के बरदही बाजार स्थित नवीन परती की जमीन पर जबरन अवैध कब्जा किया जा रहा है। भारत भूषण जिस भूमि पर जबरन अवैध कब्जा कर रहा है वह जमीन नवीन परती के नाम खतौनी में दर्ज है। और इस भूमि से संबंधित वाद सिविल जज (जूनियर डिवीजन) उतरौला के न्यायालय पर मुकदमा आज़ादर हुसैन बनाम भारत भूषण विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई एक मई को होनी है। न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बावजूद भी भारत भूषण द्वारा बिना किसी स्वत्य व अधिकार के विवादित भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। पीड़ितों ने मांग किया है कि न्याय हित में आवश्यक है कि दौरान मुकदमा विपक्षी को निषेधित किया जाये ताकि वह विवादित भूमि की प्रकृति न बदले।

# इंटर कॉलेज के परीक्षा परिणामों में छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**बी पी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता**

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्टता की ओर अग्रसर H.R.A. इंटर कॉलेज, उतरौला ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में शानदार सफलता अर्जित कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत, लगन और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन से उच्चतम अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे नगर व जनपद का नाम रोशन किया है।

हाईस्कूल परीक्षा में आदर्श गुप्ता ने 538/600 अंक (89.66त्न) अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके ठीक पीछे मजहर हुसैन ने 537/600 अंक (89.50त्न) प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान पर अभिषेक निषाद रहे, जिन्होंने 536/600 अंक (89.33%) प्राप्त किए।



इसके अलावा तसनीम (533/600, 88.83%), अनमोल कश्यप और आदित्य पांडेय (दोनों 530/600, 88.33%) ने भी शानदार प्रदर्शन कर टॉपर्स की सूची में अपना नाम दर्ज कराया। अन्य मेधावी छात्रों में नेहा देवी, दानियाल रब्बानी खान, इस्माइला खान तथा सुष्मिता का भी उल्लेखनीय योगदान रहा, जिन्होंने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में वृद्धि की। इंटरमीडिएट परीक्षा में अशफाक अहमद ने 420/500 अंक (84%) के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जय सोनी ने 415/500 अंक (83%) हासिल कर द्वितीय तथा शिफा खान ने 414/500 अंक (82.8%) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अर्जुन प्रसाद एवं शिवांगी ने भी 410/500 अंक (82%) के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही अखिल कुमार गुप्ता, साजन विश्वकर्मा, जैनुद्दीन अहमद, रविकांत, अंकित वर्मा, रियांशु गुप्ता, हरीश चौरसिया, अफरोज अहमद और धनंजय मिश्रा ने 78% से 81% अंकों के बीच अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने सभी छात्रों को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की कठिन मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन का प्रतिफल है। प्रधानाचार्य ने शिक्षकों के अथक प्रयासों तथा अभिभावकों के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंधक अंसार खान ने जानकारी दी कि आगामी सत्र से विद्यालय में और भी उन्नत शैक्षणिक संसाधन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष कक्षाएं तथा तकनीकी साधनों से युक्त स्मार्ट क्लासेस आरंभ की जाएंगी। लक्ष्य है कि H.R.A. इंटर कॉलेज, उतरौला को जिले के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में शीर्ष पर स्थापित किया जाए। विद्यालय प्रशासन द्वारा शीघ्र ही एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित करने की योजना बनाई गई है, जिसमें हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के सभी टॉपर्स को पुरस्कार, प्रशस्ति-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में जिले के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी आमंत्रित किए जाएंगे। प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्रों की उपलब्धियां आगामी पीढ़ियों को भी प्रेरित करेंगी और विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा।

## नदी का जल स्तर घटा, किसान घबराये

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और भारत के रिश्ते पहले से कहीं अधिक तनावपूर्ण हो गए हैं। भारत ने इस हमले के जवाब में पाकिस्तान के साथ की गई सिंधु नदी संधि को रद्द कर दिया है और पाकिस्तान में जाने वाले नदियों के पानी को मोड़ने और कम करने की कोशिश किया है। जिसका असर भी दिखने लगा है। चिनाब नदी का जल स्तर सिंचाई के लिए निकली नहर की लेवल से काफी नीचे चला गया है, किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से उन्हें चिंता होने लगी है। हालात यूं ही चले तो पाकिस्तान को खाने के लाले पड़ जाएंगे। जानकारी मिल रही है कि प्रधानमंत्री मोदी के फैसले के बाद से चिनाव नदी का जल स्तर पिछले 3 दिनों में करीब 3 फीट घट गया है और किसानों के खेतों तक पानी पहुंचना नामुमकिन हो गया है। इसकी वजह से पाकिस्तान काफी घबराया हुआ है। चिनाव नदी पर निर्भर रहने वाले किसानों को चिंता होने लगी है कि पानी के अभाव में कहीं उनकी फसल चौपट न हो जाय। पाकिस्तानी आंकलन लगा रहे हैं कि भारत ने पाकिस्तान पर कोई रहम नहीं करी तो उनकी सारी मेहनत पर पानी फिर जायेगा और पैदावार न होने पर देश में खाद्यान्न की किल्लत और अधिक हो जायेगी। लोग पहले से ही आटा, गेहूं, चावल की किल्लत से जूझ रहे हैं। इसके बाद की स्थिति तो और भी विस्फोटक हो जायेगी। पाकिस्तान के हुक्मरानों पर डर का खौफ अंदर से खाए जा रहा है। किन्तु अवाम को खुश करने के लिए अपनी गीदड़ धमकियों से भी बाज नहीं आ रहे। उनके बयान बताते हैं कि पाकिस्तान को इस समय आंतरिक चोट जोर का झटका धीरे धीरे लगने लगा है। सनद रहे सिंधु नदी जो पाकिस्तान में शहनाज नदी के नाम से जानी जाती है,का जल स्तर 3 फीट से नीचे उतर जाने से पंजाब सिंध प्रांत सहित अन्य प्रांतों में जहां गन्ने और बासमती चावल की खेती होती है, उस पर इसका असर दिखने लगा है। इसे लेकर भारी घबराहट फैल गई है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के किसानों ने एक वीडियो जारी कर बताया है कि नदी में पानी का जलस्तर तेजी से घट रहा है और यह तीन दिन में ही करीब तीन फीट से नीचे जा चुका है। इसके कारण कई जगह बहाव में भी रुकावट आ रही है। यह वीडियो सियालकोट के मराला गांव के किसानों ने जारी किया है। उन्होंने यह अभी कहा है कि पानी रोका गया तो पंजाब प्रांत में बासमती चावल जो निर्यात किया जाता है,उसकी फसल पर बुरा असर पड़ेगा और फसल पूरी तरह से बर्बाद हो जायेंगे। पंजाब प्रांत की 80 प्रतिशत फसलों को इसी नदी से पानी दिया जाता है। इसके अलावा गाने की फसल भी बुरी तरीके से प्रभावित होगी। जो पाकिस्तान की आर्थिक कमर टूटने की स्थिति बनेगी। हालांकि किसान मान रहे हैं कि अभी तुरंत इसका बुरा असर कम होगा पर यह मामला लंबा खींचा तो चंद दिनों में सूखे के हालात पैदा हो जाएंगे। वैसे भी पहले से खाद्यान्न की किल्लत से जूझ रहा है और पाकिस्तान में रुपए की स्थिति दयनीय बनी हुई है, यहां डॉलर के मुकाबले कृपया 281 पर पहुंच चुका है, वहीं पेट्रोल 255 रुपए प्रति लीटर पर अब लोगों को मिल रहा है। डर के साए में अभी से लोग खाद्यान्न का भण्डारण करना भी शुरू कर दिए हैं।

# पोप जिन्होंने अमेरिका को आईना दिखाया

**जगदीश रत्तनानी**

जर्मन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस का 88 वर्ष की आयु में ईस्टर सोमवार को निधन हो गया। वे गरीबों के पोप थे जिन्होंने कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए आवाज उठाई, जिन्होंने शांति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में अंतर-विश्वास संवाद का समर्थन किया और होली सी के सिद्धांत को स्थायी रूप में उकेरा। पोप फ्रांसिस के समय में कई चीजें पहली बार हुई थीं जिनमें से तीखी और चुभने वाली आलोचना हो सकती है जो उन्होंने अमेरिकी प्रशासन के लिए छोड़ दी थी जिसका पूरा ध्यान अब वैश्विक संबंधों को उखाड़ फेंकने, अप्रवासियों को बदनाम करने और भागीदारों को धमकाने पर केंद्रित है।

पोप फ्रांसिस अपने शुरूआती दिनों में एक चौकीदार और नाइट क्लब बाउंसर के रूप में काम करते थे। वे पोप के माध्यम से प्रतिध्वनित हुए, विशेष रुप से अपने अंतिम दिनों में जब डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रपति बने और उनके प्रशासन ने अप्रवासियों को निशाना बनाया एवं इसे आव्रजन पुलिस को दी गई व्यापक शक्तियों के साथ शिकार करने और निर्वासित करने का एक मिशन बनाने के बाद उन्होंने स्वयं को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया। ईस्टर रविवार, 20 अप्रैल को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात के तुरंत बाद पोप का संदेश स्पष्ट था। सेंट बेसिलिका की बालकनी से पढ़े गए बयान में कहा गया कि श्कमजोर, हाशिए पर रहने वाले और अप्रवासियों की अवमानना कब तक की जाती रहेगी!श् यह पोप का आखिरी सार्वजनिक दर्शन था लेकिन यह संदेश अमेरिका को ताना मारता और उस पर दबाव डालता रहेगा। यह एक संदेश है कि वेंस को व्यक्तिगत रूप से एक कैथोलिक के रूप में (वेंस को छह साल पहले बपतिस्मा दिया गया था) और एक सार्वजनिक नेता के रूप में भी सामने आना होगा, खासकर जब उन्होंने एक जटिल तरीके से अप्रवासियों पर कार्रवाई को सही ठहराने के लिए धार्मिक विचारों और अभिव्यक्तियों को चुनने की कोशिश की है, जैसे आर्डर ऑफ लव (लेटिन शब्द ऑर्डो एमोरिस) यानी प्रेम का क्रम मतलब मनुष्य सबसे पहले ईश्वर, उसके बाद खुद से और उसके बाद अपने पड़ोसियों से प्रेम करे।

30 जनवरी को वेंस ने एक्स पर कहा जस्ट गूगल ऑर्डो एमोरिस (गूगल पर ऑर्डो एमोरिस सर्च कीजिये)। वेंस इस विचार को समझते हैं कि दान के लिए एक आदेश है जो दूसरों से पहले परिवार और घर को लाता है। इसके आगे यह तर्क दिया जा रहा था कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अप्रवासियों को बाहर फेंक दिया जाना चाहिए। पोप फ्रांसिस पर दायित्व था कि वे इस मामले में तुरंत एक स्पष्टीकरण भेजें। 10 दिन बाद सभी अमेरिकी धर्माध्यक्षों को एक पत्र में उन्होंने लिखा-ईसाई प्रेम हितों का एक केंद्रित विस्तार नहीं है जो अन्य व्यक्तियों और समूहों के लिए थोड़ा-थोड़ा करके विस्तारित होता है ... मानव, व्यक्ति गरिमा के साथ एक विषय है जो सभी के साथ विधायक संबंध के माध्यम से, विशेष रूप से सबसे गरीब के साथ, धीरे-धीरे अपनी पहचान और ईश्वरीय आह्वान में परिपक्व हो सकता है। सच्चा ऑर्डो एमोरिस वह है जिसे हम लगातार ध्यान करके खोजते हैं, जिसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए.., उस प्रेम पर जो बिना किसी अपवाद के सभी के लिए भाईचारे का निर्माण करता है। अस्वस्थ और बीमारियों से जूझ रहे 266वें पोप का मजबूत रुख और स्पष्ट संदेश उनकी भावनाओं की गहराई और उस दर्द का संकेत देते हैं जो अमेरिका ने उन जैसे नेता को दिया जिसने गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों की सेवा करने को अपना मिशन बना लिया था। अमेरिकी धर्माध्यक्षों को लिखे 10 फरवरी के पत्र में कहा गया हैरू श्जिन्होंने अत्यधिक गरीबी, असुरक्षा, शोषण, उत्पीड़न या पर्यावरण की गंभीर गिरावट के कारण अपना देश छोड़ दिया, पुरुषों व महिलाओं और पूरे परिवारों की गरिमा को नुकसान पहुंचाता है व उन्हें विशेष भेद्यता और रक्षाहीनता की स्थिति में रखताहै, अधिकांश मामलों में उन लोगों को निर्वासित करने का कार्य कोई मामूली मुद्दा नहीं है।



> **30 जनवरी को वेंस ने एक्स पर कहा जस्ट गूगल ऑर्डो एमोरिस (गूगल पर ऑर्डो एमोरिस सर्च कीजिये)। वेंस इस विचार को समझते हैं कि दान के लिए एक आदेश है जो दूसरों से पहले परिवार और घर को लाता है। इसके आगे यह तर्क दिया जा रहा था कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अप्रवासियों को बाहर फेंक दिया जाना चाहिए। पोप फ्रांसिस पर दायित्व था कि वे इस मामले में तुरंत एक स्पष्टीकरण भेजें। 10 दिन बाद सभी अमेरिकी धर्माध्यक्षों को एक पत्र में उन्होंने लिखा-ईसाई प्रेम हितों का एक केंद्रित विस्तार नहीं है जो अन्य व्यक्तियों और समूहों के लिए थोड़ा-थोड़ा करके विस्तारित होता है ... मानव, व्यक्ति गरिमा के साथ एक विषय है जो सभी के साथ विधायक संबंध के माध्यम से, विशेष रूप से सबसे गरीब के साथ, धीरे-धीरे अपनी पहचान और ईश्वरीय आह्वान में परिपक्व हो सकता है। सच्चा ऑर्डो एमोरिस वह है जिसे हम लगातार ध्यान करके खोजते हैं, जिसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए।**

कानून का एक प्रामाणिक शासन तभी सटीक रूप से सत्यापित होता है जब सभी लोग, विशेष रूप से सबसे गरीब और सबसे हाशिए पर रखे गए लोगों से गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए जिसके वे हकदार हैं। जब अमेरिका के लोगों सहित कई अन्य, विशेष रूप से व्यवसायों ने इस मामले में चुप्पी साध ली थी तो पोप एक आवाज के रूप में भी सामने आए। उनके शब्द अनुचित, अन्यायपूर्ण और ऑर्डो एमोरिस की सच्ची भावना के खिलाफ उठाए गए असहमति के स्वरों को प्रोत्साहित करते हैं और उनके समर्थन में खड़े होते हैं। आप्रवासियों के समर्थन में लड़ी गई तात्कालिक लड़ाइयों से परे पोप फ्रांसिस को विशेष रूप से उनके 184-पृष्ठ के एन्सिक्लिकल लौदातो सी (प्रेज बी टू यू) के लिए याद किया जाएगा, जो हम सबके घर की देखभाल यानी पृथ्वी के लिए समर्पित है। यह संधारणीयता पर एक ग्रंथ है जो प्रेरणादायक, क्रांतिकारी, समग्र और सिस्टम सोच में आधारित है- देखभाल और प्रेम से भरा दृष्टिकोण बनाम जो व्यवसाय संचालन में निरंतरता का दावा करने के भौतिक मेट्रिक्स से परे है।

यह विजेता के रूप में सामाजिक न्याय, वैश्विक असंतुलन और मानव अहंकार के विचारों की चर्चा की सीमाओं का विस्तार करता है जो अंततः धरती माता को नष्ट कर देता है। एन्सिक्लिकल जलवायु को एक जटिल प्रणाली कहता है जो सर्वसामान्य के लिए अच्छी है, जो बहुत मजबूत वैज्ञानिक सहमति को इंगित करता है कि हम वर्तमान में जलवायु प्रणाली के परेशान वार्मिंग को देख रहे हैं और इसका मुकाबला करने के लिए जीवन शैली, उत्पादन और खपत में परिवर्तन के लिए कहते हैं। यह बात अधिकांश पश्चिमी आवाजों से परे जा रही है। यह आगे सामाजिक बहिष्कार, असमान वितरण, सामाजिक आक्रामकता के नए रूपों और पहचान के नुकसान की बात करता है। यह तर्क देता है कि पिछली दो शताब्दियों के विकास के दौर में हमेशा अभिन्न विकास तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ है। 2015 में आए एन्सिक्लिकल में विविधता, समानता और समावेशन था जिसे वार्षिक रिपोर्ट में पेश किया और दिखाया गया लेकिन उसे वास्तव में उसकी सही भावना में कभी नहीं समझा या लागू नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप ठीक वही हुआ जिसकी एन्सिक्लिकल ने चेतावनी दी थी... इसके बाद परस्पर विरोधी हितों, हिंसा और क्रूरता के नए रूपों व पर्यावरण की देखभाल की वास्तविक संस्कृति के विकास में बाधाओं पर संघर्ष होता है।

## विचार

# भारत व हिंदुओं के प्रति शत्रुता

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

यह पहली बार नहीं है जब आतंकवादियों ने हिंदुओं और भारतीय रक्षा बलों पर कायराना हमला किया है। यह कई दशकों से नियमित बर्बर कार्रवाई रही है। पाकिस्तानी सेना द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों को भारत में स्थानीय समर्थन प्राप्त है, स्थानीय सहायता के बिना, हमला असंभव है। भारत विरोधी तत्वों और कुछ राजनीतिक दलों के बीच का काला गठबंधन देश और हिंदू समुदाय के खिलाफ मुसलमानों का ब्रेनवॉश कर रहा है। भले ही भारत में मुसलमानों को हिंदुओं की तुलना में समान व्यवहार और लाभ मिले हों, फिर भी कई मुसलमान उनके प्रति शत्रुता क्यों रखते हैं?

मैं यह दावा नहीं कर रहा हूँ कि सभी मुसलमान एक जैसे हैं लेकिन बहुसंख्यक अच्छे मुसलमान कभी मानवता और राष्ट्र के खिलाफ इन आतंकवादियों के भयानक कृत्यों का सार्वजनिक रूप से विरोध क्यों नहीं करते? अगर अच्छे मुसलमान और बुद्धिजीवी मानते हैं कि भारत में मौजूदा सरकार मुस्लिम विरोधी है तो उन्हें शोध करना चाहिए और समझना चाहिए कि चीन में मुसलमानों के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाता है, जिस विचारधारा को मुस्लिम समुदाय




अपने करीब मानता है। किसी भी इस्लामिक संघटन या इस्लामिक राष्ट्र द्वारा चीनी सरकार के खिलाफ एक भी प्रदर्शन नहीं किया गया है। अच्छे मुसलमानों को इस रणनीति का मूल्यांकन और अध्ययन करना चाहिए ताकि यह समझा जा सके कि विभिन्न राजनीतिक दल, वामपंथी इस्लामिक संगठन और पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्की जैसे देश व्यक्तिगत लाभ के लिए धार्मिक मान्यताओं का सहारा लेकर कैसे शोषण करते हैं।

चीनी मुस्लिम वयस्कों में से अधिकांश दस जातीय अल्पसंख्यक समूहों से हैं जो इस्लाम का पालन करते हैं, जिनमें से दो सबसे बड़े हैं- हुई और उइगर। चीन के अधिकांश मुसलमान उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में रहते हैं, विशेष रूप से गांसु, किंगहाई, निंगजिया और झिंजियांग में। चीनी अधिकारियों और अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं का अनुमान है कि चीन में 18 मिलियन मुस्लिम वयस्क हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने चीन की सरकार पर मानवाधिकारों के उल्लंघन और उइगर मुसलमानों के खिलाफ़ नरसंहार का आरोप लगाया है। कुछ चीनी मुस्लिम प्रोफेसरों को कथित तौर पर जेल में डाल दिया गया है, जबकि चीन में इस्लाम का अध्ययन करने वाले विदेशियों को देश में आने से रोक दिया गया है। शिनजियांग में चीन की कार्रवाइयों के उनके व्यापक दस्तावेज इस बात की पुष्टि करते हैं कि कम से कम मार्च 2017 से स्थानीय अधिकारियों ने उइगर मुसलमानों और जातीय कज़ाकों और जातीय किर्गिज़ सहित अन्य जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों के सदस्यों के खिलाफ़ दशकों से चल रहे दमन अभियान को नाटकीय रूप से बढ़ा दिया है। उनकी नैतिक रूप से घृणित नीतियों, प्रथाओं और दुर्व्यवहारों को जातीय उइगरों के साथ एक अलग जनसांख्यिकीय और जातीय समूह के रूप में भेदभाव करने और उन पर नज़र रखने, प्रवास करने और स्कूल जाने की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने और सभा, भाषण और पूजा जैसे अन्य मौलिक मानवाधिकारों से वंचित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। उइगर महिलाओं का चीनी अधिकारियों द्वारा जबरन नसबंदी और गर्भपात कराया गया, उन्हें गैर-उइगरों से शादी करने के लिए मजबूर किया गया है और उनके परिवार से अलग कर दिया गया है।

> **अगर अच्छे मुसलमान और बुद्धिजीवी मानते हैं कि भारत में मौजूदा सरकार मुस्लिम विरोधी है तो उन्हें शोध करना चाहिए और समझना चाहिए कि चीन में मुसलमानों के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाता है, जिस विचारधारा को मुस्लिम समुदाय अपने करीब मानता है। किसी भी इस्लामिक संघटन या इस्लामिक राष्ट्र द्वारा चीनी सरकार के खिलाफ एक भी प्रदर्शन नहीं किया गया है। अच्छे मुसलमानों को इस रणनीति का मूल्यांकन और अध्ययन करना चाहिए ताकि यह समझा जा सके कि विभिन्न राजनीतिक दल, वामपंथी इस्लामिक संगठन और पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्की जैसे देश व्यक्तिगत लाभ के लिए धार्मिक मान्यताओं का सहारा लेकर कैसे शोषण करते हैं।**

झिंजियांग के आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, ह्यूमन राइट्स वॉच ने 2022 में कहा कि 2017 से 500,000 लोगों को दंडित किया गया है। एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, चीन में हर पच्चीस में से एक व्यक्ति को आतंकवाद से संबंधित आरोपों में जेल की सजा सुनाई गई थी और वे सभी उइगर थे। पुनर्शिक्षा शिविरों में कैद अधिकांश कैदियों पर कभी कोई अपराध का आरोप नहीं लगाया गया था और उनके पास अपने कारावास का विरोध करने का कोई कानूनी सहारा नहीं था।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बंदियों को कई कारणों से निशाना बनाया गया है, जिसमें तुर्की और अफ़गानिस्तान जैसे चीन विरोधी 26 संवेदनशील देशों में यात्रा करना या उनसे संपर्क करना; मस्जिद सेवाओं में भाग लेना; तीन से अधिक बच्चे होना और कुरान की आयतों वाले पाठ भेजना शामिल है। मानवाधिकार संगठनों का दावा है कि मुस्लिम होना उनका एकमात्र अपराध माना जाता है, और कई उइगरों को केवल इसलिए चरमपंथी कहा जाता है क्योंकि वे अपने मजहब का पालन करते हैं। बीजिंग सभी उइगरों को आतंकवादी या आतंकवादी समर्थक मानता है। बीजिंग के तियानमेन स्क्वायर, एक स्थानीय सरकारी कार्यालय, एक रेलवे स्टेशन और एक आउटडोर बाजार पर हुए हमलों के लिए अधिकारियों ने उइगरों को जिम्मेदार ठहराया। शिक्षा, आतंकवाद-रोधी, महिला सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन पहलों में भाग लेने वाले संतुष्ट उइगरों के बारे में काल्पनिक कहानियाँ गढ़ने के लिए पार्टी के अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को झिंजियांग में प्रवेश करने से रोक दिया है।

# अब तो आतंक पर हो आर-पार

**सुरेश हिंदुस्तानी**

पहलगाम में आतंकियों ने जिस बर्बरता से हिन्दू पर्यटकों को निशाना बनाकर उनकी हत्या की है, वह कई बड़े सवाल खड़े करता है। सबसे पहला सवाल तो यही है कि क्या वास्तव में भारत में हिन्दू होना अपराध है, अगर नहीं तो पाकिस्तानी आतंकियों ने उन्हें केवल हिन्दू होने की सजा क्यों दी। वैसे भी पाकिस्तान हमेशा से हिन्दुओं के बारे जहर उगलता रहा है। हाल ही में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने हिन्दुओं के विरोध में जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया, उससे ऐसा लगता है कि पाकिस्तान कभी सुधर नहीं सकता। उसे उसी की भाषा में समझाने की आवश्यकता है। आतंक के मुद्दे पर अब आर-पार करने का समय आ गया है।

भारत में हर आतंकी घटना के बाद प्रायः यह सुनाई देता है कि आतंकवाद का कोई धर्म या संप्रदाय नहीं होता। यह निश्चित रूप से इस्लामिक आतंकवाद को सही ठहराने का कार्य करते हैं। यह उस स्थिति में सही माना जा सकता था, ज़ब आतंकी बिना धर्म पूछे गोली चलाते लेकिन पहलगाम में तो केवल हिन्दुओं को ही गोली मारी गई। जो संगठन या व्यक्ति हमेशा यह कहते रहे हैं कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता, पहलगाम में हुई आतंकी घटना से उनकी आँखों से परदा हट जाना चाहिए। घटना में केवल हिन्दू पर्यटकों को धर्म पूछकर गोली मारी गई। पाकिस्तान द्वारा की गई इस आतंकी घटना के बाद स्पष्ट हो गया है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से तब तक बाज नहीं आएगा, जब तक उसे जैसे को तैसा जवाब नहीं दिया जाएगा। अब पाकिस्तान के विरोध में कठोर कदम उठाने का समय आ गया है। क्योंकि बार-बार मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान, कश्मीर में अशांति फैलाने का कायरता पूर्ण कार्य करता है। यह सारा खेल पाकिस्तान में आश्रय लेने वाले आतंकी आकाओं के इशारे पर किया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि पाकिस्तान के इशारे पर आतंकवादियों को कश्मीर में आश्रय कौन देता है, यह जांच का विषय है। कोई भी विदेशी आतंकी तब तक अपने कार्य में सफल नहीं हो सकता, ज़ब तक उसे स्थानीय स्तर पर सहयोग न मिले। इसलिए ऐसी आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए स्थानीय आतंकी तत्वों की पहचान भी जरुरी है। अभी कुछ दिन पूर्व पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने भारत और हिन्दुओं के विरोध में जहर उगला, उससे साफ हो गया कि वे अपनी सेना और आतंकियों को भारत के विरुद्ध भड़का रहे हैं।

हो सकता है यह आतंकी घटना उसी का परिणाम हो। हालांकि सेना प्रमुख के जहरीले बयान के बाद उनके ही देश पाकिस्तान के उन नागरिकों की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी, जो पाकिस्तान के वर्तमान हालातों में समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसके बाद भी आतंकी सरगनाओं के इशारों पर आतंक फैलाने वालों के लिए यह बयान एक प्रकार से हौसला बढ़ाने वाला ही रहा। जहां एक ओर पूरी दुनिया आतंक की समाप्ति के कदम का समर्थन कर रही है, वहीं पाकिस्तान इसे रोकने के बजाय बढ़ाने में लगा है। अमेरिका भी पाकिस्तान को कई बार आतंक पर लगाम लगाने की चेतावनी दे चुका है, लेकिन ऐसा लगता है कि पाकिस्तान सरकार का आतंकी आकाओं पर किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं बचा, इसके विपरीत कभी-कभी ऐसा लगता है कि आतंकियों के नियंत्रण में पाकिस्तान की सरकार कार्य कर रही है। अब तो विश्व के कई मुस्लिम देशों ने भी पाकिस्तान के साथ खड़े होने से इनकार कर दिया।

ऐसी स्थिति में पाकिस्तान अलग-थलग दिखाई दे रहा है। पाकिस्तान सरकार आतंकियों के सामने बेबस इसलिए है क्योंकि आज पाकिस्तान के अंदरूनी हालात ऐसे हो चुके हैं, जो बिखराव का रास्ता ही निर्मित करता है। बलूचिस्तान में पाकिस्तान के विरोध में लम्बे समय से स्वर उठ रहे हैं, आज इन स्वरों में और तेजी आती जा रही है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के नागरिक भारत के साथ अपने सुखद भविष्य का सपना देखने लगे हैं। ऐसी स्थिति में यही कहना समुचित होगा कि आतंक के मामले पर आर-पार हो ही जाना चाहिए। अब पाकिस्तान को दिन में तारे दिखाने का समय आ गया है। भारत सरकार को आतंक के विरोध में कठोर कार्रवाई करना चाहिए।



# राशिफल

**मेषः-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**बृषभः-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को समय से पूर्ण करें।

**कन्याः-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें।

**तुलाः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनुः-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**मकरः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरें की व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

# बंगाल में दंगे का धुआं और राजनीति की गंध

**डॉ. सुयश नारायण मिश्रा**

बंगाल फिर सुलगा है, लेकिन इस बार राख में सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, भरोसा, इंसानियत और लोकतंत्र की संवेदनाएं भी दफन हो गई हैं। मुर्शिदाबाद की हिंसा ने यह साफ कर दिया है कि राजनीति जब धर्म की आड़ में दांव खेले, तो सबसे पहले सामाजिक सौहार्द और नागरिक सुरक्षा ही उसकी बलि चढ़ते हैं। मुर्शिदाबाद की हिंसा केवल कुछ मकानों को जलाने की घटना नहीं है, यह एक राज्य की प्रशासनिक असफलता, राजनीतिक अवसरवाद और सामाजिक ताने-बाने के चीरहरण की त्रासदी है। निर्दोषों के जले घर, राहत शिविरों में सहमी जिंदगी, बच्चों की डरी हुई आँखें और महिलाओं की सिसकियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि यह केवल कानून-व्यवस्था की विफलता नहीं है, यह मानवीय मूल्यों का पतन भी है।

वक्फसंपत्ति कानून के विरोध के नाम पर भड़की यह आग केवल कुछ इलाकों तक सीमित नहीं रही, इसने पश्चिम बंगाल की शासन-व्यवस्था, संवेदनशीलता और सियासी चालबाजियों को आईने में खड़ा कर दिया। यह वही बंगाल है जिसे कभी 'बुद्धिजीविता की राजधानी' कहा जाता था, आज वही भूमि नफरत के धुंए से ढकी है। कभी गुरुदेव रवींद्रनाथ की



गीतांजलि जिस धरती से गूंजी थी, वहाँ अब स्त्रियों की चीखें और बच्चों की सिसकियां सुनाई दे रही हैं। सवाल अब यह नहीं कि दंगे क्यों हुए, सवाल यह है कि क्या हम एक ऐसा समाज बना चुके हैं जहाँ सत्ता के गलियारों में बैठी चुप्पी, इंसानों के जलते घरों से भी बड़ी खबर नहीं मानी जाती? वक्फ संपत्ति कानून के विरोध की आड़ में जो चिंगारी भड़की, वह कितनी सहज थी और कितनी साजिशन, यह जांच का विषय है, लेकिन जो कुछ हुआ वह अस्वीकार्य, अमानवीय और लोकतंत्र पर कलंक है।

निर्दोष लोगों के घर जले, महिलाएं दरिंदगी का शिकार हुई और बच्चों ने वो खौफ अपनी आंखों में समेट लिया जिसे भूलना आसान नहीं। मुर्शिदाबाद की ताजा हिंसा ने यह साफ कर दिया है कि पश्चिम बंगाल केवल एक राजनीतिक प्रयोगशाला नहीं, बल्कि धार्मिक असहिष्णुता और सियासी दोहन का शिकार बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह कहना कि हिंसा में 'बाहरी तत्व' शामिल हैं, एक तरह से जिम्मेदारी से बचने की कोशिश है। अगर यह बाहरी साजिश थी, तो राज्य सरकार का खुफिया तंत्र क्या कर रहा था? क्या उसकी भूमिका केवल चुनावी रणनीतियों तक सीमित रह गई है? राज्यपाल का पीड़ितों से मिलना और राष्ट्रीय महिला आयोग की पीड़िताओं से संवाद, यह सब इस त्रासदी की मानवीय पीड़ा को उजागर करते हैं, जिसे केवल 'साजिश' कहकर टाला नहीं जा सकता। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार की बात हमें सोचने पर मजबूर करती है, 'कोई महिला का पति गया, कुछ ने अपने बेटे खो दिए। उनको घर से खींचकर... उनको कसाई की तरह काट दिया....यह भयानक है। मुझे नहीं पता कि ऐसी घटनाएं पश्चिम बंगाल में पहले कभी हुई हैं। हम यह सबकुछ पहली बार देख रहे हैं। यह मंजूर नहीं है। सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी....। बंगाल में चुनाव नजदीक आ रहे हैं ऐसे में राजनीतिक दलों ने इस आग में अपने-अपने समीकरण भी तलाशने शुरू कर दिए हैं। भाजपा रामनवमी की रैलियों के माध्यम से हिंदू वोट बैंक को लामबंद करने में जुटी है, वहीं टीएमसी खुद को सर्वसमावेशी साबित करने के चक्कर में निर्णयहीनता की शिकार नजर आती है।

कांग्रेस और वामदल, जिनका बंगाल में कभी राजनीतिक वर्चस्व था, अब केवल प्रतिक्रियाएं देने तक सीमित हो गए हैं। पर असली सवाल यह है कि क्या इन तमाम रैलियों और नारेबाजियों के बीच पीड़ितों की कराह किसी को सुनाई दे रही है? बंगाल की राजनीति में धर्म अब केवल आस्था का विषय नहीं रहा, वह वोटों की गिनती का हथियार बन चुका है। बंगाल के 2026 विधानसभा चुनाव निकट हैं। ऐसे में हर घटना को धार्मिक चश्मे से देखना, मतदाताओं की भावनाओं को भड़काना और संवेदनशील मुद्दों पर वोटों की फसल काटना अब एक सामान्य रणनीति बन चुकी है। लेकिन क्या कभी किसी दल ने सोचा है कि इन दंगों के बाद जो पीढ़ियाँ मानसिक रूप से टूटी होंगी, जो बच्चे



असहायता और हिंसा की छाया में बड़े होंगे, वे किस समाज का निर्माण करेंगे? अगर राजनीति का मतलब सत्ता पाना ही रह गया है, तो संविधान, लोकतंत्र और मानवीय गरिमा केवल भाषणों और घोषणापत्रों की बातें रह जाएँगी।

बंगाल को अब नए सिरे से आत्मावलोकन की आवश्यकता है, सरकार को चाहिए कि वह दोषियों पर कार्रवाई करे, राहत कार्यों को पारदर्शिता से संचालित करे और पुनर्वास को केवल 'फोटो ऑप' न बनने दे। साथ ही यह समय है कि मीडिया भी अपनी भूमिका को केवल सनसनी फैलाने तक सीमित न रखे, बल्कि पीड़ितों की आवाज़ बने, उनके जख्मों को मरहम दे और सच्चाई को निर्भीकता से सामने लाए। बंगाल को फिर से उस भूमि में बदलने की आवश्यकता है जहाँ कलम तलवार से बड़ी होती थी, और संवाद दंगे से। वरना एक दिन हम सब इस राख में अपने भविष्य को खोजते रह जाएंगे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# आतंकी घटना के विरूद्ध पूर्व सैनिक सड़क पर

▸ पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये, मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




पहलगाम में घूमने गए टूरिस्टों को नाम पूंछकर गोली मारने की घटना ने देश के सर्वसमाज को झकझोर कर रख दिया हैए जिसमें देश के कोने.कोने में सर्वसमाज के लोग पाकिस्तान मुर्दाबादए इस्लामिक आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी घटना के फलस्वरूप नगर में शनिवार को चेयरमैन के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज लेकर पूर्व सैनिकों ने निर्दोष लोगों की कायरता पूर्ण हत्या करने के विरोध में सड़क पर प्रदर्शन करते हुए कैंडल मार्च निकालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में घूमने गए 28 निर्दोष सैलानियों को दुश्मन देश के आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को उनका नाम पूंछकर गोली मार दी थी। इस घटना के बाद देश के सर्वसमाज के लोगों में जहां उबाल है तो वहीं लोग अपने.अपने तरीके से विरोध प्रदर्शन कर सरकार से पाकिस्तान को नेस्तनाबूद करने की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को दोपहर बाद नगर के बड़ा चौराहा से चेयरमैन के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कैंडल मार्च निकाला और मारे गए सभी लोगों की आत्मा की शांति हेतु शहीद स्मारक में मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

विरोध प्रदर्शन के दौरान चेयरमैन रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लिये नजर आए तो वहीं पूर्व सैनिकों के हाथों में पाकिस्तान मुर्दाबाद लिखी तख्तियां समेत पाकिस्तान का पुतला दहन किया। इस दौरान आधा सैकड़ा से अधिक पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## जितेंद्र सेंगर ने चौपाल लगा सुनी समस्याएं निदान का दिया भरोसा



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** भाजपा संगठन के निर्देश पर डॉ भीमराव अंबेडकर संपर्क अभियान के अंतर्गत खन्ना मंडल के ग्राम पचपहरा एवं ग्राम तिंदुही में अनुसूचित बस्तियों में ग्रामीणों से संपर्क कर सरकार की योजनाओं से अवगत कराया एवं चौपाल माध्यम से ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य, पेयजल, सीसी सड़क एवं पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं से लोगों द्वारा अवगत कराया कुछ समस्याओं को मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारी से वार्ता कर निस्तारण के निर्देश दिए। साथ में भाजपा मंडल अध्यक्ष ओंकार सोनी, चेयरमैन मतौंध सुधीर सिंह, हरिश्चंद, बूथ अध्यक्ष सागर, आकाश, आशीष निगम सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे

# अस्पताल में डॉक्टर्स सहित स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी चार्ट के अनुसार ड्यूटी पर उपस्थित रहें : डीएम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शुक्रवार को रात्रि समय 9:00 बजे जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत की और उपचार व्यवस्था के साथ ही दवायें मिलने के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने महिला चिकित्सालय में ओपीडी वार्ड, स्किल लैब, पोस्ट डिलेवरी वार्ड, स्टरलाइजेशन कक्ष, एसोप्टिक लेबर रूम आदि वार्डों का गहनता से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके चिकित्सीय इलाज के संबंध में जानकारी लेते हुए चिकित्सको को अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों से वार्ता करते हुए उनकी बीमारी एवं अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सुविधा के संबंध में जानकारी ली तथा उपस्थित स्टाफ नर्सो को आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला अस्पताल को निर्देशित किया कि सभी स्टाफ नर्स व चिकित्सकों की अस्पताल में समय से उपस्थित कराना सुनिश्चित करें और अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई करें। इस दौरान स्टेनो कैम्प कार्यालय राजीव शुक्ला एवं अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर में काफी समय से गांजा व्यवसाय में संलिप्त युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नगर के बड़ा चौराहे पर काफी समय से गांजा बेंचने वाले युवक अली अहमद उर्फ महबूब पुत्र मत्थू निवासी सिचौली पुरवा की पुलिस लगातार तलास कर रही थी जिसे मुखबिर की सूचना पर गांजा लेकर जाते हुए दुर्गा मोड़ के पास से एक किलो 300 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार कर नारकोटिक्स अधिनियम के तहत जेल भेज दिया है। उक्त युवक काफी समय से एक दुकान से गांजा बेंचने का काम कर रहा था जिसकी पुलिस तलास में थी।

### तीन में एक का मौके पर निस्तारण

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस में जमीन से संबंधित तीन शिकायती पत्र दर्ज किए गए। जिनमें एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। थाना परिसर में माह के अंतिम शनिवार को थाना दिवस का आयोजन थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति की मौजूदगी में आयोजित किया गया। जिसमे भूमि विवाद से सम्बन्धित तीन शिकायती पत्र दर्ज किए गए। जिनमें एक शिकायत का निस्तारण राजस्व टीम व पुलिस के सहयोग से मौके पर किया गया। शेष दो शिकायत का निस्तारण करने के लिए लेखपाल को दिया गया है। इस अवसर पर राजस्व लेखपाल व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### आग से पेड़ व घास फूस जला

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के उमराहट गांव के समीप जंगल में आग लग जाने से पेड़ तथा घास फूस जल गए। आग बढ़ती देख ग्रामीणों ने दमकल दस्ते को आग की जानकारी दी। तब दमकल दस्ता गांव जाकर जंगल में धधक रही आग को बुझाने का प्रयास किया । लेकिन गाड़ी जंगल के अंदर रास्ता न होने के कारण मौके पर नहीं पहुंच सकी। जहां तक गाड़ी का पाइप पहुंचा वहां तक आग पर काबू पाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर में लगी आग से लपटे उठती देखकर लोग घबरा गए कि गांव के मकानों को अपनी चपेट में न लेले इससे ग्रामीण जंगल में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते रहे।

### शव मिलने से हड़कंप

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** बेतवा नदी में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत से स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। थाना चिकासी गांव निवासी 42 वर्षीय कीरत अनुरागी पुत्र सुंदरलाल का शव शनिवार की सुबह करीब 8 बजे संदिग्ध परिस्थितियों के चलते गांव के बाहर स्थित बेतवा नदी में पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के भाई हरगोविंद अनुरागी ने बताया कि शुक्रवार को उनके गांव में इटैलिया राजा गांव से रामकिशन के यहां उसकी पुत्री की शादी की बारात आई हुई थी। उसका भाई कीरत अनुरागी शादी में शामिल होने गया था।शनिवार की सुबह उसका शव बेतवा नदी में पड़ा मिला है।बताया कि 8 मई को मृतक कीरत के पुत्र प्रदीप का विवाह होना है। मृतक पास तीन बीघा जमीन थी। खेती किसानी कर परिवार का भरण.पोषण करता था। मृतक अपने पीछे पुत्र प्रदीप और संदीप छोड़ गया है। चिकासी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया है। जांच कराई जा रही है।

### गाली-गलौज कर मारा-पीटा

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली के अकौना गांव निवासी रामश्री पुत्री हरी सिंह ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह घर के दरवाजे पर झाडू लगा रही थी। हवा चलने पर कूड़ा पड़ोस के घर में चला गया। तभी पड़ोसी युवक अपनी पत्नी व भाई के साथ मिलकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त सभी ने मारपीट शुरू कर दी। बीच.बचाव करने आईं मां भगवती को भी मारा.पीटा। मारपीट से उसके हाथ में चोटें आईं हैं। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### पुलिस ने दो के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** सरगांव तिराहे पर 12 दिन पहले तीन दुकान में आग लगने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। मझगवां थाने के अटगांव गांव निवासी काशीराम राजपूत ने बताया कि सरगांव तिराहे के पास किराना और मोबाइल की दुकान है। 14 अप्रैल को दुकान में आग लग गई। जानकारी होने पर गांव के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। मौके पर फायर ब्रिगेड और 112 पुलिस भी आ गई। तब तक दुकान का सारा सामान राख हो गया था। आग से पड़ोस की दुकानदार शरीफ की दुकान और मझगवां गांव के निवासी अशोक की दुकान भी जलकर राख हो गई। बताया कि फ्रीजर कोल्ड ड्रिंक मोबाइल व किराना का सामान आग से जल गया और लाखों का नुकसान हुआ है। गांव के ही मर्दन राजपूत व अंकित ने दुकान में आग लगाने की जानकारी दी थी। इन लोगों से पूछा तो आग बबूला हो गए और गाली देकर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बेटी जैसमीन ने हाईस्कूल में फहराया सफलता का परचम

▸ छात्रा ने सफलता का श्रेय मम्मी-पापा और हमीदिया स्कूल के टीचर्स को दिया

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



यदि बच्चों में कुछ करने का जज्बा है तो वह रोके से भी नहीं रुकता है। ऐसा ही कुछ बेटी जैसमीन ने कर दिखाया है। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट अंक पाकर सफलता का परचम फहराया है।

छात्रा ने कामयाद का श्रेय अपनी मम्मी पापा और बड़ी बहनों की प्रेरणा के साथ साथ हमीदिया कालिज के टीचर्स को दिया है,जिन्होंने कामयाबी का रास्ता बताया है। जैस्मीन को कामयाबी पर चारों तरफ से बधाई दी जा रही है और मुंह मीठा कराया है। कहा कि अब इंटरमीडिएट की तैयारी करूंगी और अपने स्कूल का नाम रोशन करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगी। होनहार छात्रा तलब काजीपुरा पनवाड़ी निवासी एम अकील शमीम बानो की बेटी है। अपनी तीन बड़ी बहनों अमरीन, मुस्कान,फिजा से छोटी है।

## तीन शिकायतें प्राप्त, एक का हुआ मौके पर निस्तारण

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस में जमीन से संबंधित तीन शिकायती पत्र दर्ज किए गए। जिनमें एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। थाना परिसर में माह के अंतिम शनिवार को थाना दिवस का आयोजन थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति की मौजूदगी में आयोजित किया गया। जिसमे भूमि विवाद से सम्बन्धित तीन शिकायती पत्र दर्ज किए गए। जिनमें एक शिकायत का निस्तारण राजस्व टीम व पुलिस के सहयोग से मौके पर किया गया। शेष दो शिकायत का निस्तारण करने के लिए लेखपाल को दिया गया है। इस अवसर पर राजस्व लेखपाल व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पानी की खोज में भटक रही तीन में एक गाय की मौत

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



▸ गौशाला के अभिलेखों में हैं 95 गोवंश दर्ज, मौके पर एक भी नहीं, अंधेर ही अंधेर
▸ बूंद-बूंद पानी को तरस रहे मवेशी, नहीं है कोई सुनने वाला, सभी तालाब व गड्ढे पड़े सूखे
▸ स्थानीय पत्रकार की पहल से खुली पाटनपुर आदर्श गौशाला की पोल

क्षेत्र के एक गांव में स्थापित आदर्श गौशाला का हाल ये है कि वहां गोवंश के नाम पर कोई गाय तो नहीं लेकिन भारी भरकम सुअर मौजूद मिले। यह घटना तब प्रकाश में आई जब एक स्थानीय पत्रकार ने सोशल मीडिया में पानी के लिए तरसते गोवंशों की हालत दयनीय स्थिति में देखी और वहीं पानी की शिद्दत से एक गाय को मृत अवस्था में देखा तो उसने फेसबुक में लाइव आकर स्थानीय अधिकारियों समेत समाजसेवियों और गौ रक्षा दल के लोगों को आईना दिखाया।

सोशल मीडिया में वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर मौके पर पहुंचे समाजसेवियों और गौ रक्षा दल के लोगों ने नहर में फंसी दो गायों को निकालकर गौशाला पहुंचायाए जहां उन्होंने आदर्श गौशाला के नाम से प्रचलित गो आश्रय केंद्र की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया हैए जो जिम्मेदारों के मुंह पर करारा तमाचा के रूप में लगा है।

क्षेत्र के पाटनपुर से कम्हरिया गांव के लिए एक संपर्क चकरोड है जहां से एक नहर भी निकली है। नहर के पास कुछ गाय पानी की शिद्दत से भटकती देख एक स्थानीय पत्रकार ने उक्त गायों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर जिम्मेदारों को आईना दिखाया तो मौके पर अपने साथियों समेत पहुंचे समाजसेवी शानू रागौलिया तथा गौ रक्षा दल के आशीष सिंह अल्लूए वैभव सोनी भी अपने साथियों समेत उक्त नहर के पास पहुंचे। मौके पर पहुंचे लोगों ने जब उक्त नहर के पास एक गाय को मृत अवस्था में देखा और दो गायों को नहर के दलदल में फंसी देख उन्होंने मौके पर ट्रैक्टर बुलाकर गायों को दलदल से बाहर निकाल पास स्थित पाटनपुर की आदर्श गौशाला पहुंचे। आदर्श गौशाला की स्थिति देख गौ रक्षा दल ने कुछ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया है जिसमें साफतौर पर देखा जा सकता है कि गौशाला में गोवंश एक भी नहीं है । गौशाला की हालत देख गौ रक्षा दल के लोगों ने स्थानीय अधिकारियों को मामले से अवगत कराया तो मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने पशु चिकित्सकों को मामले की जानकारी दी जिसके बाद गायों का ईलाज कराया जा रहा है। वहीं आशीष सिंह अल्लू ने बताया कि गौशाला में लगभग 95 जानवर दर्ज हैं जो कागजों में ही भूसा चारा समेत पशु आहार खा रहे हैं लेकिन मौके पर एक भी गोवंश नहीं मिला।

# एसडीम को पारा चांद परषदीय विद्यालय में बंधी मिली भैंस, दिया कार्रवाई का आदेश

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार सुबह एसडीम अविचल प्रताप सिंह विकास खंड घाटमपुर के कई परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया, निरीक्षण में उन्हें तमाम गड़बड़ियां मिली परिषदीय विद्यालय पाराचाद के प्रांगण मैं भैंस बंधी मिली जिस पर एसडीएम ने तत्काल कार्यवाही का आदेश दिया, उप जिलाधिकारी सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय बेदा पहुंचे और वहां पर उन्होंने छात्र उपस्थित, एमडीएम तथा शिक्षकों की तैनाती आदि की जानकारी की, इसके बाद उप जिलाधिकारी चौबेपुर ग्राम पंचायत के माजरा कुदबुदीपुर परिषदीय विद्यालय पहुंचे , बच्चों के पीने के पानी और एमडीएम की व्यवस्था परखी, उन्होंने वापसी में घाटमपुर ब्लॉक मुख्यालय के परिषदीय विद्यालय की भी व्यवस्था पर की और वहां के कक्षा अध्यापक से व्यवस्था के बारे में जानकारी की परिषदीय विद्यालयों में फैली गंदगी को लेकर नाराजगी व्यक्त की।

# एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित

**पनवाड़ी/महोवा, समृद्धि न्यूज।**



चोथे शनिवार को पूर्व से निर्धारित एस डी एम अनुराग प्रसाद की अध्यक्षता एव सी ओ हर्षिता गंगवार की उपस्थिति मे समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसका संचालन प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी ने किया।जिसमे क्षेत्र के सभी लेखपाल उपस्थित रहे।

उपरोक्त समाधान दिवस मे भूमि सम्बन्धी एव परिवारिक सम्वन्धी सात वाद दर्ज किये गये जिसका मौके पर किसी वाद का निस्तारण नही हो सका ।वादो के निस्तारण के लिए एस डी एम ने क्षेत्र के लेखपालो को पुलिस टीम के साथ भेज कर मौके पर निस्तारण करने के आदेश दिये। इसी के साथ पत्रकारो ने एस डी एम से वार्ता मे तिगैला मुख्य तिराहे पर वाहन खडे होने एव दुकानदारो द्वारा अतिक्रमण किये जाने का ध्यान आकृष्ट कराया इस पर इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी को नोटिस देने के निर्देश दिये।

इस मौके पर नायव तहसीलदार अभिषेक मिश्रा कानून गो मुहम्मद अनवार ओमकार पाण्डे लेखपाल वृजेन्द्र पाल मेघा चतर्तुवेदी नीलू यादव हरवंश राजपूत हरिनारायन सिह नितिन पटेल शिवकरन आदि उपस्थित रहे।



## सपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का पुतला फूंका

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** पहलगाम में हुई आंतकी घटना से आक्रोशित पूर्व ब्लाक प्रमुख के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाल पकिस्तान व आंतकवाद का पुतला फूंका। शनिवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्यपाल यादव के आवास से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा स्टेट बैंक तिराहे से होती हुई रानी लक्ष्मीबाई गेट पड़ाव पहुंची। जहां पकिस्तान मुर्दाबादए आंतकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। सपाइयों ने पड़ाव चौराहे पर पकिस्तान व आंतकवाद का पुतला जलाया। इस मौके पर राशिद बारसीए सांसद प्रतिनिधि सब्बू खांए तुलाराम कुशवाहाए रोहित यादवए तेज प्रतापए सिद्ध गोपाल पालए बृजेश पासवान अजेंद अहिरवार सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

# प्यार, दुष्कर्म समझौते और दहेज के भंवर में फंसी नाबालिग

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ कबूतरबाज के रसूख के चलते नहीं हो रही कार्रवाई



घर के अंदर सरेआम दुष्कर्म करते पकड़े गए युवक के परिजनों ने कोतवाली में शादी की बात को लेकर समझौता तो कर लिया लेकिन कोतवाली गेट के बाहर निकलते ही समझौते की बात से मुकर गए जिसके बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है वहीं पूरे घटना क्रम में एक कबूतरबाज की भूमिका सबसे अधिक सामने आ रही है।

कस्बे के एक मोहल्ले निवासी एक पिता ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 22 अप्रैल को तड़के वह ईंटों के ढुलाई के लिए अपनी पत्नी के साथ चला गया था और लगभग साढे दस बजे धूप होने के कारण जब घर आए तो दरवाजे अंदर से बंद थे।पीड़ित ने बताया कि अंदर से उसकी नाबालिग लड़की के रोने की आवाज आ रही थीं जिसके चलते उन्होंने मोहल्ले के लोगों के सहयोग से दरवाजे खोले तो अंदर मोहल्ले का सजातीय बाबू पुत्र कल्लू उनकी लड़की से दुष्कर्म कर रहा था।पीड़ित ने बताया कि इसके बाद उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई तो मोहल्ले के लोगों ने मध्यस्थता कर शादी करने की बात को लेकर समझौता करा दिया।पीड़ित ने बताया कि कोतवाली से बाहर निकलते ही आरोपी पक्ष समझौते की शर्तों से मुकर गया और पांच लाख रुपये और पूरा दहेज की मांग करने लगा।पीड़ित ने बताया कि इस मामले में उसी मोहल्ले के एक कबूतरबाज की भूमिका है जो पुलिस और आरोपियों के बीच मध्यस्थता करा रहा है।पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।वहीं सूत्रों की माने तो मामला सजातीय और आपसी सहमति का है जिसे दुष्कर्म का रूप दिया जा रहा है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में नहीं है और अगर कोई ऐसा मामला हुआ है तो जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# सीओ को सौंपा ज्ञापन, कारीगरों व व्यापारियों के बेरीफिकेशन की मांग

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** सर्राफा व्यापारियों ने बाहर से आए कारीगरों और व्यापारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराए जाने की मांग को लेकर सीओ राजीव प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा है।



स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष बृजभूषण सोनी ने बताया कि कस्बे के कोटबाजार में बाहर से बंगाल के कारीगर यहां पर सर्राफा मार्केट में काम कर रहे हैं। लेकिन आज तक न तो उनके आधिकारिक तौर पर पुलिस वेरिफिकेशन कराया गया है और न ही उनकी जांच पड़ताल की गई है। बताया कि बाहर से आए बंगाली कारीगर आए दिन चोरीए लूट और अपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर भाग जाते हैं। बताया कि बाहर से आए सभी व्यापारियों और बंगाली कारीगरों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाना चाहिए। जिससे व्यापारियों को असुविधा न हो। इस मौके सुनील सोनीए मनीष सोनीए रोहित सोनीए पियूष सोनीए सुरेश सोनीए अमन सोनी सहित दर्जनों समाज के लोग मौजूद रहे।

# यातायात प्रभारी ने चेकिंग अभियान में एक सैकड़ा से अधिक ई-रिक्शा का किया चालान

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



शासन के निर्देश पर यातायात विभाग द्वारा चलाएं जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में शनिवार को नगर में ई.रिक्शा चालकों के विरुद्ध सत्यापन एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दर्जनों ई.रिक्शा चालकों के विरुद्ध बग़ैर लाइसेंस एवं नाबालिगो द्वारा चालाए जाने पर कार्रवाई की गई। कस्बे में शनिवार को सुबह से ही यातायात विभाग द्वारा ई.रिक्शा सत्यापन एवं सघन चेकिंग अभियान के क्रम में तीन दर्जन से अधिक बगैर लाइसेंस एवं नाबालिगों द्वारा चलाए जा रहे ई.रिक्शा चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई। बीते दिनों यातायात विभाग द्वारा ई.रिक्शा चालकों संग बैठक कर दस्तावेज व लाइसेंस के साथ ई.रिक्शा चलाने हेतु निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद शनिवार को बिना दस्तावेज व लाइसेंस के ई.रिक्शा चलाने वाले तीन दर्जन से अधिक ई.रिक्शा चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस संबंध में यातायात प्रभारी हार्वेंद्र सिंह ने बताया की नगर में सुबह से सघन चेकिंग अभियान चलाकर 40 ई.रिक्शों को सत्यापन न होने की वजह से थाने में खड़ा करा लिया है जबकि 120 ई.रिक्शा चालकों का चालान करते हुए नाबालिग चालकों को चेतावनी दी गई है। वहीं बताया की शासन के निर्देश अनुसार 30 अप्रैल तक अगर ई.रिक्शा चालकों द्वारा सत्यापन नहीं कराया गया तो उनके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ, जनपद-खीरी

पत्रांक-09/ई-निविदा न.पा.प. गोला/2025-26 दिनांक- 24.04.2025

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ में "पन्द्रहवां वित्त आयोग अनटाइड ग्रान्ट प्रथम किस्त, द्वितीय किस्त, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना, नगरीय झील/तालाब/पोखर/ संरक्षण योजना, अस्थाई चारा भूसा निधि" के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में निर्धारित श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नगर पालिका परिषद के पत्र सं. 09/न.पा.प.गो./2025-26 दिनांक 24.04.2025 द्वारा ई निविदा प्रकाशित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। अन्य शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की समस्त कार्यवाही http://etender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दिनांक 19.05.2025 को 11:00 बजे निविदा समिति के सम्मुख कार्यालय में खोली जायेगी। किसी कारण वश अवकाश होने पर निविदा तिथि अगला कार्य दिवस मानी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा खरीदने की तिथि व समय<br>ई-निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 26.04.2025 समय 11:00 बजे से<br>18.05.2025 समय 05:00 बजे तक |
| ई-निविदा डाउनलोड करने की तिथि व समय | 26.04.2025 समय 11:00 बजे से<br>18.05.2025 समय 05:00 बजे तक |
| ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 19.05.2025 समय 11:00 बजे अपरान्ह तक। |
| फाइनेन्सियल बिड खुलने की तिथि | तकनीकी बिड स्वीकृत होने के उपरान्त। |

नोटः- 1. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई.टी.बी. के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे।
2. सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने तथा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. गोला

अध्यक्ष
न.पा.प. गोला

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी सम्मानित



**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के पूर्व छात्रों को अध्यापकों ने सम्मानित करने के साथ ही आशीर्वाद दिया। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बिगहना में आयोजित एक कार्यक्रम में इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुके राजकीय हाईस्कूल कुनेहटा में अध्ययनरत छात्रों द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय की पूर्व छात्रा दिशा देवी शिफा आकिब गुलाम मोहम्मद ने बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है जिसके चलते विद्यालय के प्रधानाचार्य चौधरी जफर महमूद ने सभी को फूल माला पहनाकर और मुंह मीठा कराकर उपहारों के साथ सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान नेहा साहूए अर्चना तिवारीए जीतेंद्र सिंहए साजदा बानो सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# सुल्तानपुर-लखनऊ हाईवे पर हादसे में तीन की मौत



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की अल सुबह हुई सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाये गए तीनो युवकों को डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।सभी मृतक जनपद अमेठी के निवासी बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार जनपद अमेठी के थाना कमरौली के पूरे हरदयाल गांव निवासी बृजेश पुत्र गुरु प्रसाद 25 वर्ष,इसी थाना के राम सिंह का पुरवा गांव निवासी अंकित वर्मा पुत्र छोटेलाल 18 वर्ष, मोहनगंज थाना क्षेत्र के धूत का पुरवा गांव निवासी ललित रावत पुत्र शिवकुमार 22 वर्ष शुक्रवार की रात हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बेलवा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शनिवार की सुबह तीनों युवक एक ही बाइक से लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे से अपने घर लौट रहे थे। बताते हैं कि चौबीसी गांव के समीप एक अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराकर खड़ा हो गया था।इसके कुछ देर बाद ही पीछे से आए बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में घुस गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस तीनों युवकों को सीएचसी हैदरगढ़ लाई। जहां पर डॉ. विश्वनाथ मद्धेशिया द्वारा तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया गया।

### अज्ञात वाहन से युवक की मौत,दूसरा घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना ललक का पुरवा गांव के पास रात करीब 10 बजे हुई। जयचदापुर मजरे गोसियामऊ गांव के राजकुमार (पुत्र चेतराम) अपने ममेरे भाई रामकुमार के साथ मोटरसाइकिल से कमेला की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। ममेरे भाई कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के दुनौली गांव निवासी घायल रामकुमार को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

# घर के निकट लगा ट्रांसफार्मर जला, बड़ा अग्निकांड होने से बचा, दहशत बनी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



▸ ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर अब तक कई जानवरों की भी हो चुकी है मौतें

स्थानीय कोतवाली अंतर्गत हैदरगढ़ बछरावां मार्ग पर स्थित पोखरा कस्बे में विद्युत आपूर्ति के लिए घर के निकट लगा ट्रांसफार्मर शुक्रवार की रात एक बार फिर जल गया। गनीमत यह रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। घर के निकट जमीन पर स्थापित इस ट्रांसफार्मर को अन्यत्र स्थापित करने को लेकर कस्बा वासी ईश्वर चंद्र द्विवेदी ने बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को प्रार्थना पत्र देकर ट्रांसफार्मर को आबादी से दूर हटाए जाने की मांग की है। अधिशासी अभियंता को दिए गए प्रार्थना पत्र में ईश्वर चंद्र ने बताया कि उनके घर के निकट से 11000 की लाइन गुजरी है और विद्युत आपूर्ति के लिए, एक बड़ा ट्रांसफार्मर मात्र 5 फुट की दूरी पर रखा हुआ है। जिसमें बीती रात आग लग गई थी परंतु ग्रामीणो एवं फायर ब्रिगेड द्वारा समय से आग बुझा देने से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। बताया कि इस ट्रांसफार्मर में कई बार सार्ट सर्किट की वजह से आग लग चुकी है। जिससे कई बार छोटे-छोटे बच्चे झुलसने से बच चुके हैं।यही नहीं बरसात के मौसम में उनके घर में भी करंट उतर आता है। ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर अब तक कई जानवरों की मौत भी हो चुकी है। आबादी के बीच इस ट्रांसफार्मर की वजह से घर पर जान माल का खतरा व दहशत बनी रहती है।

### चकमार्ग पर अवैध कब्जेदारी की हुई शिकायत

**जैदपुर, बाराबंकी।** टंडनपुरवा मे चकमार्ग पर अवैध कब्जेदारी को लेकर किसान द्वारा थाने मे शिकायत की गई है।

जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडन पुरवा गांव निवासी ग्रामीणो ने चक तक जाने वाले चक मार्ग पर कुछ लोगो द्वारा अवैध रूप से की गई कब्जेदारी के संबंध में थाना जैदपुर में शनिवार को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि चकमार्ग पर किए गए अवैध कब्जेदारी के कारण अपने खेतों तक कृषि संसाधन ले जाने में काफी असुविधा हो रही है।जबकि नक्शे में चक मार्ग चिन्हित है। किसानो ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर अवैध कब्जेदारी को हटाने की मांग की है।

# ग्राम पंचायत को वितरित हुए वाद्ययंत्र



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक सभागार में शनिवार को पंचायती राज विभाग ने लोक कलाकार वाद्य यंत्र योजना के तहत ग्राम पंचायत को वाद्य यंत्रों का वितरण किया गया। ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने खण्ड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव और प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुलदीप श्रीवास्तव की मौजूदगी में वितरण किया। रामपुर भवानीपुर पंचायत की ग्राम प्रधान गजला खातून और पंचायत सचिव मनीष शुक्ला को वाद्य यंत्र दिए गए।वितरण में हारमोनियम, ढोलक, मंजीरा, घुंघरू और झिक्का शामिल किए गए। ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने बताया कि ये वाद्य यंत्र सांस्कृतिक कार्यक्रमों में युवाओं की प्रतिभा को निखारने में मददगार साबित होंगे। साथ ही प्राचीन कलाओं को पुनर्जीवित करने में भी सहायक होंगे। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि नियाज अंसारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुधांशू वर्मा, इमामुद्दीन सहित अन्य लोग मौजूद रहे। यह पहल ग्राम पंचायत की सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है।

# डीएम-एसपी ने समाधान दिवस में सुनी फरियादें

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना रामनगर के परिसर मे चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस मे पहुंचकर जन सुनवाई की।

उन्होने फरियादियो की समस्याओ पर गौर करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को समय से उनके निस्तारण का निर्देश दिया। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस रामनगर में डीएम शंशाक त्रिपाठी और एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने अपरान्ह करीब 12 बजे पहुंचकर पीड़ितों की समस्याये सुनी।

पुलिस अधीक्षक ने अवैद्य कब्जा हटाने और पुनः मामले की शिकायत आने पर कोतवाल अनूप कुमार पांडे को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये।उन्होने शिकायती रजिस्टर मे दर्ज प्रार्थना पत्रो की बिन्दुसार समीक्षा भी की।उचित कार्यवाही की बात पर चर्चित लेखपाल अजय पाठक पुलिस कप्तान के सामने इधर उधर झांकते नजर आये।ग्राम हरसौली मे जमीनी विवाद का निस्तारण संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल कराये जाने की बात कही। मोहम्मद तफील ने उच्च अधिकारियो के आदेश के बावजूद विद्युत सब स्टेशन बुढवल के अधिकारियो पर मुवाअजा न दिलवाये जाने और अगस्त माह से दौड़ाये जाने का आरोप लगाकर डीएम से शिकायत की। डॉक्टर ब्रजेश प्रताप सिंह ने पेटियम और मोबाइल ठीक करने के बहाने नौ हजार से अधिक रुपये ग्राम किन्हौली निवासी पर गम्भीर आरोप लगाया।भारी संख्या मे कस्बे के ही निवासियो ने जल निकासी न होने और आवागमन मार्ग खोलवाये जाने की मांग की।बनकी के एक किसान ने दो लाख पांच हजार के पेड़ बेचने पर ठेकेदार के द्वारा पचपन हजार न दिये जाने की शिकायत की।गौरतलब बात तो यह है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और पुलिस कप्तान के आ जाने की खबर से फरियादियों की संख्या बढ़ गयी। नौ दर्ज शिकायती प्रार्थना पत्रो मे तीन का निस्तारण हुआ शेष विभागीय अधिकारियों को सौंपे गये है। डीएम श्री त्रिपाठी ने जिम्मेदार अधिकारी को समय से निस्तारण के सख्त निर्देश दिये है।इस दौरान उपजिलाधिकारी पवन कुमार, सीओ गरिमा पंत,कानूनगो ओम प्रकाश, चौकी इंचार्ज संतोष कुमार त्रिपाठी सहित तमाम हल्को के लेखपाल राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# ठेला लगाकर जीविका चलाने वाले की बेटी ने किया नाम रोशन

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को जारी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के रिजल्ट में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली सूरतगंज की सुमैया की कहानी किसी प्रेरणा से कम नहीं है। सुमैया के पिता लइया का ठेला लगाते हैं, इसके बावजूद आर्थिक तंगी से लड़ कर बेटी सुमैया ने हाई स्कूल की परीक्षा में अपनी मेधा का लोहा बनवाया।

इस बार वह सूरतगंज के प्राइवेट स्कूलो को मात देते हुए सरकारी जाग्रति इंटर कालेज में पढ़कर हाईस्कूल की परीक्षा में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज का नाम रोशन किया है।सुमैया आगे पढ़कर डॉक्टर बनना चाहती है। सुमैया ने बताया कि वह प्रतिदिन आठ घण्टे मेहनत करती थी, मोबाइल से दूर रही,आर्थिक तंगी के कारण कोई कोचिंग भी नही की। सुमैया कालेज में टॉप पर है। छात्रा ने एक से कक्षा आठ तक की शिक्षा सूरतगंज कस्बे के इकरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल से हासिल की थी। इकरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसपल मास्टर मोहम्मद ज़ैद ने छात्रा को मेडल देकर सम्मानित किया।

## खबरें एक नजर में

### मेधावी छात्रों को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामसनेहीघाट बाराबंकी में शनिवार को हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के टॉप 10 में स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को माला पहनाकर विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र शुक्ल द्वारा सम्मानित किया गया, इस अवसर पर प्रदेश में द्वितीय स्थान पाने वाले अभिषेक यादव के पिता संतोष कुमार यादव को भी माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही हाई स्कूल में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के परीक्षा प्रमुख रामकुमार श्रीवास्तव ने सभागार में विद्यालय के परीक्षा परिणाम के बारे में सभी को जानकारी दी साथ ही प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार शुक्ला ने समस्त भैया बहनों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि यदि इच्छा शक्ति मजबूत हो तो बगैर कोचिंग किए हुए सफलता अर्जित की जा सकती है जिसका उदाहरण अभिषेक यादव है, प्रधानाचार्य ने कहा की द्वितीय स्थान प्राप्त अभिषेक यादव की 11 व 12 की विद्यालय की शुल्क मुक्त रहेगी।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन महिलाएं घायल

**जैदपुर बाराबंकी।** याकूतगंज गाँव के पास दो मोटरसाइकिलो की आमने सामने हुई जोरदार भिड़ंत मे एक महिला सहित दो युवती घायल हो गई ।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के याकूतगंज गांव के पास शनिवार करीब 1 बजे दो मोटरसाइकिलो की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनो बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वही इस घटना मे दो युवती सहित बाइक पर सवार महिला सहित कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना एम्बुलेंस और डायल 112 को दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा। जहाँ दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अकबरपुर निवासी महेश के यहाँ शादी समारोह मे शामिल होने आयी उनके साढू की बेटी महेश की बहू को बैठाकर खुशहालपुर गाँव किसी कार्य से जा रही थी। तभी रास्ते मे याकूतगंज निवासी बाइक लेकर सामने से आ रही निर्मल की बेटी से यह दुर्घटना हुई है।

### विद्युत अधिनियम के 23 वादों का हुआ निस्तारण

**उरई,जालौन।** प्रभारी सचिव, सिविल जज (सीडि) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अर्पित सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को सम्पन्न विद्युत अधिनियम के मामलों की विशेष लोक अदालत में अपर जिला जजध्विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट भारतेन्द्र सिंह द्वारा 23 वादों का निस्तारण किया गया। इससे करीब 3 दर्जन से अधिक वादकारी लाभान्वित हुये।

### अग्नि पीड़ित तीन किसानों को सौंपी आर्थिक मदद की चेकें

**जालौन,उरई।** माह के पहले सप्ताह में अज्ञात कारणों से खेतों में आग लग गयी थी। आग लगने के कारण खेत में खड़ी फसल को नुकसान हुआ था। तहसील क्षेत्र के अग्नि दुर्घटना के पीड़ित तीन किसानों को उप जिलाधिकारी ने मंडी परिसर में आर्थिक मदद की चौक वितरित की। अप्रैल माह के पहले सप्ताह में तहसील क्षेत्र के दो गांवों में अज्ञात कारणों से आग लग गयी थी। आग लगने के कारण खेत में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा था। ग्राम जहटोली में अज्ञात कारणों से लगी आग में रघुवीर व महेश की गेहूं की फसल को नुकसान हुआ था और सात अप्रैल ग्राम खर्रा निवासी विनोद कुमार की गेहूं की फसल जल गयी थी। अग्नि दुर्घटना के पीड़ित किसानों की मदद के लिए सरकार मुख्यमंत्री खेत खलियान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना चलाया जा रही है।

# विभिन्न स्थानों पर चेयरमैन प्रतिनिधि ने लगवाये वाटरकूलर

**कदौरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी के चलते राहगीरों को पीने के पानी की सुविधा की किल्लत रहती थी। नगर पंचायत के द्वारा एक दर्जन से अधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों में नए वॉटर कूलर लगवाए गए। शनिवार को चेयरमैन प्रतिनिधि ने उद्घाटन किया। गौरतलब है कि कस्बे में शनिवार को चेयरमैन प्रतिनिधि रविकांत शिवहरे ने कस्बे के एक दर्जन से अधिक नए वॉटर कूलरों का उद्घाटन कर बताया कि राहगीरों के साथ साथ स्थानीय लोगों को पीने के पानी के लिए होटल ढाबों आदि में जाना पड़ता था। इस समय को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा कस्बे के रामलीला मैदान, भगवत विशाल इण्टर कॉलेज, राजकीय मुमताज इण्टर कॉलेज, सीएचसी, थाना, परिसर, हाजी अनवर अली शाह दरगाह, मंसा देवी, बड़ी माता मंदिर, आर्यावत बैंक, मैन बस स्टैंड, वैष्णो माता मंदिर, नगर पंचायत कार्यालय, हरचंदपुर रोड, चतेला बस स्टैंड, उप डाकघर के पास और बेरी रोड सहित अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में वॉटर कूलर लगाए गए है। जो स्थान रह गए है उन पर भी जल्द वाटर कूलर लगाए जाएंगे। स्थानीय व राहगीरों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। चिकित्सा अधीक्षक बीके सिंह, प्रधानाचार्य विकास कुमार सिंह ने कहा कि यह सराहनीय कार्य है। इस मौके पर फार्मासिस्ट श्याम सुंदर, सभासद गंभीर गौतम, शरीफखान, सकील राईन, बसीम राईन, कुलदीप प्रणामी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सपा कार्यकर्ताओं ने कैंडिल मार्च निकालकर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे निर्दोष नागरिकों पर आतंकियों द्वारा किया गया कायराना हमला एक त्रासदी के साथ हमारी एकता और शांति पर किया गया हमला है इस कायराना हमले के खिलाफ देशवासियों में जबरदस्त आक्रोश है और यह आक्रोश तभी ठंडा होगा जब इन आतंकवादियों को जड़ मूल से समाप्त कर दिया जाएगा।

उक्त बात सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव जैदपुर विधायक गौरव रावत ने कैंडल मार्च कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए व्यक्त किये। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित पहलगाम हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सपा कार्यकर्ताओं ने आयोजित कैंडिल मार्च निकाला और श्रद्धांजलि सभा कर पहलगाम में शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया और पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने इस घृणित कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा यह हमला भारत के बहुतावादी मूल्य पर संयोजित हमला है जिस हमले के खिलाफ पूरे देश में आक्रोश है। सपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्ती ले पैदल मार्च करते हुए आतंकवादियों को फांसी दो किनारे लगाते हुए छाया चौराहा स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पहुंचकर पहलगाम हमले में शहीद हुए सभी नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आतंकवाद को समूल नाश करने की मांग सरकार से की गई। श्रद्धांजलि सभा कैंडिल मार्च में प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, सुरेश चंद्र गौतम, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, रिजवान संजय, जिला सचिव तौकीर करर्र, सिराज उस्मानी, पवन वर्मा, सभासद ताज बाबा, लल्ला यादव, अरुण यादव सोनू, बृजेश यादव, मोहम्मद आदिल अंसारी, दीपक गुप्ता, बालक राम प्रधान, विपिन यादव, बाबुल मिश्रा, दानिश सिद्दीकी एडवोकेट, शादाब खानम महिला सभा अध्यक्ष पूनम यादव, प्रदेश सचिव तरन्नुम निशा, सुमन यादव, पूजा गुप्ता, रीता यादव, नसरीन बानो, रजनी यादव, मिथिलेश रावत, सैयद आरिज, संतोष रावत, मोहम्मद आफाक, छात्र सभा महासचिव नितिन वर्मा, अमरेंद्र सिंह वर्मा, नजमा बानो, परवीन, मेराज अहमद, मोहम्मद शान सिद्दीकी, निहाल वाल्मीकि, आजम मलिक, रवि यादव आदि प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव पर हुआ संवाद कार्यक्रम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जिला सहकारी बैंक के चन्द्रमौलि सभागार में भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ बाराबंकी द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव पर सामाजिक संगठन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जिले के प्रमुखों सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार प्रकट किये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भसजप जिलाध्यक्ष अरविन्द्र कुमार मौर्या जिलाध्यक्ष ने पहले प0दीन दयाल उपाध्याय जी एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यापर्ण करने के उपरान्त तथा पहलगाम में हुई घटना को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश हित में एक बहुत बड़ा कदम उठाया है, उन्होने हर वर्ष खरबों रूपया चुनाव में खर्च होने पर चिन्ता व्यक्ति करते हुए एक समिति बनाकर उनसे एक राष्ट्र में एक चुनाव हो जिससे अनावश्यक समय, श्रम व धन की बचत हो, तो समिति में अपने 191 दिनों के रिसर्च के बाद समिति ने रिपोर्ट 18626 पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रिय मंत्री मण्डल के सामने प्रस्तुत की गयी जिसे स्वीकार करते हुए इस बिल को 12 दिसम्बर 2024 को वन नेशन-वन इलेक्शन से जुड़े विधेयक को मंजूरी प्रदान की गयी जो देश के विकास के लिए बहुत बड़ा कदम है। इसी कड़ी में एनजीओ प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रमिला श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे देश में हर वर्ष लोकसभा व विधानसभा चुनाव होता है। इससे देश का एक बड़ा धन चुनाव में खर्च होता है। अब इस खर्चे पर कमी आएगी। वोट नहीं हो पाता है। इसलिए प्रधानमंत्री द्वारा जो बिल पास किया गया है उसे एनजीओ का पूर्ण समर्थन है। इसी कड़ी में अर्चना मिश्र, रामकुमारी मौर्या, गुरूसरन लोधी-चेयरमैन जिला कोआपरेटिव बैंक, दिनेश प्रसाद वर्मा-एनजीओ प्रमुख, सुमन श्रीवास्तव, सरिता सिंह क्षेत्रीय सदस्य, अनीता शुक्ला, रीता त्रिपाठी, पंकज कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, शिल्पी सिंह, श्री राकेश पटेल उपाध्यक्ष उपभोक्ता भण्डार, चन्द्र प्रकाश गुप्ता पूर्व सभासद, सूरज सिंह नगर अध्यक्ष भाजपा की विशेष उपस्थिति रही। मंच का संचालन अवधी भाषा के व्यंकार कवि अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने किया और कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव कराने से सरकार का ध्यान विकासात्मक गतिविधियों एवं जनकल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्यों पर केन्द्रित होगा। अंत मे पहलगाम में हुयी घटना पर दो मिनट मौन रखकर ने श्रद्धाजंलि अर्पित की।

# विवादित भूमि का कोर्ट में मुकदमा होने के बाद भी बेची जमीन

**उरई,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

जनपद में भू माफियाओं के कारनामों की फेरहिस्त लंबी होती चली जा रही है एक ताजा मामला उरई तहसील के ग्राम मिनौरा कालपी का है। जिसमें विक्रेता ने भूमि की बिक्री तो जायज की थी परंतु विक्री के उपरांत जो भुगतान क्रेताओं द्वारा किया गया उसमें बड़ा झोल कर दिया गया। इसके बाद विक्रेता में तीनों क्रेताओं पर सिविल न्यायालय जूनियर डिविजन के यहां बैनामा निरस्तीकरण का मुकदमा पंजीकृत करा दिया। इस बीच जिन क्रेताओं के ऊपर मुकदमा न्यायालय में पंजीकृत हुआ था उन्होंने न्यायालय का तथ्य छिपाते हुए झांसी की एक बड़ी फर्म को उक्त विवादित भूमि का बैनामा उसके हक में कर दिया जिस पर झांसी की फर्म जबरन कब्जा करने के लिए निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जब इसकी भनक प्रथम विक्रेता जगत विक्रम सिंह पुत्र गोविंद दास निवासी रामनगर रोड चिरगांव ने पुलिस अधीक्षक को 22 मार्च 2025 की तो कर्रवाई में विलंब दिखा इसके बाद जगत विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर यह शिकायत दर्ज कराई कि अवर अभियंता संतोष कुमार अग्रवाल पुत्र सतीश चंद्र अग्रवाल निवासी मोहल्ला रामनगर गरौठा, प्रमोद कुमार पुत्र कैलाश नारायण निवासी गांधी नगर उरई व इनके दो साथियों द्वारा जो भूमि बिक्री की गई थी।

# राजा के बाग को मिली मॉडल पार्क की सौगात

▸ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने फीता काटकर किया जनता को समर्पित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



इटावा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर इटावा विधानसभा के ग्राम प्रतापनेर राजा का बाग को सुन्दर मॉडल पार्क की सौगात सदर विधायक सरिता भदौरिया ने जीर्णोद्धार कर सोपी इस अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि जब से देश में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनी है तब से सरकार का एक ही प्रयास है कि शहरी और ग्रामीण जीवन में कोई अंतर ना रहे शहरी सुविधाएं गांव के लोगों को भी उपलब्ध हो इसी उद्देश्य से गांव में वृहद पार्क स्टेडियम के निर्माण कराई जा रही है।

इसी करनी में आज राजा के बाग पार्क का जीरोदार कर ग्रामीणों को समर्पित किए गए इस अवसर पर सदर विधायक ने भगवान गौतम बुद्ध जी मां सरस्वती माता एवं पानी का झरना एवं एवं जीव जंतुओं की मूर्तियों का लोकार्पण किया इस अवसर पर भाजपा नेता सागर दुबे व्यापारी नेता विनीत कुमार पांडे किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक चौहान चंदन पोरवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राजा भैया के आह्वान पर शहीदों को शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भईया के आह्वान पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे आतंकवादियों द्वारा कायरता पूर्ण तरीके से निर्दोष नागरिको को मारे जाने को लेकर एक श्रद्धांजलि शोक सभा सभा का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। शोक सभा मे उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम 2 मिनट का मौन धारण कर जम्मू कश्मीर पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से प्रार्थना की हमले में मृतक समस्त दिव्य आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके परिवारों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। जिलाध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र सिंह बाबी ने कहा की आतंकियों द्वारा किये गये इस जघन्य कायराना हत्याकांड की घटना की हम सब घोर निंदा करते है कि इस घटना में जो निर्दोष लोग मारे गये है उसका एक एक हिसाब लेना होगा क्यो की आतंकवाद एक नासूर है इसको जड़ से समाप्त करना होगा आतंकी और इनके आकाओं को जहन्नुम का रास्ता दिखाना होगा यह इंसानियत के दुश्मन है इनको किसी भी कीमत पर बक्सा नही जाना चाहिए। तभी शहीद हुए मृतकों को सच्ची श्रधान्जली प्राप्त होगी। पार्टी के प्रधान महासचिव अधिवक्ता मनोज सिंह ने कहा की जम्मू कश्मीर के पहलगाम में जिस तरह आतंकियों द्वारा बहुत कायरतापूर्ण तरीके से निर्दोष नागरिकों की हत्या की गयी है वह अत्यंत ही निंदनीय है हम इस घटना की घोर निंदा करते है और साथ ही सरकार से यह अनुरोध करते है कि इस घटना मे शामिल किसी भी आतंकी को बक्सा ना जाए और आतंकियों और इसके मास्टरमाइंड आकाओं के ऊपर ऐसी कठोर कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कुंवर भूपेन्द्र सिंह बॉबी ,प्रधान महासचिव अधिवक्ता मनोज सिंह ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष आई पी सिंह ,उपाध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास्तव ,महासचिव राहुल शुक्ला ,कलीम खान ,मीडिया प्रभारी प्रमोद सिंह ,जिलाध्यक्ष छाश्प्रश आदित्य नारायण जायसवाल ,सचिव दीप चंद्र सोनी ,सचिव अजय सिंह ,अरूण सिंह अल्पसंख्क प्रकोष्ठ प्रधान महासचिव इम्तियाज राइन आशुतोष पाठक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जिला बदर को गांव में घूमते पुलिस ने पकड़ा

**कदौरा,जालौन।** जिला बदर अपराधी को कदौरा पुलिस ने गांव में घूमते हुए पकड़ लिया। उसके पास से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह ने बताया की थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी नृपेन्द्र पुत्र मोहर सिंह जो की छह माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया था। वो अवैध तमंचा ले कर घूम रहा था। जिसे मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार पकड़ लिया गया है और उसे न्यायालय भेज दिया गया है जहां से उसे जेल भेजा गया है। नृपेन्द्र के ऊपर कई मुकदमे दर्ज है। अपराध करने वालों को किसी कीमत में। बख्शा नहीं जाएगा।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को पालिकाध्यक्ष ने किया सम्मानित

**▸ बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

टैगोर पब्लिक इंटर कॉलेज में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।



इस अवसर पर मनोज दुबे ने कहा आज के युग में शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। इन मेधावी बच्चों ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हमें इनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव सहयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कॉलेज के प्रबंधक आदर्श कुमार दुबे ने कहा हमारा संस्थान हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इन मेधावियों की सफलता हमारी शैक्षिक प्रणाली की मजबूती को दर्शाती है। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों के योगदान की भी सराहना की। प्रधानाचार्य गीता दुबे ने कहा छात्रों की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। हमारा लक्ष्य न केवल अकादमिक उत्कृष्टता है, बल्कि छात्रों को नैतिक मूल्यों के साथ एक जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। उन्होंने मेधावियों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक अशोक, दीपक, आशुतोष, हिमांशु, रूबी, सुयश, गौरांग, अनुराधा, निधि, स्नेहा, शिवा, क्षमा, कर्मचारी, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मेधावियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और परिवार को दिया। समारोह का संचालन सुवीन ने किया। हाई स्कूल हिंदी माध्यम में आदर्श पांडे, अवनीश यादव, आदित्य सिंह, पायल मिश्रा, आर्यन शाक्य, आर्यन सिंह चौहान, हाई स्कूल अंग्रेजी माध्यम में यश कौशल, अभिनव शुक्ला, नव्या मिश्रा, अनुष्का यादव, कायनात एवं इंटरमीडिएट में वैभव त्रिपाठी, हर्ष शाक्य, आर्यन, मुस्कान राठौर, अंबुज, अमन, विदुषी दुबे और शिवांगी कश्यप को पुरस्कृत किया गया।

# भूसा वाहनों को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**▸ भूसा दान करना पुनीत का कार्य: डीएम**

**▸ जनपद में अब तक कुल 5878 कुंतल भूसे का हुआ दान एवं 26789 कुतंल की हुई खरीद**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड उमर्दा के स्थानीय लोगों/ प्रधानों/ कार्मिकों आदि द्वारा 1100 कुंतल भूसे का दान किया गया। जिसे जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल स्मृति पार्क से 41 भूसे से लदी हुई गाडियों को गो आश्रय स्थलों में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा है कि निराश्रित गोवंशो हेतु अभियान चलाकर कर भूसे का भण्डारण किया जा रहा है। जनपद में अब तक कुल 5878 कुंतल भूसे का दान किया जा चुका है एवं 26789 कुतंल भूसे का क्रय किया गया है। उन्होंने कहा कि भूसा दान करना पुनीत कार्य है। कहा है कि भूसा दान हेतु लोगों को प्रेरित किया जाये। इस मौके पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी, परियोजना अधिकारी डीआरडीए राम अवतार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुनील दत्त प्रजापति सहित आदि सम्बंधित अधिकारी रहे।



वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम व सीडीओ

## निवादा गांव में लगी आग कई घर आये चपेट में

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** गांव में अचानक लगी भीषण आग से अफरा- तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कई घर उसकी चपेट में आ गए और जलकर राख हो गए। साथ ही कई मवेशियों आग की चपेट में आ गए। सदर कोतवाली क्षेत्र के निवादा गांव में अज्ञात कारणों से आग लग गई। धीरे- धीरे आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। और घर आग की चपेट में आ गए। जिससे गांव में अफरा तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुँची अग्निशमन दल की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया है। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। और प्रशासन मामले की जांच में जुटा है। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना फायर स्टेशन पर प्राप्त हुई थी। घटनास्थल पर मौके पर दो फायर सर्विस की गाड़ियों को भेजा गया। और पास के ट्यूबबेल से पानी लेकर आग पर काबू पा लिया गया है।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

**▸ 22 शिकायतों में 3 का हुआ निस्तारण**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के पास 22 शिकायतें पहुंची। इनके निस्तारण के लिए पुलिस के साथ लेखपालों की टीम मौके पर भेजी गई, जिसमें 3 शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया।



शनिवार को कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्व व पुलिस की मिलाकर 22 शिकायतें आई। इनके निस्तारण हेतु पुलिस के साथ लेखपालों की टीम को मौके पर भेजा गया, जिसमें 3 शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया। साथ ही लेखपाल व पुलिस की टीम ने बताया कि तीन और शिकायतों का भी जल्द से जल्द निस्तारण करा दिया जाएगा। वहीं संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे अधिकारियों ने भूमि विवाद से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों का राजस्व व पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराने तथा अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा कहा कि प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को अविलम्ब सम्बन्धित रजिस्टर पर अंकित कर कृत कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को भेजा जाए।

# साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों को वापस कराई धनराशि

**▸ पुलिस ने नौ पीड़ितों को साढ़े तीन लाख रुपए की धनराशि कराई वापस**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में साइबर सेल टीम द्वारा साइबर अपराधियों द्वारा की गई साइबर ठगी को रोकते हुए पीड़ितों की धनराशि वापस करायी। साइबर अपराधियों द्वारा गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों व मोहल्ले में विभिन मॉडस ऑपरेंडी (अपराध करने का तरीका) का प्रयोग करते हुए जनमानस को साइबर ठगी का शिकार बनाकर पीड़ितों के बैंक खातों को खाली किया गया था। पीड़ितों ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गई थी। साइबर सेल गुरसहायगंज पुलिस प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे के नेतृत्व में साइबर सेल टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए साइबर अपराधियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे खातों को फ्रीज कराकर धनराशि को हॉल्ड कराया एवं बैंक्स खातों को ट्रेस करते हुए बैंक के साथ समन्वय बनाकर नियमानुसार पीड़ितों को 3,51,286 (तीन लाख इक्यावन हजार दो सौ छियासी रुपये) धनराशि पीड़ितों के सम्बन्धित बैंक खातों में वापस करायी।

# ओम प्रकाश शुक्ल अज्ञात को मिला नारायण सारस्वत सम्मान



**▸ अंतरराष्ट्रीय कवि डॉ. शिवओम अंबर व योगेश मिश्र ने किया सम्मानित**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

फर्रूखाबाद से पधारे अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कवि, मेधा और मनीषा के धनी प्रख्यात रचनाकार डॉ. शिवओम अंबर व योगेश मिश्रा ने मोहल्ला बनवारी नगर स्थित आवास पर विख्यात कवि ओमप्रकाश शुक्ल अज्ञात को नारायण सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. अंबर ने कवि शुक्ला को माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह और स्वरचित रचनाओं की पुस्तक भेंट की। डॉ. अंबर ने कवि शुक्ला के स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान उनके साथ कवि महेश पाल सिंह उपकारी, राम शंकर अवस्थी अबोध और श्री नारायण सेवा संस्थान फर्रुखाबाद के समन्वयक योगेश मिश्रा भी उपस्थित थे। बता दें कि बीते 23 मार्च को कवि ओमप्रकाश शुक्ल को अचानक कंधे में असहनीय मस्कुलर दर्द की शिकायत हुई थी। इसके बाद उन्हें कानपुर के हृदय रोग संस्थान में भर्ती कराया गया, जहां 29 मार्च को उनकी एंजियोग्राफी की गई।

इस सम्मान समारोह में कवि शुक्ला के साहित्यिक योगदान की सराहना करने के साथ उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदमः वीर सिंह भदौरिया

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

देश को विश्व गुरु बनाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव की आवश्यकता है। एक चुनाव एक राष्ट्र से समय व राष्ट्रीय कोष की बचत होने के साथ- साथ विकास की गति को बढ़ाया जा सकता है। हमारे यहां हर वर्ष एक चुनाव होता है। जो विकास की धारा में बाधक है। समय पैसा और विकास की धारा को आगे बढ़ाने के लिए वन नेशन वन इलेक्शन कि आज आवश्यकता है। यह बात मुख्य वक्ता के रूप में रहे जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कही। जिला एवं सत्र न्यायालय में अधिवक्ता ब्लॉक सी लाइब्रेरी प्रांगण में एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक जैन ने की। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि कुछ पार्टियों को छोड़ दें तो आज ज्यादातर राजनीतिक पार्टियों वन नेशन वन इलेक्शन को सपोर्ट कर रहे हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम है। जो भारत के लोकतंत्र को मजबूत करेगा। निवर्तमान जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने कहा कि हमारे देश में चुनाव होते रहते हैं। चुनाव में पैसा खर्च होता है। ज्यादा पैसा खर्च होने से विकास का काम प्रभावित होता है सारा तंत्र चुनाव में लगने से विकास कार्य रुक जाता है मोदी जी का संकल्प है कि देश विकसित हो देश में किसी के साथ भेदभाव ना हो अगर भारत विकसित होगा तो उसका लाभ हम लोगों को मिलेगा। वन नेशन वन इलेक्शन का 47 राजनीतिक पार्टियों में से 32 राजनीतिक पार्टियों ने सपोर्ट किया है। और एक देश एक चुनाव ने विकसित भारत की परिकल्पना का अहम बिंदु है। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेंद्र त्रिवेदी व आनंद किशोर ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव आज विकसित भारत की परिकल्पना के लिए अति आवश्यक है देश का करोड़ों रुपए बार- बार चुनाव कराने में खर्च होते है जो विकास की क्षेत्र में बाधा है। बार-बार चुनाव कराने से कचहरी में भी अवकाश होता है। जिससे न्यायिक प्रक्रिया भी बाधित होती होती है। और वादकारियो का हित भी प्रभावित होता है। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा ने किया। इस दौरान अधिवक्ता जगदीश दुबे, नवीन दुबे, सतेन्द्र वघेल, मुशीर अहमद, अनिल चक्रवर्ती, मयंक दुबे, शिवांक बाजपेई, पियूष मिश्रा, अनिल यादव, गोल्डन कटियार, आलोक सिंह, राहुल यादव, श्याम सुंदर मिश्रा, संजीव शुक्ला, आशीष राठौर, तरुण चंद्रा सहित सैकड़ो अधिवक्तागण रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया

# बच्चों में स्कूल बैग वितरित कर मनाया स्मृति दिवस



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

स्व. संतोष कुमार द्विवेदी एडवोकेट का 68वां स्मृति जन्मदिवस प्राथमिक विद्यालय खल्ला रूप मंगदपुर में बच्चों में स्कूल बैग वितरित करके मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ मानवेंद्र सिंह गुरुजी ने कहा भाजपा सरकार ने बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वर्गीय संतोष द्विवेदी के सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज भी प्रेरणा देती है। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया ने कहा भाजपा सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी ने स्वर्गीय संतोष द्विवेदी को एक समर्पित समाजसेवी और कानूनविद् बताते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की आयोजक मिघौली रजबहा समिति की अध्यक्ष स्नेहलता द्विवेदी ने अपने पति स्व. संतोष द्विवेदी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान को याद किया। समारोह में उपस्थित उनके पुत्र इंजी. आशुतोष द्विवेदी सहित सभी लोगों ने स्वर्गीय द्विवेदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानाध्यापक प्रशांत राजपूत ने सभी के प्रति आभार जताया। शिक्षक शैलेंद्र दुबे के संचालन में हुए कार्यक्रम में पूर्व प्रधान राकेश कुमार द्विवेदी एडवोकेट, आशुतोष दुबे, राजीव कुमार त्रिपाठी, राधा कृष्ण त्रिपाठी, हरिशंकर मिश्रा, मुकेश पांडे, धीरज तिवारी, मनीष द्विवेदी, आशीष दुबे, विक्रांत चतुर्वेदी, अमित अग्निहोत्री, आलोक दुबे, शुभम दुबे व राजेश द्विवेदी एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## श्रद्धांजलि सभा के बाद निकाला कैंडल मार्च



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पहलगाम में हुए निर्दोश सैलानियों के नरसंहार से आक्रोशित होकर आल इंडिया स्वर्णकार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा के निर्देशानुसार स्वर्णकार समाज ने दिवगंत आत्माओ की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा के बाद कैंडल मार्च निकाला। इसमें राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामानंद वर्मा, प्रदेश मंत्री विनीत वर्मा सिंपल, जिलाध्यक्ष सौरभ वर्मा रिंकू, सर्राफा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष राजीव दुबे, जवाहरलाल वर्मा, आशीष वर्मा, अरविन्द वर्मा बंटी, विजेन्द्र वर्मा, अनिल कुमार वर्मा, रामजी वर्मा, कमल वर्मा, कुलदीप पप्पी वर्मा, सुधीर वर्मा, मीनू वर्मा, अवधेश वर्मा, हरिओम वर्मा पप्पन, मंजीत वर्मा, सोनू वर्मा, राजा वर्मा, दिलीप वर्मा, परमजीत वर्मा, राजीव वर्मा, दीपक वर्मा, सचिन वर्मा व राहुल वर्मा सहित समाज के लोग शामिल हुए।

# जेल निरीक्षण में डीएम ने परखी भोजन की गुणवत्ता

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जेल की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने जेल का निरीक्षण कर जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज का जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरक अहातों में बंदियों की परेड का अवलोकन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बैरकों में बंदियों के सामान की तलाशी करायी। उन्होंनें डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, एफजी-1 पोल मेटल डिटेक्शन, सीसीटीवी कैमरें अग्निशमन यंत्रों व अन्य सुरक्षा उपकरणों की क्रियाशीलता के बारे में भी जानकारी की। डीएम ने पाकशाला में बन रहे भोजन की गुणवत्ता को चेक किया तथा पाकशाला में लगे सभी उपकरण जैसे रोटी बनाने की मशीन, आटा गूथने की मशीन इत्यादि की क्रियाशीलता को देखा। उन्होंनें जेल अस्पताल में भर्ती बंदियों का हाल-चाल भी जाना। कहा कि बंदियों को कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण की व्यवस्था को निरन्तरता बनाये रखें। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुन्द, प्रभारी कारापाल/उपकारापाल रामबहाल दुबे, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, उर्मिला सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ सिद्धार्थ चौधरी, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कटियार के साथ प्रशासनिक कर्मचारी रहें।



निरीक्षण के दौरान मौजूद डीएम- एसपी व जेल अधीक्षक

# बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिता में दिखाई अपनी प्रतिभा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गीतापुरम कॉलोनी स्थित ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में बीमा कंपनी बजाज कैपिटल के द्वारा कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के लिए आयोजित रचनात्मक ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बजाज कैपिटल के मुनेंद्र कुमार ने विद्यालय के निदेशक हिमांशु वर्मा को सफल प्रतियोगिता का आयोजन कराने की अनुमति देने लिए बजाज कैपिटल की शील्ड से सम्मानित किया और कहा इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मस्तिष्क के रचनात्मक पक्ष को प्रज्वलित करना, उनके सूक्ष्म मोटर कौशल को विकसित करने में मदद करना तथा चित्रकला में उनकी रुचि को प्रोत्साहित करना था। उन्होंने प्रतियोगिता में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय की ट्रॉफी देकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रिंसिपल रूबी मिश्रा सहित सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।



# विजेताओं को पुरस्कृत कर प्रतियोगिता का किया समापन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित तीन दिवसीय कानपुर जोन की 29 वीं अन्तर्जनपदीय भारोत्तोलन (पुरुष/महिला), योग एवं पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता-2025 में कानपुर जोन की कुल 09 टीमों ने प्रतिभाग किया था। प्रतिभागियों ने उत्साह एवं मनोयोग से भाग लिया एवं अच्छे अनुशासन का परिचय देते हुये प्रतियोगिता को सकुशल सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाई । पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने विजेता खिलाड़ियों व टीम को पुरस्कृत कर प्रतियोगिता का समापन किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ प्रियंका वाजपेयी, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ मनोज कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन कुलवीर सिंह मौजूद रहे। एवं सम्पूर्ण प्रतियोगिता प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में सकुशल सम्पन्न करायी गई।



विजेताओं को पुरस्कृत करते एसपी विनोद कुमार व मौजूद अन्य

# समाधान दिवस में निपटी राजस्व की एक समस्या

**▸ दिवस में आई थी राजस्व संबंधी तीन समस्याएं**

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व संबंधी तीन समस्याएं आई। जिसमें एक समस्या का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष को कर्मियों को सौंप कर निस्तारण के निर्देश दिए गए। शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कोतवाल आलोक कुमार दुबे व राजस्व निरीक्षक कौशलेन्द्र दुबे ने समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में राजस्व की तीन शिकायतें आई। जिसमें एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य को राजस्व व पुलिस कर्मियों को सौंपकर निस्तारण के निर्देश दिए गए। अधिकारियों के न आने से फरियादी निराश होकर घर लौट गए। इस दौरान निरीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, दीपक चौधरी सहित राजस्व व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



समाधान दिवस में समस्या सुनते राजस्व निरीक्षण।

# समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी जन समस्याएं

**▸ अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

थाना समाधान दिवस में पहुंचकर डीएम- एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।थाना छिबरामऊ में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु उपस्थित संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुये निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में भूमि विवाद, नाली, चकमार्ग/ सरकारी भूमि/ तालाबों पर अवैध कब्जा इत्यादि से संबंधित शिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करें। इस दौरान सम्बन्धित अधिकारी सहित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल उपस्थित रहे।

# मौन रखकर पहलगाम के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि




मौन रखकर मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते चेयरमैन व सभासद।

**▸ नगर पंचायत तालग्राम में हुआ शोक सभा का आयोजन**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत तालग्राम कार्यालय में शनिवार को चेयरमैन मोहसिन खान (जानू) के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभासद व पंचायत कर्मियों ने कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के कायरतापूर्ण हमले में मृत हुए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान चेयरमैन मोहसिन उर्फ जानू, सभासद उमेश चन्द्र, राजा, अतुल गुप्ता, बहार, राजेश शर्मा, नरेंद्र शाक्य, पंकज ठाकुर, डॉ. अजीत यादव, नईम अहमद, कादिर मंसूरी, राशिद वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता आदि रहे।

# अवैध संबंधों के चलते हुई थी मामा के बेटे की हत्या



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

- क्षेत्राधिकारी बोले थानाध्यक्ष घटना को दबाने में रहे लिप्त
- पुलिस ने रिश्तेदार समेत तीन को भेजा जेल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

युवक के गायब होने के बाद भी पुलिस हरकत में नहीं आई। जिसके चलते एक युवक की जान चली गई। बताया जा रहा है की थाना राजेपुर क्षेत्र में बीते 19 अप्रैल की रात को एक घटना घटी। जिसमें जनपद हरदोई के थाना पाली कुआंडांडी निवासी दीपक कुमार पुत्र सुनील कुमार अचानक गेंहू की रखवाली करते समय भरखा चौराहे से गायब हो गया था। जिसमें परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस ने उपरोक्त मामले में श्यामवीर को गिरफ्तार किया था, लेकिन युवक का शव बरामद नहीं हुआ था। थाना पुलिस मामले को दबाती रही। जब मृतक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर दिया, तो अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने एसओजी व सर्विसलांस टीम इस मामले में लगा दी। इसके बाद गुरुवार की रात पुलिस ने मृतक दीपक का शव बरामद कर लिया। जब पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया तो उसमें गला रेतकर हत्या करने की रिपोर्ट सामने आई। पूछताछ के दौरान युवकों ने बताया कि पत्नी से अवैध संबंधों के चलते युवक को मौत के घाट उतार दिया था और शव गंगा जी में फेंक दिया। जिस पर आरोपी श्यामवीर को पुलिस थाने पकड़ लाई। उसी दौरान शव गंगा नदी में उतराने लगा। जब आरोपियों के दोस्तों ने मौके पर जाकर देखा तो शव पानी में उतराता मिला और कुत्ते नदी से खींचकर बाहर लेकर खाने लगे। डर की वजह से दोस्तों ने शव को गंगा के रेत में दबा दिया। खुलासा होने के बाद पुलिस ने आरोपी श्यामवीर पुत्र राधा कृष्ण, दीपू पुत्र मुकेश, मनफूल पुत्र वीरपाल के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया तथा युवकों का मेडिकल परीक्षण कराकर जेल भेज दिया है। जिसमें क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने बताया की इसमें थाना अध्यक्ष की लापरवाही नजर आई है। जिसकी रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंपी जाएगी।

## हमेशा के लिए बंद की गई गुमटी संख्या 134 सी, 80 गांव प्रभावित

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** आज गदनपुर देवराज से कमालगंज को जोड़ने वाली 134 सी रेलवे गुमटी को रेलवे अधिकारियों के द्वारा बंद करवाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे। लोगों की भीड़ लगती देख काम बंद करके कर्मचारी चले गये। दोपहर में आनन-फानन में दोनों तरफ से जेसीबी चलाकर खोद दी गई क्रॉसिंग। क्रॉसिंग बंद होने से करीब 80 गांव प्रभावित हुए। कई वर्ष पूर्व 135 सी गुमटी को भी बंद किया गया था। रेलवे अधिकारियों ने बताया अभी कुछ और रेलवे गुमटी बंद की जायेगी एवं गुमटियों को बंद करने का उद्देश्य रेलवे गाड़ियों की बढ़ती स्पीड को कम करने का कार्य यह गुमटियां कर रही थीं। इनके बंद होने से ट्रेनों की स्पीड बढ़ जाएगी। फिलहाल यह गुमटी बंद होने से लगभग 80 गांव प्रभावित हुए हैं। जो आधा किलोमीटर आगे से घूमकर जाएंगे। कुछ लोगों द्वारा बताया गया यह गुमटी का निर्माण लगभग आज से 55-50 साल पहले हुआ था।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



मौके पर मौजूद परिजन व पुलिस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला निवासी रामसिंह शाक्य उम्र 53 वर्षीय पुत्र इतवारी लाल शाक्य गाँव लालबाग के रहने वाले अतहर खाँन का खेत लगान पर लेकर खेती का काम करके परिवार का भरण पोषण करता था। आज उसने घर से कुछ ही दूरी पर खड़े बकैना के पेड़ पर गमछे से फांसी लगा ली। जब उधर से ग्रामीण गुजरे, तो उन्होंने राम सिंह को फांसी पर लटके देख परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेबिल धरमेन्द्र के साथ पहुँचकर जाँच पड़ताल कर मृतक के शव को फाँसी के फन्दे से नीचे उतरवाकर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी सहित बच्चे गिरीश चन्द्र, सुधीर, मनोज, सनोज, ननकू सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## ट्रेन में यात्रा कर रहे व्यापारी की मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गाँव बड़ा बाजार मऊदसीदाबाद निवासी शारब पुत्र वाजेश खान जो की मुम्बई के तलोला में रहकर बिल्डर्स का काम करते थे। मुम्बई से ट्रेन पर बैठकर वापस कायमगंज के लिए आ रहे थे। रास्ते में अचानक उनकी मौत हो गई। उनकी जेब से निकले मोबाइल फोन द्वारा उनके परिजनों को सूचना दी गयी। मौके पर पहुँची उनकी पत्नी खुशबू सहित अन्य परिजन स्टेशन जाकर उनके शव को घर ले आये।

# शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान के मेधावियों का प्रबंधक ने किया उत्साहवर्धन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ प्रबंधक आदि

शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। हाईस्कूल परीक्षा में रागिनी कौशल ने 88.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, वहीं प्रतीक्षा यादव ने 87.22 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इण्टरमीडिएट परीक्षा में महक कौशल ने 88.5 अंक प्राप्त किये तथा प्रज्ञा यादव ने 87.8 अंक प्राप्त किये। हाईस्कूल परीक्षा में 70 छात्राओं ने परीक्षा दी जिसमें सभी ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। वहीं इण्टरमीडिएट में 111 छात्राओं ने परीक्षा दी। जिसमें से 100 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी तथा 11 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल एवं मोनिका अग्रवाल ने सभी सफल छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं की मेहनत और लगन की प्रशंसा की तथा छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए अन्हें जीवन में सफल होने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय की एनसीसी ले0 शिल्की मिश्रा, शिक्षिका ममता सिंह, लक्ष्मी गंगवार, कमला गंगवार, शिक्षक विकास श्रीवास्तव, लालाराम, सन्दीप यादव, शशांक शुक्ला, अमित कुमार, विशाल गंगवार आदि ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपना आशीष प्रदान किया।

# मानसिक मंदित युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

मानसिक मंदित युवक की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। युवक का शव सुबह तक पटरी के किनारे पड़ा रहा। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर पलनापुर निवासी भोला बंजारा का तीस वर्षीय पुत्र फरीद खां शुक्रवार देर शाम खाना खाकर घर से निकल गया। काफी समय होने के बाद भी युवक के घर न लौटने पर स्वजनों ने खोजबीन शुरू की। युवक के न मिलने पर स्वजन घर वापस लौट गए। बीती रात किसी समय युवक गांव खेतलपुर सौरिया के निकट किसी ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने क्षत विक्षत अवस्था में युवक का शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के लिए आसपास क्षेत्र में सूचना दी। घटना स्थल पर पहुंचे मृतक के पिता ने शव की पहचान अपने पुत्र के रूप में की। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। मृतक के पिता के अनुसार युवक मानसिक मंदित था। युवक पहले भी कई बार खुदकुशी की कोशिश कर चुका है। मृतक की पत्नी नासिर बानो का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के तीन मीजान, जीजान, अबी जान पुत्र व तीन पुत्रियां नजराना, अमीना एजीना हैं। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# राजेपुर थाने को आदर्श थाना बनाने की दिशा में कार्य किये जायेंगे : एसपी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाने का निरीक्षण करतीं एसपी

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा शनिवार को थाना राजेपुर का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने थाने की साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव, सीसीटीएनएस कार्यालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने रिकॉर्ड रूम, हवालात, मालखाना, कंप्यूटर कक्ष तथा थाना परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय में दर्ज मामलों, तकनीकी उपकरणों के संचालन और डाटा फीडिंग की गुणवत्ता की भी जांच की।एसपी ने थाने में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जनता को शीघ्र पारदर्शी और न्यायसंगत सेवा प्रदान करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले हर फरियादी के साथ संवेदनशीलता और सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाए। इसके साथ ही एसपी ने अनुशासन, समयबद्ध कार्यवाही और जनसुनवाई की प्रभावशीलता को और बेहतर बनाने पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई व्यवस्था को बनाए रखने और अभिलेखों के व्यवस्थित रखरखाव के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद एसपी ने सभी कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपेक्षा जताई कि थाना राजेपुर को एक आदर्श थाना बनाने की दिशा में और भी बेहतर कार्य किए जाएंगे।

# बीती रात घर के ताले तोड़कर लाखों की नकदी व जेवरात चोरी

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बीती रात चोरों ने किसान के घर के ताले तोड़कर लगभग 30 लाख रूपये के नकदी, जेवरात साफ कर दिये। मामले में पुलिस को तहरीर दी गयी है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धीरपुर निवासी रामचन्द्र उर्फ सर्वेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके दो पुत्र हैं। दोनों परिवार के साथ बाहर नौकरी कर रहे हैं। घर पर रामचन्द्र अपनी पत्नी गिरजा देवी के साथ रहकर खेती करते हैं। बीती रात वह अपनी पत्नी के साथ कमरे में सो रहे थे। आधी रात के बाद चोर उनके घर में पीछे से चढ़े और उन्होंने रामचन्द्र के कमरे की कुंडी बाहर से लगा दी। जिसके बाद दो कमरों के ताले तोड़कर चोरों ने लगभग 1 लाख 70 हजार की नकदी और लाखों के जेवरात मिलाकर लगभग 30 लाख चोरी की तहरीर पुलिस को दी। रामचन्द्र नें बताया कि चोरी ज्यादा की हुई है, लेकिन पुलिस ने केवल 30 लाख ही लिखवाया है। चोरी के बाद घटना की सूचना डायल 112 पर दी गयी। डायल 112 मौके पर पहुंची और जाँच की। कोतवाल विनोद शुक्ला ने बताया कि मामले में जाँच की जा रही है।

# पाक के खिलाफ विहिप का भड़का गुस्सा, फूंका पुतला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



आतंकवाद का पुतला फूंकते कार्यकर्ता

पाक के खिलाफ लोगों में काफी गुस्सा देखा जा रहा है। जिसके चलते आये दिन पुतला दहन से लेकर लोग पाक को पानी पी-पीकर कोस रहे हैं और प्रधानमंत्री से ईंट का जवाब पत्थर से देने की मांग कर रहे हैं।

इसी क्रम में शनिवार को मसैनी चौराहा पर सुबह करीब 11.45 बजे विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर पहलगाम घटना को ले काफी आक्रोश व्यक्त किया। और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये। बाद में पुतला दहन किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री से मांग की कि पाकिस्तान को ऐसा जवाब दें कि वह दोबारा सिर उठाने की कोशिश न कर सके। पाकिस्तान हमेशा से ही हमें धोखा देता चला आ रहा है। उनकी कथनी और करनी में अंतर है। ऐसे लोगों से हमें भविष्य में भी सावधान रहने की जरुरत है।

जो पीठ में छुरा घोंपने का काम करते हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से पुष्पेंद्र सिंह चौहान सेवा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद, होमेंद्र उर्फ शनि गुप्तास, शुभम कटियार, ऋषभ सिंह, दिनेश सिंह तोमर, विनीत कटियार, मयूर कटियार, गब्बर, सुखेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीसीएम ने बाइक सवार व्यापारी नेता को मारी टक्कर

- सूचना पर कई व्यापारी व भाजपा नेता पहुंचे थाने, हुई नोकझोंक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऑक्सीजन गैस सिलेंडर डीसीएम ने बाइक सवार व्यापारी नेता को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दंपति गिरकर घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार शनिवार को रोडवेज बस स्टैण्ड के निकट बाइक सवार दंपति को उस समय ऑक्सीजन गैस सिलेंडर डीसएम ने टक्कर मार दी, जब वह गाड़ी बैक कर रहा था। लोगों के चीखने चिल्लाने पर चालक ने डीसीएम रोक दी। अन्यथा बाइक सवार की जान जा सकती थी। वहीं ऑक्सीजन गैस सिलेंडर दुकानदार ने बाइक सवार को दुकान के अंदर घसीट लिया। जिससे उसके कपड़े फट गये। वहीं घटना की सूचना मिलने पर कादरीगेट पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक सवार का कॉलर पकड़कर थाने ले गयी। बाइक सवार व्यापार मंडल का पदाधिकारी होने के कारण घटना की सूचना व्यापारियों को दी गयी। जिस पर कई व्यापारी व भाजपा नेता थाने जा धमके। भाजपा के पदाधिकारी को चौकी इंचार्ज ने धमकाया। जिस पर भाजपा नेता की पुलिस से नोकझोक हुई। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। बाद में कुछ लोगों ने मामले को रफादफा करा दिया।

## नाला निर्माण कराने के लिए बीडीओ व जेई ने नगर पंचायत अध्यक्ष से की वार्ता



नगर पंचायत अध्यक्ष से वार्ता करते बीडीओ व जेई

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कार्यालय के सामने से निकले नाले का नगर पंचायत कार्यालय की तरफ से निर्माण कराने के लिए नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव व जे0ई0 एमआई सुनील कुमार यादव ने नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत से नवनिर्मित नाला निर्माण के लिए विचार विमर्श किया तथा विकास खंड कार्यालय पर परिसर में बरसात के मौसम में जल भराव तथा विकास खंड कार्यालय के बाहर जल भराव को लेकर विकास खंड अधिकारी चिंतित दिखे। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत से विचार विमर्श कर नाला निर्माण की सहमति बनायी। दोनों लोगों की सहमति होने के बाद जे0ई0 एमआई सुनील कुमार यादव ने नाला निर्माण का इस्टीमेट तैयार करने की बात कही। उन्होंने बताया की एक-दो दिन में नाला निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। वहीं विकास खंड अधिकारी ने नगर पंचायत क्षेत्र में बने विकास खंड कार्यालय पर लगे हेडपंप रिबोर कर मरम्मत कराने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत से वार्ता की। उन्होंने सोमवार को सभी हैंडपंप जांच कर सही करने का आश्वासन दिया।

## सूना घर देख चोरों ने दिनदहाड़े पार किये जेवरात व नकदी



घर में खुली पड़ी अलमारी को दिखाता गृहस्वामी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सूना घर देख चोरों ने दिनदहाड़े अलमारी तोड़कर घर में रखे जेवरात व नगदी चोरी कर ली। गृहस्वामी ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला जोधा निवासी अर्चना देवी पत्नी वीरपाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार सुबह 9:00 अपने घर का काम निपटाकर अपने पति वीरपाल के साथ खेतों पर काम करने के लिए गई हुई थी। जब वह लगभग 10:00 बजे खेतों से वापस लौटी, तो उसने देखा कि उसके घर के दरवाजे खुले थे और अंदर जाकर देखा तो अलमारी भी खुली पड़ी थी। तब पीड़ित को चोरी होने की जानकारी हुई। सेफ में रखे गहने गायब थे। अलमारी से तीन जोड़ी पायल, कमर गुच्छा, दो अंगूठी, एक जोड़ी टॉप्स, 6 सिक्का चांदी के तथा 30000 रुपये की नकदी गायब थी। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी। वहीं जब इस बाबत दरोगा गिरीश चंद्र से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि मामला दिन का है और रोड के किनारे दिनदहाड़े इतनी बड़ी घटना को कैसे कोई अंजाम दे सकता है, लेकिन फिर भी मामला संदिग्ध लग रहा है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जगह-जगह सपा प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



स्वागत के दौरान प्रदेश अध्यक्ष व सपा नेता

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल सपा के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव के पुत्र के विवाह उपरांत आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम में शामिल होकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर मनोज यादव प्रदेश प्रवक्ता, मुनीर अहमद पूर्व मंत्री, मुन्ना यादव, अंशु पाल जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी कन्नौज, डॉ. नवल किशोर शाक्य, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, इलियास मंसूरी, विवेक सिंह यादव, बृजेश पाल, साजिद अली खान, इजहार खान, राजन यादव, रामपाल यादव, नरेंद्र शाक्य, अरविंद पाल, शिव शंकर शर्मा, तस्लीम खान, अरविंद यादव, विजय अनुरागी, जियाउल हक, संजीव अंबेडकर आदि मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष का जनपद आगमन पर जगह-जगह स्वागत किया गया। डॉ. नवल किशोर शाक्य के नेतृत्व में जिला जेल चौराहे पर प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। फतेहगढ़ में डॉ. जेपी वर्मा ने अपने आवास पर माला व अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। सिराजुल अफाक मुन्ना ने स्वागत किया।

# उद्योग बन्धु की बैठक में छायी रही नगर की समस्याएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापार बंधु की बैठक मुख्य विकास अधिकारी अरविंद मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

ई-रिक्शा व टेंपो कहीं पर भी बिना सूचक के रोक देते हैं, भले ही दुर्घटना हो जाए। वाहन स्वामियों व चालकों को उचित वाहन चालन हेतु निर्देश दिए। बाइक व कार चालक, सड़क का पार्किंग की भांति उपयोग कर रहे हैं। अदालत में प्रचलित मुकदमों के कारण पार्किंग स्थल की स्थापना में बाधा उत्पन्न हो रही है। बंदर व कुत्ते जैसे आवारा पशुओं से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। नगर पालिका पकड़वा रही है। कल 140 बंदर पकड़े गए। विद्युत संबंधी शिकायतों में कहा गया कि जे.ई. फोन कॉल रिसीव नहीं करते हैं। इस पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। नगर पालिका को वॉटर कूलर सही कराकर उनकी फोटो लेने के निर्देश दिए गये। बालिका विद्यालयों की छुट्टी के समय अश्लीलता रोकने के लिए पुलिस की ड्यूटी लगाने की मांग की गई। भतीजों द्वारा चाचा को भोजन पहुंचाने पर उसे बालश्रम में चालान न किया जाए। यह अमानवीय है। रेलवे रोड से विद्युत खंभे हटवाने की मांग पर कार्यवाही जारी है। बीबीगंज में नाली महायोजना के अनुसार नहीं बन रही है, क्योंकि व्यवसायिक कठिनाइयां सामने आ रही हैं। नगर में नकली पनीर बन रहा है। इस पर खाद्य सुरक्षा विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। विधायक सुशील शाक्य व विधायक नागेंद्र राठौर के समक्ष मुद्रा लोन के अंतर्गत बैंकों द्वारा लोन न देने की शिकायत की गई। रिहायशी होल में हाईटेंशन विद्युत लाइन अनधिकृत रूप से गुजरने की शिकायत की गई।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को मक्का के खेत में ग्रामीणों ने पकड़ा

- दिल्ली में प्यार चढ़ा परवान, पुलिस ने थाने से दोनों को छोड़ा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली में रहकर प्यार परवान चढ़ा और युवक प्रेमिका से मिलने उसके गांव नवाबगंज आ धमका। जहां मक्का के खेत में दोनों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंपा दिया। युवती पक्ष से कोई तहरीर न देने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को छोड़ दिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया बबुरारा निवासी एक युवती काफी दिनों से अपने माता-पिता के साथ दिल्ली में रहकर रह रही थी। उसके माता-पिता वहां मजदूर करते हैं, तभी नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही बलीपुर निवासी एक युवक से उसका प्रेम प्रसंग हो गया। बीते कुछ दिन पूर्व युवती के माता-पिता अपने घर खेतीपाती का काम निपटाने के लिए गांव आ गये। युवती भी उनके साथ आ गयी। जिसकी जानकारी होने पर उसका प्रेमी उससे मिलने उसके गांव पहुंचा। वहीं मक्का के खेत में युवक युवती के घुसे होने की खबर जैसे ही ग्रामीणों को लगी, तो भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और युवती तथा युवक को घेर लिया। इसके बाद ग्रामीण युवक के साथ मारपीट करने लगे और युवती के माता-पिता को मौके पर बुलाकर युवती को उनके सुपुर्द कर दिया। जब इसकी खबर आसपास के गांवों के लोगों को हुई, तो वह भी मौके पर पहुंच गये और आरोपी को पड़कर ग्रामीण मारपीट करने लगे, तभी किसी ने सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने आरोपी को अपने कब्जे में लिया, लेकिन इधर युवती युवक के साथ जाने की जिद पर अड़ गयी। जिसकी सूचना कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र ने थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी को दी।

सूचना पाकर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने मौके पर महिला कांस्टेबिलको भेजा। महिला कांस्टेबिल युवक तथा युवती को पकड़कर थाने ले गयी। जहां काफी देर तक मामले चलने के बाद युवती की मां ने आरोपी के विरुद्ध तहरीर देने से मना कर दिया। तब जाकर थाना पुलिस ने मामले को रखादफा कर दोनों आरोपियों को थाने से छोड़ दिया। जब इस बाबत थाना पुलिस से जानकारी की गई तो थाना पुलिस ने बताया की मौके से आरोपी को पकड़ा गया था, लेकिन किसी पक्ष से कोई तहरीर ना मिलने के कारण मामला रफादफा कर दिया गया।

# जमदग्नि सुत, बल बुद्धियुक्त, गुण ज्ञान शील सुधाकरं



## परशुराम जयंती पर विशेष

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रुप में उस भृगु कुल में अवतार लिया, जिस भृगु कुल के पाद-प्रहार को अपने वक्षः स्थल पर सहा। भगवान परशुराम का जन्म माता रेणुका और ऋषि जमदग्नि के घर प्रदोष काल में हुआ था उन्हें चिरंजीवी भी माना गया है। इसी दिन अक्षय तृतीया का त्योहार भी मनाया जाता है। अगर आप इन योगों में भगवान परशुराम की पूजा से देवी लक्ष्मी की कृपा बरसेगी।



### संजीव मिश्रा बॉबी

उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ने बताया कि सभी अवतारों के विपरीत परशुराम जी वर्तमान में भी पृथ्वी पर ही निवास करते हैं। यही कारण है कि भगवान राम और श्री कृष्ण की तरह परशुराम की पूजा नहीं की जाती है। दक्षिण भारत में उडुपी के पास पवित्र स्थान पजाका में, एक परशुराम जी का मंदिर भी है। कहा जाता है कि भगवान विष्णु के अंतिम अवतार कल्कि को शस्त्र विद्या प्रदान करने वाले गुरु होंगे।



### विकास पाण्डेय

भाजपा नेता विकास पाण्डेय ने बताया कि पौराणिक वृत्तान्तों के अनुसार भगवान परशुराम का जन्म महर्षि भृगु के पुत्र महर्षि जमदग्नि द्वारा सम्पन्न पुत्रेष्टि यज्ञ से प्रसन्न देवराज इन्द्र के वरदान स्वरुप पत्नी रेणुका के गर्भ से वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को हुआ। वे धरती पर वैदिक संस्कृतिक का प्रचार-प्रसार करना चाहते थे। उन्होंने अहंकारी और धृष्ट हैहयवंशी आताताइयों का पृथ्वी से 21 बार संहार किया। वह न्याय प्रिय भी थे।



### पंकज औदिच्य

मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज के लिपिक पंकज औदिच्य ने बताया कि भगवान परशुराम अवशेष कार्यों में कल्कि अवतार होने पर उनका गुरुपाद ग्रहण कर उन्हें शस्त्र विद्या प्रदान करना भी बताया गया है। उनका भाव इस जीव सृष्टि को प्राकृति सौंदर्य सहित जीवंत बनाये रखना था। वह सदैव अपने गुरुजन व माता-पिता की आज्ञा का पालन करते थे। हम सब मिलकर उनका जन्मोत्सव मनायेंगे।

# शादी समारोह में गंगा समिति ने बांटे पौधे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक अनोखी पहल का आरंभ किया गया। जिसके तहत गंगा नदी के तट के निकट स्थित एक गार्डन में आयोजित विवाह समारोह में लोगों को पौधे वितरित किए गए एवं वृक्षारोपण किया गया। ग्राम पंचायत मसेनी की बेटी निशु कटियार का विवाह जिला कानपुर के बिल्हौर के ऋषि कटियार से तय हुआ। बारात लेकर आए वर पक्ष के लोगों का वधू पक्ष के लोगों ने स्वागत किया। जिसमें नमामि समिति टीम ने मिलकर सहयोग किया। वर एवं वधू पक्ष के लोगों को पौधे वितरित किए गए एवं सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। निहारिका पटेल द्वारा इस



नव वधू को पौधा भेंट करती निहारिका पटेल

अनोखी पहल की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमें किसी भी अवसर समारोह में चाहे वह विवाह हो, जन्मदिवस हो या कोई भी अन्य उत्सव हो हम सभी को हर उत्सव या त्योहार पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए एवं उसका संरक्षण करना चाहिए। जिससे पर्यावरण संरक्षण में बढ़ावा मिलेगा। हमारी नदियां व वन्य जीव फलेंगे-फूलेंगे, साथ ही लोग जागरुक होकर नदियों को भी स्वच्छ अविरल बनाये रखने का प्रयास करेंगे। हमें नदियों को दूषित नहीं करना है और घाट के निकारे अनावश्यक सामग्री को प्रवाहित करने से रोकना है। विवाह समारोह में उपस्थित सभी लोगों को अपने-अपने स्तर से पर्यावरण बचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान रोहित दीक्षित, दिलीप कुमार, सुमित कुमार, विकास कुमार, मीना कटियार, रचना गुप्ता, प्रियांशी, जानवी, घनश्याम, हिमांशु, वैभव, राहुल, रामरहीश, कुशवाहा, रजत, हर्षित, रोहित मौर्य आदि मौजूद रहे।

# नूरपुर विद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब का हुआ गठन, प्रभारी नियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार रोड सेफ्टी क्लब का गठन सम्मेलन नूरपुर विद्यालय में किया गया। रोड सेफ्टी क्लब बनाए जाने के लिए प्रधानाध्यापक गोविंद चौरसिया, सहायक अध्यापक प्रतिभा सक्सेना को प्रभारी नियुक्त किया गया। क्लब में रोशनी देवी एसएमसी अध्यक्ष, माता अभिभावकों में आरती देवी एवं अशोक कुमार मिश्रा को रखा गया। कक्षा 6 में पढ़ने वाले छात्र अंकित कुमार, कक्षा 7 में रशीद मंसूरी तथा कक्षा 8 में सोनी शाक्य को नामित किया गया। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने सभी विद्यार्थियों को



छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते गोविंद चौरसिया

सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित कियाा। प्रधानाध्यापक गोविंद चौरसिया द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलायी गई। वैभव सोमवंशी ने सभी विद्यार्थियों को जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष व्यक्तियों की हत्या किए जाने और उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान किए जाने हेतु 2 मिनट का मौन धारण कराया। इस अवसर पर अनीता वाजपेई, राहुल सिंह, नेहा त्रिपाठी, अदिति अग्निहोत्री, प्रीति चौहान, सुमन यादव, अंजलि आदि उपस्थित रहे।

## जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने मृतक पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने बैठक आहूत कर पहलगाम घटना की निंदा की। संस्थापक/अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों का धर्म पूछकर गोली मारकर हत्या किये जाने पर देश में आक्रोश व्याप्त है। सभी ने मृतक पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने मांग की कि भारत सरकार पाकिस्तान को घर में घुसकर मारे और नेस्तानाबूत कर संदेश दें कि जो भारत की ओर देखेगा उसे मुंहतोड़ जबाव दिया जायेगा। इस मौके पर दिनेश पाल, कन्हैया लाल श्रीवास्तव, डॉ. मुन्ना सिंह, ओमप्रताप, कृष्ण कुमार, शिवाजी कटियार, रामनारायन, भैरोनाथ त्रिवेदी, डॉ. मेहंदी हसन, शिव कुमार वर्मा, नरेन्द्र कुमार शर्मा, सुदेश राजपूत मौजूद रहे।

# एसपीजी आर इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

**शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर डायरेक्टर व प्रबंधिका ने बच्चों को दी बधाई**



एसपीजी आर इंटर कालेज के मेधावी छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसपीजी आर इंटर कालेज का हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्र-छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाकर विद्यालय टॉपर बने। विद्यालय के डायरेक्टर राजीव पाठक ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधिका विनीता पाठक ने मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय बुलाकर माल्यार्पण कर तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। प्रधानाचार्या सुभ्रा पाठक ने मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया। इंटर में सौरव कुमार कश्यप ने 81.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने।

वहीं द्वितीय स्थान पर 81 प्रतिशत अंक लाकर सुमित कुमार कश्यप एवं 81 ही प्रतिशत अंक लाकर अनुष्का शाक्य द्वितीय स्थान पर रही। मुस्कान 79.6 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। हाईस्कूल में सुधांशु राजपूत ने 83.33 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने। द्वितीय स्थान पर 81.16 प्रतिशत अंक लाकर छात्र राज रहे। 80.16 प्रतिशत अंक के साथ अनन्या कटियार तृतीय स्थान पर रही। सभी मेधावियों को शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।



पुतला फूंकते निषाद पार्टी के लोग

## निषाद पार्टी के पदाधिकारियों ने पाकिस्तान के पीएम का फूंका पुतला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कश्मीर घाटी के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए कसम खायी गई। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने सरकार से मांग की कि समय आ गया है कि पाकिस्तान को करारा जबाव दिया जाये। आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जो भी लोग पाकिस्तान का समर्थन करते है, उनके लिए दयाभाव रखते है उन्हें पाकिस्तान भेज देना चाहिए। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये गये। प्रधानमंत्री से मांग की गई कि पाकिस्तान को साफ करों। इस मौके पर मुकेश कश्यप, कुलदीप कुश्यप, ज्ञानेन्द्र कश्यप, सचेन्द्र कश्यप, अजीत बाथम, सुरेश कश्यप, नीरज कश्यप, प्रभात, राजेश मिश्रा, संजीव बाथम आदि लोग मौजूद रहे।

# एनएकेपी इं.का. की प्रधानाचार्य ने मेधावी छात्राओं को मिठाई खिलाकर दी बधाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कालेज का हाईस्कूल व इंटर में 96 प्रतिशत रिजल्ट रहा। प्रधानाचार्या ने शनिवार को छात्राओं को विद्यालय बुलाकर माला पहनाकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर छात्राओं को बधाई दी। हाईस्कूल में सौम्या सिंह ने 83 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान विद्यालय में प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर 82.3 प्रतिशत अंक लाकर अंशिका रही। पलक मौर्य ने 82.1 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जया ने 80.3 प्रतिशत अंक लाकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। मुन्तहा 79 प्रतिशत अंक के साथ पंचम स्थान पर ही। इंटर मीडिएट का भी 96 प्रतिशत विद्यालय का



स्वागत के दौरान प्रधानाचार्या के साथ विद्यालय टॉपर छात्रायें

रिजल्ट रहा। 86 प्रतिशत अंक लाकर जैनव सिद्दीकी विद्यालय टॉपर बनी। 82.6 प्रतिशत अंक के साथ स्मृति सक्सेना द्वितीय स्थान पर रही। 81.2 प्रतिशत अंक लाकर प्रियांशी तृतीय स्थान पर रही। 80.4 प्रतिशत अंक के साथ वैष्णवी चतुर्थ स्थान पर रही। 79.4 प्रतिशत अंक लाकर नेहा ने पंचम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने सभी मेधावी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की क्लास टीचर नीता दुबे, मीनू आनंद, प्रीती, विभाह सिंह ने छात्राओं को मिठाई खिलाई और बधाई दी।

# एमआईसी के छात्र अजीत राजपूत बने विद्यालय टॉपर



मेधावी छात्र अजीत राजपूत के साथ प्रधानाचार्य व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इंटर मीडिएट का परीक्षा परिणाम आने के बाद म्युनिस्पिल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने टॉपर छात्र अजीत राजपूत को विद्यालय में सम्मानित किया। अजीत राजपूत ने 500 में से 415 अंक पाकर विद्यालय टॉपर रहे। जो 83 प्रतिशत रहा। विद्यालय में प्रथम पोजीशन आने पर शनिवार को अजीत राजपूत को सम्मानित किया गया। अजीत राजपूत ने बताया कि अपने परिजनों एवं गुरुजनों की प्रेरणा से अच्छे अंक हासिल किये। आगे और मेहनत कर जनपद का नाम रोशन करूंगा। विद्यालय में प्रथम स्थान पाने पर प्रधानाचार्य ले0 गिरिजा शंकर, मेजर संदीप माधव, ले0 राजेश दुबे, डा0 दिनेश चन्द्र के अलावा विद्यालय के प्रवक्ता मयंक रस्तोगी एवं प्रदीप जायसवाल मौजूद रहे।

# आधार कार्ड व अंक पत्र के मिलान के बिना नहीं होगा एनसीसी में इनरोलमेंट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक तथा एडम अवसर कर्नल अमनदीप सिंह खारोड द्वारा बटालियन की समस्त उप इकाइयों के सहयोगी एनसीसी अधिकारियों की कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। नवीन सत्र 2025-26 हेतु एनसीसी कैडेट के एनरोलमेंट कराए जाने पर चर्चा हुई। कमान अधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नवीन सत्र में केवल उन्हीं छात्रों का एनसीसी कैडेट में प्रवेश लिया जाएगा जिनके अंक पत्र, आधार कार्ड तथा भारतीय स्टेट बैंक में जीरो वैलेंस पर खोले गए खाते में नाम मैच कर रहा होगा। जिन छात्रों के इन तीनों में मिसमैच है, उनका एनसीसी में भर्ती होना संभव नहीं हो सकेगा। साथ ही उनके द्वारा यह भी निर्देशित किया गया



कैप्टन संदीप माधव को मेजर की रैंक पहनाते कर्नल

की 31 जुलाई प्रवेश की अंतिम तिथि होगी।

जिन छात्रों को एनसीसी में एनरोलमेंट करवाना है, वे आधार कार्ड, अंक पत्र तथा बैंक पासबुक में अपना तथा पिता का नाम मिलान करते हुए 31 जुलाई 2025 से पहले जिन विद्यालयों में एनसीसी संचालित हो रही है उनमें जल्दी से जल्दी प्रवेश लेकर आवेदन कर लें। इनरोलमेंट अगस्त के प्रथम सप्ताह तक संपन्न हो जाएंगे और इसी माह में परेड तथा क्लासेस भी प्रारंभ होनी हैं।

द्वितीय रिफ्रेशर कोर्स पूरा करने के उपरांत तथा 15 वर्ष की एनसीसी में सेवा पूर्ण होने पर कैप्टन संदीप माधव को कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक तथा एडम अफसर कर्नल अमनदीप सिंह खारोड द्वारा मेजर की रैंक लगाकर सम्मानित किया गया। बटालियन में अब दो मेजर हो गए हैं। सभी ने मेजर संदीप माधव को बधाई दी। वह एचएलबीएन इंटर कालेज छिबरामऊ में रसायन विज्ञान प्रवक्ता है। इस अवसर पर मेजर केके सिंह, कैप्टन बलविंदर सिंह, लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर, लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा, लेफ्टिनेंट अवधेश प्रभु खोजी, लेफ्टिनेंट राजेश दुबे, लेफ्टिनेंट राजू अहिरवार, लेफ्टिनेंट विमल कुमार कोरी, केयरटेकर राजीव कुमार, डॉ0 सत्येंद्र कुमार, थर्ड अफसर अमित दयाल, संतोष शुक्ला, सीटीओ विकास पाल, सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार शैलेन्द्र सिंह, सूबेदार दिनेश सिंह, बीएचएम बृजराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने स्नान घाट आदि निर्माण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने पीडब्लूडी गोदाम पांचाल घाट पर जल निगम ग्रामीण द्वारा बनाये जा रहे ओवरहैड टैंक, पर्यटन विभाग द्वारा पांचाल घाट पर बनाये जा रहे स्नान घाट व ग्राम पंचायत सोता बहादूर द्वारा श्मशान घाट पर कराये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। डीएम ने निर्देशित किया कि निर्मित किये जा रहे स्नान घाट को पुरानी घटिया तक बढ़ाया जाये, कार्यों की गुणवत्ता अच्छी रहे। साफ-सफाई के निर्देश दिये। फैली गंदगी देख उन्होंने नाराजगी जतायी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, अधि. अभियंता विद्युत, अधि.अभियंता जल निगम ग्रामीण, व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विद्यालय टॉपर छात्रों को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हाईस्कूल, इंटर बोर्ड परीक्षा का फल घोषित होने के बाद भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में टॉपर छात्र को सम्मानित किया गया। विद्यालय में हाईस्कूल पंजीकृत कुल 252 छात्रों में से 220 छात्र उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 में देवांश वर्मा ने गणित में शत-प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र आर्यन राठौर, द्वितीय स्थान पर देवांश, तृतीय स्थान पर अजीत रहे। इंटर मीडिएट वाणिज्य वर्ग में 29 छात्रों में से 27 छात्र उत्तीर्ण हुए।

कुल 93 प्रतिशत छात्र पास हुए। वाणिज्य वर्ग में प्रथम अर्पित कुमार, द्वितीय नमन कुमार एवं तृतीय स्थान पर शिव मोहन शुक्ला रहे। इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग में 107 छात्र पंजीकृत है। सभी 107 छात्र उत्तीर्ण हुए। जो 100 प्रतिशत रिजल्ट रहा। विज्ञान वर्ग में 87 प्रतिशत अंक लाकर सौरव प्रथम स्थान पर रहे। 86 प्रतिशत अंक लाकर साकिर अंसारी दूसरे स्थान पर रहे व कृष्णा शर्मा 84 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। इंटर मानविकी वर्ग में देवांश दीक्षित प्रथम, अनुरोध द्वितीय, नोमान अली तृतीय रहे।



मेधावी छात्र को सम्मानित करते प्रधानाचार्य

विद्यालय के प्रबंधक राजेश मिश्रा व प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने उत्तीर्ण सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर शिक्षक रामचन्द्र कुरील, अविलाश कुमार शंखवार, जगवीर सिंह, पुष्पेन्द्र शर्मा, निशांत यादव, बृजमोहन, अखिलेश पाण्डेय, अंकुर त्रिपाठी, राजवीर सिंह, नितिन यादव, संजय गिरी, दिलीप सिंह, समरेन्द्र शुक्ला, देवाशीष पाठक, करन पाल, केशव गंगवार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# आरक्षी पुलिस भर्ती का बकाया मानदेय दिलाने की शिक्षकों ने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षक नेता संतोष कुमार दुबे व सत्येन्द्र सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक से मांग की है कि आरक्षी पुलिस भर्ती का बकाया पारिश्रमिक भुगतान कई केंद्रों का बांकी है, उसे दिलाया जाये।

पुलिस अधीक्षक व जिला विद्यालय निरीक्षक को पूर्व में ज्ञापन दिया जा चुका है। 2024 में हुई आरक्षी पुलिस भर्ती में तीन केंद्रों को छोड़कर समस्त केंद्रों का मानदेय भुगतान पूरा हो चुका है। ऐसे में बकाया तीनों केंद्रों का शेष एनएकेपी बालिका डिग्री कालेज के केंद्र का 18550 रुपया शेष भुगतान बांकी है।

> तीनों केंद्रों का आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान कार्य करने वाले शिक्षकों का भुगतान किया जाये

वहीं दूसरा केंद्र रखा बालिका इंटर कालेज का 18269 रुपये शेष भुगतान बांकी है। साथ ही तीसरे केंद्र रामानंद बालिका इंटर कालेज का 33775 रुपये भुगतान बांकी है। तीनों केंद्रों का आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान कार्य करने वाले शिक्षकों का भुगतान किया जाये। जिसके लिए बांकी धनराशि है उसे शीघ्र दिलाया जाये। शिक्षक हितों के लिए सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि संघर्ष जारी रखेंगे।

# राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने आतंकवाद के खिलाफ अपना विरोध जताया और जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने आतंकवादियों समेत पाकिस्तान का पुतला फूंका।


पहलगाम हमले में कई निर्दोष लोगों की जान गई थी और हिंदू संगठनों ने इसके लिए जिम्मेदार आतंकवादियों की निंदा की और विरोध प्रदर्शन करते हुए आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। सभी युवाओं ने विरोध जताते हुए प्रधानमंत्री से मांग की कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाये। जिससे वह कभी दोबारा



पुतला फूंकते करणी सेना के लोग

हिन्दुस्तान की तरफ आंख उठाकर न देख पाये। राजेपुर चौराहे पर आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर रोंका और कहा कि इस तरह से पुतला फूंकने से दुकानों में आग लग सकती है, क्योंकि हवा चल रही है। पुलिस ने जब पुतले पर पानी डालने की बात कही तो गौरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष अभय चौहान सहित सभी ने नाराजगी जतायी। इस मौके पर अनुज चौहान, शेखर परमार, शिवकुमार चौहान, संजीव चौहान समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गृहकलेश के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



पंचनामा की कार्यवाही करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गृहकलेश के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ से सटे ग्राम धंसुआ निवासी राजेश पुत्र रघुवर ने गृहकलेश के चलते बीती रात करीब 1:16 बजे फांसी लगा ली। परिजनों के देख लेने पर आनन-फानन में फांसी से उतारकर लोहिया अस्पताल में ले जाया गया। जहां इमरजेंसी डियूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात में शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचना दी गयी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सुबह पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गृहकलेश के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

# 33 वर्ष बाद डाकघर को नसीब हुआ सरकारी भवन



उद्घाटन के दौरान पोस्ट आफिस की किताबे दिखाते उपभोक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

33 वर्षों से किराये के भवन में चल रहे डाक घर को आखिर सरकार का सहारा मिल ही गया। शनिवार को विकास खण्ड कमालगंज के गदनपुर देवराजपुर में 1991 से चल रहे पोस्ट आफिस को शनिवार सरकारी पंचायती भवन में शिफ्ट कर दिया गया। उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री गुरुचरन आजाद ने फीता काटकर किया। पोस्ट आफिस के सहायक डाक अधीक्षक आरबी सेंगर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह डाक घर 1991 से किराये के मकान में चल रहा था। अब विधिवत ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित पंचायत भवन में इसे शिफ्ट कर दिया गया और चन्द्रपाल को शाखा डाकपाल नियुक्त किया गया। वहीं ओवरसियर के पद पर अजय कुमार, पोस्टमैन सुरेन्द्र कुमार स्टाफ के रुप में कार्य कर रहे है। इस अवसर पर सुनील कुमार गुप्ता, प्रधान गदनपुर आमिल रघुनन्दन पाल, गदनपुर देवराजपुर प्रधान दिलीप कुमार यादव, रिंकू गुप्ता, दमोदर शंखवार, निर्जेश कुमार शंखवार, पकज आदि उपस्थित रहे।

## एसबी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी व शिक्षकों से सपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया संवाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल शनिवार को जनपद दौरे पर आये। उन्होंने जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव के याकूतगंज स्थित एसबी पब्लिक स्कूल पहुंचकर संवाद किया। विद्यालय प्रबंधक विवेक यादव और विद्यालय चेयरपर्सन स्नेहा यादव से शिक्षा के क्षेत्र में किये गये सराहनीय कार्य की सराहना की। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने गरीब वर्ग के छात्रों का विशेष ध्यान रखने की अपील की। कहा कि जिससे हर समाज शिक्षित हो और मजबूत रहे। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का फूल मालाओं से स्वागत किया और उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मुनीर अहमद, मनोज यादव, आशू पाल, राजन यादव, विजय अनुरागी, संजीव अम्बेडकर, आकाश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस की तत्परता से लूटकर ला रहे ट्रक को बदमाश छोड़कर हुए फरार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस की तत्परता से ट्रक लूटकर ला रहे बदमाश ट्रक छोड़कर फरार हो गये। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। बदमाश ट्रक से हजारों की नकदी लूट ले गये। ट्रक मिल जाने पर चालक ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार जनपद फतेहपुर किशनपुर गुरुबल निवासी लवकुश यादव ट्रक से सरिया भरकर छत्तीसगढ़ से गाजियाबाद जा रहा था। लवकुश ने बताया कि जसोदा के निकट हाईवे पर कार सवार बदमाशों नें ओवर टेक करके ट्रक रोक लिया। बदमाशों ने बताया कि वह लोन कम्पनी से हैं। ट्रक की किस्त जमा नहीं हुई है। लिहाजा वह उसे अपने साथ ले जायेंगे। इसके बाद बदमाश जबरन ट्रक में घुस गये और चालक को नीचे उतार दिया। बदमाशों के जाने के बाद ट्रक चालक ने जसोदा चौकी पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके साथ ही आसपास के थानों को भी एलर्ट कर दिया गया। पुलिस ने बैरियर लगा दिये। अपने को घिरता देख बदमाश कमालगंज मुख्य बाजार में ट्रक खड़ा कर फरार हो गये। चालक ने बताया कि बदमाश लगभग 60 हजार से अधिक की नकदी लूट ले गये। चालक के साथ जसोदा पुलिस कमालगंज पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया। कमालगंज प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि जसोदा पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले किया। घटना जसोदा क्षेत्र की थी।

# तेज रफ्तार एम्बुलेंस पर पलटा ट्रक, चार की मौत, दो घायल

मिर्ज़ापुर, समृद्धि न्यूज।



**मिर्जापुर अहरौरा में बड़ा हादसा**

सोनभद्र जिले के लोढ़ी अस्पताल से शनिवार की सुबह गर्भवती महिला को एंबुलेंस से वाराणसी ले जाते समय रास्ते में अहरौरा वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर ओवर ब्रिज के पास गिट्टी लदा ट्रक एम्बुलेंस पर पलट गया। हादसे में एंबुलेंस में सवार गर्भवती महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए है। सोनभद्र जिले के लोढ़ी अस्पताल से गर्भवती महिला को रेफर किया गया था। गर्भवती महिला के परिवार के तीन सदस्य एंबुलेंस में बैठे थे। एंबुलेंस चालक अपने एक साथी के साथ सभी को लेकर वाराणसी अस्पताल जा रहा था। सोनभद्र के क्रशर प्लांट से गिट्टी लोड कर वाराणसी की ओर तेज रफ्तार से जा रहा ट्रक शनिवार की सुबह ओवर ब्रिज के पास अनियंत्रित होकर एंबुलेंस के ऊपर पलट गया। लोग ट्रक पर लदे गिट्टी के नीचे मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस बचाव तथा राहत कार्य में जुट गई। जेसीबी तथा पोकलेन की मदद से मलबे के नीचे दबे लोगों को निकाला गया। हादसे में एंबुलेंस सवार गर्भवती महिला हीरावती देवी (25) निवासी कनहरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र, मालती देवी (40) निवासी जुगैल सोनभद्र, सूरज बली खरवार (27) निवासी कनहरा थाना ओबरा व रामू की मौत हो गई। कौशल कुमार खरवार उर्फ भाईलाल निवासी कनहरा थाना ओबरा सोनभद्र व भंडारी शर्मा निवासी संतनगर गुरमा थाना राबर्ट्सगंज घायल हैं। जिनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## सौरभ ने आईईडीएस परीक्षा में प्राप्त किया चौथा स्थान



चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित आईईडीएस 2024 की परीक्षा के घोषित परिणाम में सौरभ कुमार सिंह ने आल इंडिया रैंकिंग में चौथा और ओबीसी सूची में प्रथम स्थान स्थान प्राप्त किया है। उन्हें असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर नियुक्ति मिली है। क्षेत्र के सोनउर (जमुहार) गाँव निवासी ओम प्रकाश सिंह एवं कुसुम सिंह के पुत्र सौरभ ने बीटेक उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट कानपुर से उत्तीर्ण किया है। उन्होंने इस उपलब्धि पर कहा कि माता पिता और भाई सुधांश व जय शंकर सिंह का काफी सहयोग रहा।

# महोगढ़ी गौशाला का बीडीओ ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।



खंड विकास अधिकारी (बीडीओ)हलिया विजय शंकर त्रिपाठी ने शुक्रवार शाम छह बजे के करीब विकास खंड के ग्राम पंचायत महोगढ़ी में संचालित गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) ने गौ आश्रय स्थल पर मौजूद निराश्रित गोवंशों को धूप और लू से बचाव हेतु विशेष रूप से ध्यान देने के लिए गौशाला कर्मियों को निर्देशित किया।

खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) ने गौ आश्रय स्थल पर बनाये गए भूसा गोदाम में निराश्रित पशुओं को खिलाने के लिए रखे भूसा, पशु आहार, पानी की व्यवस्था का का निरीक्षण किया गौ आश्रय स्थल पर साफसफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। बीडीओ ने गोवंशों की सुरक्षा में लापरवाही नही बरतने का निर्देश दिया।कहा कि निराश्रित पशुओं कि देखभाल में किसी भी प्रकार कि लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जायेगा संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा।

इस मौके पर मौजूद सचिव आलोक राव को गौशाला की चारागाह भूमि पर नेपियर घास लगवाने के लिए निर्देश दिया।जिससे निराश्रित पशुओं को हरे चारे कि व्यवस्था किया जा सके बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि महोगढ़ी गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया है। गौ आश्रय स्थल पर व्यवस्था संतोषजनक पाई गई है। गोवंशों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## आतंकी हमले में मारे गए सैलानियों को कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज। जम्मू कश्मीर क़े पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल क़े कार्यकर्त्ताओ व क्षेत्रीय लोगो ने कैडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार कि देर शाम क्षेत्र क़े ड्रमण्डगंज बाजार में कैडल मार्च में शामिल लोगो ने आतंक वाद मुर्दाबाद व पाकिस्तान के के खिलाफजमकर नारेबाजी की। कैंडल मार्च के बाद आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला बनाकर फूंका गया भाजपा नेता श्याम बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील है कि वह पाकिस्तान को इस आतंकी हमले का करारा जवाब दे विश्व हिंदी परिषद नेता पिंटू केसरी ने कहा कि आतंकवादियों ने बर्बरता से लोगों की हत्या कर घिनौना काम किया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह ने कहा कि सरकार को आतंकवादियों को करारा जवाब देते हुए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। कैंडल मार्च में श्याम बहादुर सिंह ज्ञानेश्वर दुबे मिथिलेश सिंह सोनू सिंह पिंटू केसरी अंजनी सोनी लव कुश केसरी झालर पटेल संतोष सिंह आदि रहे।

## खबरें एक नजर में

### जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए है कांग्रेस का संविधान बचाओ अभियान : उमंग सिंघार

एजेंसी, इंदौर। मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे संविधान बचाओ अभियान के संबंध में आज कहा कि देश के नागरिकों के अधिकारों पर भारतीय जनता पार्टी सरकार हर दिन हमला कर रही है और जनता को इस अत्याचार से बचाने के लिए कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान शुरू करने जा रही है। सिंघार ने यहां संवाददाताओं को इस अभियान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य संविधान में निहित सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों की रक्षा करना है, जिन पर वर्तमान सत्तारूढ़ सरकार प्रहार कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा केवल कांग्रेस का आंदोलन नहीं है। यह देश के हर उस नागरिक का आंदोलन है, जो संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का सम्मान करता है। उन्होंने कहा यह आंदोलन मात्र वोट बैंक की राजनीति नहीं, बल्कि आम जनता की वास्तविक आवाज है। कांग्रेस द्वारा निर्धारित तीन प्रमुख बिंदु कृ सामाजिक न्याय, राजनीतिक न्याय और आर्थिक न्याय कृ केवल घोषणाएँ नहीं, बल्कि आम जनता की वास्तविक जरूरतें हैं। उन्होंने बताया कि ये अभियान 25 अप्रैल से 30 मई तक चार चरणों में संचालित होगा। 25 से 30 अप्रैल तक सभी राज्यों में जिला स्तर पर और पांच से 10 मई तक सभी जिलों में ब्लॉक स्तर पर जनसभाएँ होंगी। इसके बाद विधानसभाओं में आम जनता के साथ संवाद और सभाएँ एवं घर-घर जाकर प्रचार और संविधान बचाओ का संदेश प्रसारित किया जाएगा। सिंघार ने कहा कि अभियान की प्रमुख मांगें जातीय जनगणना कराना, एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के लिए निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू कराना, आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से अधिक बढ़ाना और आर्थिक न्याय सुनिश्चित करना है।

### टिकट खरीदने का आरोप लगाकर घिरे प्रशांत किशोर मंत्री अशोक चौधरी करेंगे मानहानि का मुकदमा

पटना। राजनीतिक दल जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर इन दिनों जन सुराज उद्घोष यात्रा के तहत बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस बीच, बिहार के मंत्री अशोक चौधरी के बारे में दिए गए बयान पर वह घिरते नजर आ रहे हैं। प्रशांत किशोर ने मंत्री अशोक चौधरी पर टिकट खरीदकर बेटी को सांसद बनाने का आरोप लगाया था। इस बयान को लेकर मंत्री अशोक चौधरी ने प्रशांत किशोर पर मानहानि का मामला दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है। जदयू नेता अशोक चौधरी ने शनिवार को कहा कि जन सुराज के प्रशांत किशोर ने जो कहा है, उसके लिए उनके खिलाफमानहानि का केस करेंगे और लड़ेंगे। उन्होंने कहा, हम दलित परिवार से आते हैं, हम तलवार लेकर तो लड़ नहीं सकते। हमारे पास जो भी सामान्य नागरिकों के संसाधन हैं, हम उन्हीं का प्रयोग करेंगे और हमें लगता है कि हमें न्याय मिलेगा। दरअसल, प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को जमुई में मंत्री अशोक चौधरी पर जमकर निशाना साधा था। जन सुराज के संस्थापक ने कहा था कि उनका (अशोक चौधरी का) राजनीतिक चरित्र क्या है, यह सबको पता है। उन्होंने अपनी बेटी को टिकट खरीदकर सांसद बनवाया। बिहार के किसी नेता या पार्टी में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह हम पर एक रुपया भी लेने का आरोप लगा सके। उन्होंने कहा था, मैं न तो विधायक हूं, न सांसद, न ही बालू माफिया या शराब माफिया के लिए काम करता हूं। मैंने जो भी धन अर्जित किया है, वह अपनी बुद्धि और मेहनत से किया है। मैं जो भी संसाधन खर्च कर रहा हूं, वह बिहार के गरीब लोगों के लिए खर्च कर रहा हूं, ताकि पैसे के अभाव में उन्हें राजनीति से दूर न रहना पड़े। उल्लेखनीय है कि इससे पहले अशोक चौधरी ने जन सुराज को मिल रहे चंदे पर भी सवाल उठाया था। अशोक चौधरी की पुत्री शांभवी चौधरी लोजपा (रामविलास) की सांसद हैं।

### भाजपा ने प्रदूषण के नाम पर दिल्ली की जनता को गुमराह करने का किया षड्यंत्र : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार पर प्रदूषण के मामले में जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने चुनाव पूर्व दिल्ली में प्रदूषण खत्म करने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद वे वादे पूरी तरह से झूठे साबित हुए हैं। उन्होंने कहा, भाजपा ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने के लिए जानबूझकर हरित क्षेत्रों में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन लगाए हैं। जंगलों और हरे-भरे इलाकों में प्रदूषण का स्तर स्वाभाविक रूप से काफी कम होता है, और भाजपा इस तथ्य का इस्तेमाल कर जनता के सामने प्रदूषण के स्तर को कृत्रिम रूप से कम दिखा रही है। आप नेता ने इसे दिल्ली की जनता के खिलाफ एक आपराधिक षड्यंत्र करार दिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली में पहले से ही 40 एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन हैं, जो आबादी और औद्योगिक क्षेत्रों के अनुपात में लगाए गए थे। लेकिन भाजपा सरकार ने जिन छह नई जगहों पर मॉनिटरिंग स्टेशन लगाने का निर्णय लिया है, वे सभी हरित क्षेत्र हैं – जैसे सेंट्रल रिज, जेएनयू परिसर, इग्नू के पीछे का मैदानगढ़ी जंगल, अक्षरधाम के पास यमुना किनारे कॉमनवेल्थ गेम्स कॉम्प्लेक्स और एनएसटीयू कैंपस। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि शुक्रवार को वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में एक्यूआई 373 दर्ज किया गया था, रोहिणी के रिहायशी इलाके में 334, जबकि मंदिर मार्ग के हरित क्षेत्र में एक्यूआई 156 रहा। भाजपा सरकार का इरादा हरित इलाकों में मॉनिटरिंग स्टेशन लगाकर प्रदूषण के वास्तविक स्तर को छिपाने का है।

# थाना दिवस : छह मामले प्राप्त, नहीं हुआ निस्तारण

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।



स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल छह मामले राजस्व से संबंधित पड़े मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका है।

तहसीलदार ने मामलो के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया है पूर्व के दो मामलों का निस्तारण कराया गया है। तहसीलदार ने कहा की थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलो को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करे और मामले के निस्तारण की आख्या ससमय उपलब्ध कराये। मामलो के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले राजस्व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक अशोक दूबे, शिव कुमार चौबे, उपनिरीक्षक श्याम लाल, महेंद्र प्रताप यादव लेखपाल मौजूद रहे।

## धर्मशाला में खेले जाने वाले आईपीएल मैचों के टिकटों की ऑफ लाइन बिक्री आज से

एजेंसी, धर्मशाला। चंडीगढ़ के नए पीसीए स्टेडियम में अपने पहले चार घरेलू मैच खेलने के बाद पंजाब किंग्स अब अपने दूसरे घरेलू मैदान एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में चार मई से 11 मई के बीच तीन मैच खेलेगा। धर्मशाला में चार और आठ मई को धर्मशाला में खेले जाने वाले पहले दो मैचों के ऑफलाइन टिकट 27 अप्रैल यानि कल रविवार से धर्मशाला में मिलना शुरू हो जाएंगे। चार मई को पहले मैच के लिए पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेले जाने वाले मैच के लिए 27 और 28 अप्रैल को टिकट काउंटर लगेंगे।

# जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।




फरेंदा, महराजगंज। पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों के आत्मा की शांति को लेकर फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकालकर मारें गये निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। उसके पश्चात अम्बेडकर तिराहे पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि आज पूरा देश मर्माहत है। इसी क्रम में कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष विजय सिंह ने सभी के प्रति साधुवाद व्यक्त किया और दो मिनट मौन रहकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश लाल श्रीवास्तव, त्रिभुवन नारायण मिश्र, झिनकू चौधरी, डॉ. रामनारायन चौरसिया,रामनिवास चौबे, हृदय पाण्डेय,राजन शुक्ल, चुन्नू दूबे, हनुमान प्रसाद, अशोक चौरसिया, नूर आलम,आयुष सिंह, विनोद सिंह, कपिलदेव शुक्ल, कलीम इद्रशी, पूर्णमासी, संदेश जयसवाल व राजदेव यादव सहित भारी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संविधान बचाओ रैली 28 को, रैली को लेकर बैठक सम्पन्न

समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।



**फरेंदा, महराजगंज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय द्वारा राष्ट्रीय. नेव्रत्व के निर्देश पर पूरे प्रदेश में संविधान बचाओ रैली आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रथम संविधान बचाओं रैली 28अप्रैल दिन सोमवार को वस्ती कचहरी के निकट अटल प्रेक्षागृह के मैदान में 11 बजे दिन में आयोजित किया गया है। इस रैली में राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया सोनेत, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायन पटेल भाग लेंगे।

कार्यक्रम की तैयारी को लेकर फरेन्दा विधायक वीरेन्द्र चौधरी के कार्यालय पर बैठक की गई, जिसमें जिले से अधिकांश साथियों को वस्ती ले जाने हेतु चर्चा की गई।

इस दौरान फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि आज देश को कमजोर कर केवल चुनाव जीतने की जुगत में भाजपा के कार्य से दुनिया में देश की मजबूती पर सवालिया निशान खड़ा हो रहे है। संविधान को खत्म करने की दिशा में भाजपा नफरत फैला रही है कांग्रेस ही आज मुकावले में खड़ी है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि भाजपा के फांसीवाद नतीजे का केवल कांग्रेस ही विरोध कर सकती है और आज की वैठक के माध्यम से वृस्ती में हजारों की तादात में पहुंच कर संविधान बचाने एवं लोकशाही की स्थापना हेतु सभी साथी संकल्प लेगे। कार्यक्रम के क्रम संचालक पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश लाल श्रीवास्तव के सभी के प्रति आभार व्यक्त किया बैठक में मुख्य रूप से विनोद सिंह, नूर आलम् राजन शुक्ल, दिनेश पूर्व अध्यक्ष झिनकू चौपारी, चन्दन विवारी, विनय तिवारी, चुन्नू दूबे , हनुमान प्रसाद, दिव्यांश चौधरी, आलोक, बुद्धिराम, दुर्गा पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फिल्म ग्राउंड जीरो की पहले दिन की कमाई सिर्फ एक करोड़

एजेंसी, मुंबई। इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो पिछले कुछ दिनों से चर्चा में है। आखिरकार इमरान हाशमी की बहुचर्चित फिल्म 25 अप्रैल को रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म को लेकर प्रशंसकों और आलोचकों की मिश्रित प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कई लोगों ने फिल्म ग्राउंड जीरो के बारे में सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, वहीं कुछ को फिल्म की कहानी पसंद नहीं आई। इसलिए इसका असर बॉक्स ऑफिस पर देखने को मिल रहा। बॉक्स आफिस पर इमरान हाशमी की फिल्म की कमाई की शुरुआत काफी धीमी दिखी। फिल्म ग्राउंड ज़ीरो एक सच्ची घटना पर आधारित है। यह फिल्म 2001 में कश्मीर में हुई घटना पर आधारित है। इस फिल्म इमरान बीएसएफ अधिकारी नरेंद्र नाथ दुबे की भूमिका निभा रहे हैं। सैकनीलक के अनुसार फिल्म ग्राउंड जीरो ने पहले दिन सिर्फ एक करोड़ रुपये की कमाई हुई है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ग्राउंड जीरो की टक्कर सनी देओल की जाट और अक्षय कुमार की केसरी चैप्टर-2 से हुई है। अक्षय की फिल्म ने आठवें दिन बॉक्स ऑफिस पर 4.25 करोड़ रुपये की कमाई की है। सनी देओल की जाट ने 16वें दिन 0.90 लाख का कलेक्शन किया है। इस बीच, फिल्म ग्राउंड जीरो में पिछले 50 सालों में बीएसएफ के सबसे बड़े मिशन को दिखाया गया है। इसमें कमांडर नरेन्द्र नाथ दुबे के किरदार में इमरान हाशमी इस मिशन का नेतृत्व करते नजर आ रहे हैं। यह पहली बार है, जब इमरान किसी आर्मी ऑफिसर की भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म ग्राउंड जीरो का निर्देशन तेजस देओस्कर ने किया है। इस फिल्म में इमरान और सई के अलावा जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, दीपक परमेश, ललित प्रभाकर, रॉकी रैना और राहुल वोहरा जैसे कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# हर घर नल जल योजना के पानी को बर्बाद न करें : वीरेंद्र सिंह

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।



स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वकांक्षी योजना हर घर जल योजना के तहत टोटी के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के पानी को ग्रामीणों द्वारा अनावश्यक रूप से बर्बाद ना करने कि अपील किया है।

हर घर नल जल योजना कि टोंटी को हमेशा बंद रखे जिससे अनावश्यक रूप से पानी बर्बाद ना हो सके। हर घर नल जल योजना के तहत टोंटी के माध्यम से पेयजल को अनावश्यक रूप से बर्बाद करता हुआ पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने हल्का प्रभारियों को निर्देश दिया है कि अपने अपने क्षेत्र में हर घर नल जल योजना के तहत लगाई गई टोंटी को खोलकर अनावश्यक रूप से पानी को बर्बाद करने वाले लोगो को चिन्हित करने का निर्देश दिया है। जिससे अनावश्यक रूप से बर्बाद हो रहे पानी को बचाया जा सके बना करने के बाद भी टोंटी से पानी को अनावश्यक रूप से बर्बाद करने वाले लोगो को चिन्हित कर कार्रवाई किया जायेगा। ऐसे में लोगो से अपील किया है कि अनावश्यक रूप से पानी को बर्बाद ना करे पानी को बचाये हर घर नल जल योजना कि कार्यदाई संस्था एनसीसी द्वारा थाने पर सूचना देकर हर घर नल जल योजना के पानी को टोंटी खोलकर अनावश्यक रूप से ग्रामीणों द्वारा बर्बाद किया जा रहा है। जिस पर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने अपने क्षेत्र के हल्का प्रभारियों को पानी को अनावश्यक बर्बाद करने पर लोगो को जागरूक करने का निर्देश दिया है। अगर जागरूक करने के बाद भी पानी को अनावश्यक रूप से बर्बाद करने वाले लोगो को चिन्हित कर कार्रवाई किया जायेगा ग्रामीणों से अपील किया है। पानी को बचाये अनावश्यक रूप से बर्बाद ना करे।

# पंजीकृत श्रमिकों को मिलेगा मातृत्व, शिशु व बालिका योजना का लाभ

अमेठी, समृद्धि न्यूज।

जनपद के सहायक श्रमायुक्त गोविन्द यादव ने बताया कि उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा विभिन्न कार्यो में लगे निर्माण श्रमिकों के हितार्थ कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसके अन्तर्गत ऐसे सभी निर्माण श्रमिक जिनकी पिछले 12 माहों में 90 दिवस का निर्माण कार्य,मनरेगा कार्य किया हो पंजीयन के पात्र होंगे।

उन्होंने बताया कि पंजीयन हेतु सम्बन्धित श्रमिक फोटो, आधार, बैंक पासबुक, स्वयं का घोषणा पत्र व परिवार विवरण लेकर निकटतम जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से अथवा बोर्ड की वेबसाइट पर 3 वर्ष हेतु निर्धारित शुल्क रू 80 जिसमें 20 रू पंजीयन शुल्क, 60 रू अंशदान जमा कर अपना पंजीकरण करा सकते है। उन्होंने बताया वर्तमान में संचालित मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत पंजीकृत पुरूष श्रमिक को रू 6000 एवं महिला श्रमिक को 3 की न्यूनतम मजदूरी के समतुल्य धनराशि दी जाती है, जिसमें पुत्री के जन्म पर रू पच्चीस हजार एवं पुत्र के जन्म पर रू बीस हजार तथा पहली व दूसरी कन्या संतान बालिका होने पर रू पच्चीस हजार एवं दिव्यांग कन्या हेतु 18 वर्ष हेतु रू पचास हजार की सावधि जमा शर्तो के अधीन प्रदान की जाती है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत श्रमिक द्वारा आवेदन पंजीकरण के उपरान्त ऑनलाइन पोर्टल पर किया जायेगा।

## रास्ते के विवाद में मारपीट

**अमेठी, समृद्धि न्यूज।** जनपद के थाना क्षेत्र संग्रामपुर अंतर्गत कुंडवा महमदपुर मजरे डेहरा में आने जाने के रास्ते को लेकर विवाद में दो पक्ष आमने-सामने हो गए। कुंडवा महमदपुर निवासी बिताना देवी व उत्कर्ष तिवारी के बीच आने-जाने के रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चल आ रहा है, शुक्रवार को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई है, जिसका की प्रत्यक्ष दर्शियों ने वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। थानाध्यक्ष संग्रामपुर संदीप राय ने बताया है की दोनों पक्षो से तहरीर मिली है मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# विगत तीन वर्षो में कृत्रिम अंग न पाने वाले पात्रों को मिलेगा मौका

अमेठी, समृद्धि न्यूज।

जनपद के दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उप्र द्वारा संचालित कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 25-26 में ऐसे दिव्यांगजन को ही कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण प्रदान किये जायेंगे, जिन्हें विभाग द्वारा विगत तीन वर्ष में कोई भी सहायक उपकरण नहीं दिया गया है।

इस क्रम में उन्होंने बताया कि उपरोक्त योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांगजनों द्वारा सहायक उपकरण यथा-ट्राईसाइकिल, बैसाखी, कान की मशीन, व्हील चेयर, स्मार्ट केन, छड़ी, मानसिक मंदित किट आदि के लिए ऐसे आवेदन ही स्वीकार्य किये जायेंगे, जो विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किये गये हो तथा पात्रता की शर्तो को पूर्ण करने वाले ही आवेदन मान्य होंगे जिनमें मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र में 40 प्रतिशत या उससे अधिक हो, आवेदक की वार्षिक आय सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद, नगर, जिला पंचायत अध्यक्ष, तहसीलदार, ग्राम प्रधान द्वारा निर्गत ग्रामीण क्षेत्र हेतु 46080 तथा शहरी क्षेत्र हेतु 56460 से अधिक न हो, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के आवेदक को जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि आवेदक को आधार कार्ड की छायाप्रति, पासपोर्ट साइज 1 नवीन फोटो जिसमें दिव्यांगता दर्शित हो, मोबाइल नम्बर सहित दिव्यांगजन को सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु चिकित्साधिकारी द्वारा संस्तुति किया जाना अनिवार्य होगा।

# उत्तराखंड में अवैध मदरसों के खिलाफ कार्रवाई जारी, अब तक 180 मदरसे सील

**भगवानपुर क्षेत्र में अवैध मदरसों पर कार्रवाई, आज तीन मदरसे सील**

देहरादून, समृद्धि न्यूज।

उत्तराखंड की धामी सरकार का प्रदेशभर में अवैध रूप से संचालित मदरसों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शनिवार को रुड़की के भगवानपुर थाना क्षेत्र में प्रशासन ने तीन अवैध मदरसों को सील कर दिया।

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार अवैध मदरसों के खिलाफ राज्यभर में सघन अभियान चलाया जा रहा है। भगवानपुर क्षेत्र में पहले भी कई अवैध मदरसों को सील किया जा चुका है। आज की कार्रवाई के साथ प्रदेश में अब तक कुल 180 अवैध मदरसों को सील किया जा चुका है। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून के दायरे से बाहर कोई भी संस्था संचालित नहीं होने दी जाएगी और इस प्रकार की कार्रवाइयां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

एसडीएम भगवानपुर जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने हल्लू माजरा, मक्खनपुर और मोहितपुर गांवों में स्थित अवैध मदरसों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील किया। जांच में सामने आया कि ये मदरसे न तो मानकों पर खरे उतर रहे थे और न ही इनका पंजीकरण कराया गया था। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा।

# राहजनी कर भाग रहे बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

अमेठी, समृद्धि न्यूज।



शुक्रवार को जनपद के थानाक्षेत्र जामो के अंतर्गत एक महिला का पर्स व मोबाइल फोन छीनकर भाग रहे मोटरसाइकिल सवार 2 युवक रिजवान पुत्र इब्राहिम निवासी बाबा का पुरवा मजरे मवई थाना जामो एवं मो. सिराज उर्फ बाबू पुत्र मुस्ताक निवासी पूरे तिवारी मजरे मवई थाना जामो जनपद अमेठी को सरेसर बैंक के पास चेकिंग कर रहे पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल से गिर पड़े।

जिन्हे पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया। मौके पर अभियुक्तों का पीछा कर रहे ओम प्रकाश पुत्र शिवकुमार निवासी पूरे मरदान खां मजरे अहूरी थाना मोहनगंज भी आ गये।

तलाशी से अभियुक्तों के कब्जे से एक ओप्पो मोबाइल फोन,लेडीज पर्स में 1000 रुपये व आधार कार्ड बरामद हुआ। ओमप्रकाश द्वारा थाना जामो पर सूचना दी गई कि शुक्रवार की शाम को मेरी पत्नी अपने बच्चों के साथ फोन पर बात करते हुये नहर पटरी रोड के रास्ते से पैदल मोहनगंज जा रही थी। उसी दौरान गढ़ीलालशाह के सामने उक्त लोग मेरी पत्नी के हाथ से ओपो मोबाइल फोन व लेडीज पर्स छीनकर शंकरगंज की तरफ भाग गये थे। जिस संबन्ध में थाना जामो पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत करते हुये अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जामो पुलिस द्वारा नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।